


दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किए आसान -12



सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला -12



सिनेमा में असाधारण योगदान के लिए अमोल पालेकर को मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड -13



टी-20 विश्वकप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई -14


आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
21.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.31
सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी 04:19 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 11 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 33, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान बोला- नहीं रोकेंगे युद्ध, ट्रंप की धमकी होर्मुज स्ट्रेट बंद किया तो करेंगे बड़े हमले

## इजराइल और खाड़ी देशों पर ईरान ने बरसायीं मिसाइलें, कहा-होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरने देंगे टैंकर

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह देश का एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा, साथ ही कहा, जो भी देश इजराइल-अमेरिका के राजदूतों बाहर निकालेगा उनके जहाजों को वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देगा। ईरान ने कहा कि वह युद्धविराम नहीं चाहता, बल्कि हमलावरों को कड़ा जवाब देगा। ईरान के इस आक्रामक रुख का जवाब देते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान तेल के प्रवाह को रोकने के लिए यदि कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका पहले से 20 गुना तेज हमले करेगा।

अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाएगा जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ईरान के लिए दोबारा देश को खड़ा करना लगभग असंभव हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ऐसी स्थिति में मौत और तबाही देखने को मिलेगी, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी नौबत न आए।

ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया जिसमें 29 वर्षीय एक महिला मारी गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन को नष्ट कर दिया, जबकि कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बाद में सुबह के समय, यरूशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इस बीच, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा हम अभी संघर्षविराम के पक्ष में नहीं हैं।



तेहरान में तेल के कुएं में विस्फोट के बाद धधकती आग।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बात की ईरान और यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा हुई



**मॉस्को।** राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों के कारण वैश्विक ऊर्जा व्यवधान उत्पन्न हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत। चर्चा ईरान संघर्ष और यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से मॉस्को, वाशिंगटन और कीव के बीच चल रही त्रिपक्षीय वार्ता पर केंद्रित थी। राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान में जारी संघर्ष को लेकर भी अपने विचार साझा किए और ट्रंप को खाड़ी देशों के नेताओं और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ पिछले सप्ताह हुई अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति द्वारा ऊर्जा अधिकारियों की एक शीर्ष बैठक बुलाने और यह घोषणा करने के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने पुतिन को फोन किया कि मॉस्को अपने मित्र देशों (भारत और चीन) के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है और यदि यूरोपीय संघ प्रतिबंध हटाने को तैयार है तो रूस दीर्घकालिक आधार पर आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक तेल और गैस प्रवाह में गंभीर रूप से बाधा उत्पन्न होने का खतरा है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद होने से।

### ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने ट्रंप को दी धमकी- कहीं आपका सफाया न हो जाए

**दुबई।** ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दी है। लारिजानी ने लिखा, ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए। अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। बता दें कि ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर बीस गुना अधिक भीषण हमला करेंगे।

**बिरला के खिलाफ 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, रीजीजू बोले- उन्होंने पक्षपात नहीं किया**

# विपक्ष ने बिरला को हटाने के लिए लोकसभा में संकल्प किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए एक संकल्प मंगलवार को सदन में पेश किया। जिसके समर्थन में 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इस संकल्प को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। संकल्प पेश किए जाने से पहले एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ओम बिरला ने जगदंबिका पाल की नियुक्ति की है, ऐसे में पाल पीठासीन सभापति की भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकते।

कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने ओवैसी की बात का वस्तुतः समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है। पाल ने कहा कि अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं है और ऐसे में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जाना चाहिए। कहा कि अध्यक्ष बिरला ने कभी किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। कहा, विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं, हम मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं।



### रीजीजू का राहुल पर तंज, प्रियंका नेता प्रतिपक्ष होती तो अच्छा होता

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया और तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो परफॉरमेंस शायद थोड़ा अच्छा होता।

### एसआईआर के मुद्दे पर रास में विपक्ष का हंगामा नड्डा ने कहा- विपक्ष का आचरण निंदनीय

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूचियों के एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए, जिसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है और उसका यह आचरण निंदनीय है। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद जब शून्यकाल शुरू करने के लिए कहा, तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। आसन की अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग सदस्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल सदन के नेता ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा हुई थी। लेकिन एसआईआर पर चर्चा की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं ताकि कंपनी को मजबूत किया जा सके।

### दिल्ली में हर 2 घंटे में छीना जाता है एक मोबाइल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनवरी, 2024 से इस साल 15 फरवरी के बीच 9,460 मोबाइल फोन छीने गए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को यह आंकड़ा प्रस्तुत किया। आंकड़ों से पता चलता है कि 776 दिनों में हर दो घंटे में एक फोन छीने जाने की सूचना मिली। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, जैसा कि दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट किया गया है, जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2026 की अवधि के दौरान, फोन छीनने के कुल मामले और दर्ज की गई प्राथमिकी क्रमशः 9,460 और 9,436 हैं।

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया सरकार फैसला करे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



**पीठ की टिप्पणी**

आप कुछ तैयारी करें तथा कुछ और संदर्भ एवं वैकल्पिक उपाय के साथ आएं। यदि कुछ असंतुष्ट मुस्लिम महिलाएं सामने आती हैं, जो 1937 के अधिनियम से बाहर निकलना चाहती हैं, तो न्यायिक हस्तक्षेप उचित होगा।

- **शरिया कानून के प्रावधानों को रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी**
- **कहा- कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की आशंका**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को एक बहुत अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा? न्यायमूर्ति बागची ने कहा, भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है? सीजेआई ने कहा, इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता। न्यायमूर्ति बागची ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। इस अदालत ने बार-बार विधायिका से यह सिफारिश की है कि वह समान नागरिक संहिता लागू करे।

# एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी को प्राथमिकता

- **निर्बाध आपूर्ति के लिए सरकार ने गैस आवंटन में किया बदलाव**

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है। इसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को मिलने वाली गैस प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। होर्मुज से टैंकर की आवाजाही रुकने से पश्चिम एशिया से आने वाली छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। बची हुई एलएनजी को नए सिरे से प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया गया है ताकि मांग का 100%, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की 80% और उर्वरक इकाइयों की 70 प्रतिशत जरूरत पूरी की जा सके।

## प्रधानमंत्री ने उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने के लिए मंत्रियों को समन्वय का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की और यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने को कहा कि उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमत पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर न झेलना पड़े। सूत्रों ने बताया कि मोदी सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों का सीधा असर न भुगतना पड़े, क्योंकि भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयातक है।

# केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की बढ़ाई अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

**मंत्रिमंडल के अहम फैसले**



- **चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियमों को सरल बनाया**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बैठक के दौरान छह बड़े फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फैसलों में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का फैसला लिया गया। साथ ही चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियम सरल किए हैं।

इसके अतिरिक्त मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना, पश्चिम बंगाल में संतरागाछी से खड़गपुर तक चौथी रेलवे लाइन बनाना, सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन, मध्य प्रदेश में बदनावर-थांदला-टिमरवानी हाईवे को चार लेन का बनाना और जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद की तरफ से जोड़ना शामिल है। वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इस परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के सभी घरों में नल के माध्यम से साफ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

(संबंधित समाचार कारोबार पेज पर)

### जेवर एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर की हाई स्पीड कनेक्टिविटी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में जल्द शुरू होने वाले जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सड़क संपर्क विकसित करने को 3,630.77 करोड़ रुपये की कुल संशोधित पूंजीगत लागत को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 31.42 किलोमीटर लंबी यह प्रस्तावित परियोजना और इसका गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से हवाई अड्डे तक सीधा और तीव्रगामी संपर्क प्रदान करेगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आर्थिक विकास और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

# कोविड टीकाकरण दुष्प्रभाव के लिए मुआवजा नीति बनाए केंद्र

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा- साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। कहा, इसी तरह दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

**निर्णय** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 को मंत्रिपरिषद की मंजूरी, 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य

# प्रदेश के अब हर गांव तक पहुंचेगी परिवहन निगम से जुड़ी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- **सरकारी कर्मचारियों आचरण नियमावली में सख्ती, राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू, ओला-उबर एग्रीगेटर को 5 लाख रुपये देकर कराना होगा पंजीकरण**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि परिषद की बैठक में आमजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रि परिषद में रखे गए 31 प्रस्तावों में से परिवहन विभाग का मोटरयान कराधान अधिनियम-1997 में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को छोड़कर बाकी 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 से हर गांव तक बस पहुंचाने का बड़ा फैसला हुआ। इसके अलावा ओला-उबर एग्रीगेटर के अनिवार्य पंजीकरण, जमीन की रजिस्ट्री से पहले खतौनी जांच, सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली में सख्ती और राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू करने जैसे बड़े निर्णय लिए। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12,200 गांवों तक बस सेवा नहीं पहुंचती, लेकिन नई योजना के लागू होने के बाद उप्र की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत चलने वाली बसों को परमिट और टैक्स से पूरी तरह मुक्त रखा जाएगा, जिससे निजी ऑपरेटरों को बस संचालन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन बसों के संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ और एआरएम सदस्य होंगे। यही समिति रूट और किराया निर्धारण के साथ संचालन व्यवस्था तय करेगी। दया शंकर ने कहा कि ग्राम स्तर की सड़कों को देखते हुए इन बसों का आकार छोटा रखा जाएगा।

बसों की अधिकतम लंबाई सात मीटर और सीट क्षमता 28 होगी। बसें सुबह गांवों से चलकर ब्लॉक और तहसील होते हुए सुबह 10 बजे तक जिला मुख्यालय पहुंचेंगी। इसके बाद दिन में अन्य मार्गों पर चलेंगी और शाम तक फिर गांव लौट आएंगी।

### खतौनी जांच के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

स्टाम्प एवं पंजीकरण राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अब खतौनी और स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच के बिना जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी। दानपत्र विलेख में संपत्ति का मूल्यांकन बाजार मूल्य के बजाय सर्किल रेट के आधार पर होगा और उसी के अनुसार एक प्रतिशत पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

### यूपी में अब ओला-उबर का भी होगा पंजीकरण

परिवहन विभाग के एक अन्य फैसले में अब प्रदेश में ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर टैक्सी सेवाओं को अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। बिना पंजीकरण, फिटनेस, मेडिकल परीक्षण और पुलिस सत्यापन के कोई भी वाहन संचालित नहीं हो सकेगा। एग्रीगेटर कंपनियों को लाइसेंस के लिए पांच लाख रुपये शुल्क देना होगा।

# पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 की नई नीति मंजूर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत किफायती आवास (एएचपी) और किफायती किराया आवास (एआरएच) घटकों के क्रियान्वयन के लिए नई नीति को मंजूरी दे दी गई। इस नीति के तहत मध्यम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को शहरों में किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए प्रत्येक लाभार्थी को केंद्र सरकार की ओर से 1.50 लाख रुपये और राज्य सरकार की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं परियोजनाओं में शामिल डेवलपर्स को भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क, मानचित्र स्वीकृति शुल्क और वाह्य विकास शुल्क में छूट दी जाएगी, जबकि लाभार्थियों को स्टाम्प शुल्क में राहत मिलेगी।

किफायती किराया आवास (एआरएच) मॉडल-2 के तहत शहरी गरीबों, कामकाजी महिलाओं, औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों तथा ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग के परिवारों के लिए निजी व सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा किराये के आवास विकसित किए जाएंगे। जिनका संचालन भी वही संस्थाएं करेंगी।

### मंत्रिपरिषद से पास अन्य प्रमुख प्रस्ताव

- निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत बड़े निवेश प्रस्तावों को अनुमोदन
- उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली-1975 में संशोधन
- टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग नीति-2022 में संशोधन
- बुंदेलखंड पैकेज के तहत डेयरी परियोजनाओं का विस्तार
- उच्च शिक्षा के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा
- खनिजों की ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म प्रदाता नामित
- यूपी क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े शुल्क निर्धारण संशोधन
- यूपी पावर कॉरपोरेशन को ऋण सुविधा की स्वीकृति
- पीएसी के लिए 46 नए वाहनों की खरीद
- लखवार और रेणुका बांध परियोजनाओं में यूपी के अंशदान को मंजूरी
- भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम में संशोधन
- अयोध्या में सतर्कता अधिष्ठान कार्यालय के लिए भूमि हस्तांतरण
- जल जीवन मिशन योजनाओं के लिए अतिरिक्त राज्यांश की स्वीकृति

### कांशीराम आवासों से हटेगा अवैध कब्जा

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिसूचित न होने के बावजूद कैबिनेट में कांशीराम आवास योजना पर भी चर्चा हुई। योजना के तहत बने आवासों पर अनधिकृत कब्जे हटाकर उन्हें मरम्मत के बाद पात्र दलित परिवारों को पुनः आवंटित करने का निर्णय भी लिया है। सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है।



यूपी कैबिनेट बैठक के निर्णयों की जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

### पहले चरण में 425 करोड़ रुपये मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के आठ शहरों के विकास के लिए 425 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस योजना का उद्देश्य तेजी से बढ़ रही शहरी आबादी को ध्यान में रखते हुए नए शहरों का सुनियोजित विकास करना तथा आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निर्णय के अनुसार बरेली, वाराणसी, उरई, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, गाजीपुर और मऊ में नए शहरों के समग्र विकास के लिए धनराशि जारी की जाएगी।

### कर्मचारियों के निवेश व संपत्ति नियम सख्त

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश मंत्रि परिषद की बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली-1956 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। अब यदि कोई कर्मचारी छह माह के मूल वेतन से अधिक निवेश करता है तो इसकी सूचना विभाग को देनी होगी। दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की चल संपत्ति खरीदने या बेचने पर भी सूचना देना अनिवार्य होगा। साथ ही कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### उप्र. उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी

**अमृत वितार, लखनऊ :** यूपी कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली, 1975 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (अठारहवां संशोधन) नियमावली, 2026 लागू की जाएगी। इसके तहत भर्ती, कोटा और चयन प्रक्रिया से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। संशोधन के अनुसार भर्ती के स्रोत से जुड़े नियम-5, कोटा से संबंधित नियम-6, चयन प्रक्रिया से जुड़े नियम-18, पदोन्नति से संबंधित नियम-20, नियुक्ति से जुड़े नियम-22 और परिशिष्ट-1 में बदलाव किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से पदोन्नति का कोटा 65 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। यह पदोन्नति श्रेष्ठता और वरिष्ठता के आधार पर तथा उपयुक्तता परीक्षा पास करने वाले अधिकारियों को दी जाएगी।

### अयोध्या में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में अयोध्या में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनाया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अयोध्या के चक नंबर-4, मोहल्ला वशिष्ठ कुंड, परगना हवेली अवध, तहसील सदर में स्थित नजूल भूमि के सात गाटा नंबर (1026, 1027, 1029, 1030, 1031, 1033 मि. और 1035) कुल लगभग 2500 वर्गमीटर क्षेत्रफल को अयोध्या म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा नगर आयुक्त के अनुरोध पर यह प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था।

### मेरठ में बनेगा समेकित विनिर्माण व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश मंत्रिमंडल बैठक में अटल औद्योगिक आधारभूत संरचना मिशन के तहत जनपद मेरठ में समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के लिए आधारभूत विकास कार्यों को मंजूरी दे दी गई है। इन कार्यों पर लगभग 213 .81 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) द्वारा विकसित एक्सप्रेसवे (आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे) के किनारे 29 स्थानों पर औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना के तहत समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं।

# विकास प्राधिकरणों के डिफॉल्टरों के लिए एकमुश्त समाधान योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**राहत**

- 18,982 डिफॉल्टर मामलों में 11,848.21 करोड़ रुपये का बकाया

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में विकास प्राधिकरणों, आवास एवं विकास परिषद तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की संपत्तियों के डिफॉल्टरों को राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। योजना का उद्देश्य लंबे समय से लंबित बकाया राशि की वसूली करना और डिफॉल्टर आवंटियों को बकाया चुकाने का अवसर देना है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि विभिन्न विकास प्राधिकरणों और संबंधित संस्थाओं में संपत्तियों से जुड़े 18,982 डिफॉल्टर मामलों में करीब 11,848.21 करोड़ रुपये बकाया हैं। इसके अलावा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े 545 मामलों में लगभग 1,482.10 करोड़ रुपये की राशि लंबित है। इन बकाया रकम की वसूली के लिए ओटीएस योजना लाई गई है। योजना के तहत आवासीय, व्यावसायिक और अन्य आवंटित संपत्तियों के साथ नीलामी या आवंटन पद्धति से दी गई संपत्तियों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा सरकारी संस्थानों, स्कूलों, चैरिटेबल संस्थाओं और अन्य संगठनों को आवंटित संपत्तियां तथा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े डिफॉल्टर मामले भी योजना के दायरे में आएंगे।

ओटीएस योजना के तहत डिफॉल्टर आवंटियों से केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जबकि दंड ब्याज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। योजना के लिए आवेदन की अवधि तीन माह होगी और प्राप्त आवेदनों का निस्तारण भी तीन माह के भीतर किया जाएगा। भुगतान की व्यवस्था के अनुसार 50 लाख रुपये तक की देय राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और शेष दो-तिहाई तीन मासिक किस्तों में जमा करनी होगी। वहीं 50 लाख रुपये से अधिक की राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और बाकी दो-तिहाई तीन द्विमासिक किस्तों में छह माह के भीतर जमा करना होगा।

सरकार का मानना है कि इस योजना से डिफॉल्टरों को राहत मिलेगी और विकास प्राधिकरणों व आवासीय संस्थाओं की बड़ी राशि की वसूली संभव हो सकेगी।

## राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 को मंजूरी

- शिकायत निस्तारण और निगरानी तंत्र होगा और प्रभावी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद (प्रथम संशोधन) नियमावली-2026" को मंजूरी दे दी गई।

नई नियमावली लागू होने के बाद राज्य और जिला स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण परिषदों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाजार में पारदर्शिता बढ़ाना है। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य और जिला स्तर पर परिषदों का गठन किया जाता है, जो उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों, शिकायतों और नीतिगत सुझावों पर सरकार को सलाह देती हैं। नई नियमावली के माध्यम से परिषदों के गठन, सदस्यों की नियुक्ति, बैठक की प्रक्रिया और कार्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। नियमावली के अनुसार राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद की अध्यक्षता राज्य सरकार द्वारा नामित मंत्री करेंगे, जबकि परिषद में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ, उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सदस्य शामिल किए जाएंगे।

## कुत्तों ने मवेशी के बच्चों को मार डाला, दहशत

**प्रतापगढ़ :** दो कुत्तों का आतंक चरम पर है। खूंखार कुत्तों ने पालतू जानवरों के बच्चों को मार डाला। इससे ग्रामीण दहशत में हैं।कोतवाली देहात के भुवालपुर डोमीपुर गांव में दो कुत्ते खूंखार हो गए हैं। पिछले एक महीने में पालतू जानवरों के बच्चों को मारकर अपना निवाला बना लिया। गांव के रमा शंकर सिंह की बछिया,शैलेन्द्र सिंह और लल्लू सरोज का बछड़ा,नागेंद्र बहादुर सिंह के10 से अधिक लोगों के जानवरों के बच्चों को मार डाला।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **ई-निविदा संख्या :** NER-LJN-2026-44 **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/सीतापुर के अनुभाग में LHS 55/सी, 60/सी, 63/सी, 64/सी, 65/सी, 69/सी 113/सी और 116/सी (कुल= 8 LHS) एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/बिसवां के अनुभाग में LHS सं0 4/सी, 7/सी, 11/सी, 31/सी, 43/सी, 46/सी, 48/सी, 49/सी, 50/सी, 51/सी, 54/सी, 67/सी, 80/सी, 81/सी, और 86/सी (कुल=15 LHS) के मरम्मत का कार्य (कुल=23 LHS) **अनुमानित लागत (रु.) :** 58060292.70 **अग्रिम धन (रु) :** 440300.00 **समापन अवधि :** 09 माह। 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-44** के लिये ई-निविदा दिनांक 01.04.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मुजाधि/डब्लू-502 **मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**नोटिस नमूना आम**

**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय**
**लालगंज रायबरेली**
**वाद संख्या. 4381/2025..सन.ई वादी / श्रीमती विजयलक्ष्मी आदि**
**बनाम**
**भीम शंकर आदि।।**

वादी प्रार्थी

विजय लक्ष्मी आदि प्रतिवादी विपक्षी भीम शंकर आदि बनाम 1- भीम शंकर 2- लक्ष्मी शंकर पुत्र गण शारदा प्रसाद 3-पवन कुमार 4- अरुण कुमार 5-श्रवण कुमार पुत्रगण लाल जी 6- सुरेंद्र 7-शांती प्रकाश 8-दिवाकर पुत्रगण कमला शंकर 9-विशुना पत्नी कमला शंकर 10- हरीशंकर 11-राज शंकर 12- परशुराम 13-गिरीश कुमार पुत्रगण बाल्हेश्वर 14- शिवम त्रिवेदी 15-प्रांजल त्रिवेदी पुत्रगण जयशंकर 16-कुव सिम्मी 17-कुवअनु देवी पुत्रीगण जयशंकर 18- गुड्डी देवी पत्नी परशुराम समस्त निवासी गण ग्राम काल्ही गांव पर0 सरेनी तह0 लालगंज जिला रायबरेली चूंकि ऊपर नामांकित वादीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 144 व 116 राजस्व संहिता अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 12 माह 03 सन 2026 ई को दिन में 10 बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक .06. . माह...03 सन.2026... ई को जारी की गई।

**हस्ताक्षर**
**पीठासीन अधिकारी परगना मजिस्ट्रेट न्यायालय लालगंज रायबरेली।**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांक : 1705/न0पा0परि0/ज0क0/2025-26 — दिनांक 10.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वें वित्त आयोग की निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम व द्वितीय किस्त) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद रायबरेली मे निम्नांकित कार्यो हेतु य0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से दिनांक 10.03.2026 से 29.03.2026 सायं 5:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 30.03.2026 को अपरांह 11:00 बजे निविदायें कार्यालय नगर पालिका परिषद में खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निदेशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in)**

| क्र0सं0 | | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | | 10/03/2026, 11:00 AM | - |
| 2- | | Tender Download | 11/03/2026, 11:00 AM | 29/03/2026, 5:00 PM |
| 3- | | Bid submission | 11/03/2026, 11:00 AM | 29/03/2026, 5:00 PM |
| 4- | Bid Opening Date And Place | | 30/03/2026, 11:00 AM(Office Of the Nagar Palika Parishad RBL) | |

(स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायबरेली

(शत्रोहन सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायबरेली

## कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।

पत्रांक: 8075/ पं0/पं0 सहा0-चयन / विज्ञाप्ति/2025-26 — दिनांक: 09.03.2026

**विज्ञापन**

निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या 6/2222/2018-6/208/2024-25, लखनऊ दिनांक 17.12.2024 एवं प्रमुख सचिव उ0प्र0 पंचायतीराज अनुभाग-3 दिनांक 06-12-2025 के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट कम डाटा-इन्ट्री आपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यार्थियों से आमंत्रित किये जाते है:-

- कुल रिक्त पद-35
- ग्राम पंचायतवार अवशेष पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट https://panchayatiraj.up.nic.in एवं https://prdfinance.up.gov.in पर उपलब्ध है।
- आवेदन की तिथि 16 मार्च 2026 से 23 मार्च, 2026 तक

| क्रमांक | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना | 11 मार्च, 2026 से 15 मार्च, 2026 तक। |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचातय कार्यालय में आवदेन पत्र जमा करने की अवधि। | 16 मार्च, 2026 से 23 मार्च, 2026 तक। |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 24 मार्च, 2026 से 31 मार्च, 2026 तक। |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विपारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 01 अप्रैल, 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक। |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 16 अप्रैल, 2026 से 27 अप्रैल 2026 तक। |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 28 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक। |

**आवेदन की प्रक्रिया :-** निर्धारित आवेदन के प्रारूप समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय, जिला पंचायतराज अधिकारी बाराबंकी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रकिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021/989, दिनांक 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**(नीतेश भोंडेले)**
**जिला पंचायत राज अधिकारी**
**बाराबंकी।**

### बालिका में एलबी इंटर कॉलेज, बालक वर्ग में स्टेडियम की टीम विजेता

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मंगलवार को कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालिका वर्ग में लाल बहादुर इंटर कॉलेज आसपुर देवसरा की टीम दिलचस्प मुकाबले में स्टेडियम की टीम को 18-17 से शिकस्त देकर विजेता रही। बालक वर्ग में स्टेडियम की टीम ने लाल बहादुर इंटर कॉलेज को 30-26 से हराकर विजेता रही। शुभारंभ सेवानिवृत्त अपर जिलाधिकारी लल्लू सिंह, कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बालिका वर्ग सेमीफाइनल में लाल बहादुर इंटर कॉलेज ने सुखदेव बाल विद्या मंदिर को 15-01 से हराया। स्टेडियम की टीम ने छेमर सरैया को 23-16 से पराजित किया। बालक वर्ग के सेमीफाइनल में लाल बहादुर इंटर कॉलेज ने शीतलागंज टीम को 27-20 से हराया। स्टेडियम ने मालती इंटर कॉलेज की टीम को 25-13 से पराजित किया। समापन में भाजपा प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ला, क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कबड्डी रामशंकर सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक जय प्रकाश यादव, मो .आसिफ खान, संजय सिंह, लालमणि सिंह, शैलेश सिंह एवं रवि प्रकाश सिंह, यशवंत यादव ने स्कोरिंग किया। संचालन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान उप क्रीड़ाधिकारी रंजीत यादव, आदित्य शुक्ला, सचिन शुक्ला, शोभनाथ यादव, बुद्ध प्रकाश, आशुतोष सिंह, अरविंद कुमार, लवली मिश्रा, दुर्गेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



खुशी जतातीं लाल बहादुर इंटर कॉलेज आसपुर देवसरा टीम की खिलाड़ी। अमृत विचार

### जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष का व्हाट्सएप हैक

**कोहंडौर, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक प्रतापगढ़ के अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख मंगरौरा राजीव प्रताप सिंह 'नंदन' का व्हाट्सएप नंबर साइबर शातिरों ने हैक कर लिया है। प्रमुख के मोबाइल नंबर से उनके परिचितों व अन्य लोगों को मैसेज या कॉल कर रुपये की मांग कर रहे हैं। राजीव प्रताप सिंह नंदन ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को सावधान करते हुए अपील की है कि उनके व्हाट्सएप नंबर से आने वाले किसी भी मैसेज, कॉल या रुपये की मांग पर भरोसा न करें और किसी भी प्रकार का लेनदेन न करें। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 22 लाख की डकैती का आरोपी गिरफ्तार

**संग्रामगढ़:** महाराष्ट्र में 22 लाख रुपये की डकैती में वांछित आरोपी को संग्रामगढ़ पुलिस के सहयोग से महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई। महाराष्ट्र के रायगढ़ जनपद के अलीबाग क्षेत्र में जनवरी 2026 में 22 लाख रुपये की डकैती हुई थी, जिसमें इलाके का सलमान खान वांछित था।

**हेतु संदर्षित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**

न्यायालम श्रीमान बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी महोदय,
न्यायालय स्थान गौरीगंज जिला - अमेठी
एच0 सी0 जे0 फार्म नं0- 33 पार्ट नं0- 7
ता0पेशी- 12.03.2026
वाद सं0- 813
बादी संख्या 200 ई0
शिवशंकर आदि -वादी
बनाम
राजेश कुमार आदि -प्रतिवादी

(1) दुर्गेश प्रसाद पुत्र राम चन्दर, (2) राजेन्द्र प्रसाद पुत्र राम चन्दर, (3) श्यामा देवी पत्नी रामचन्दर, निवासीगण- ग्राम करथुनी पश्चिम पर0व तह0 मुसाफिरखाना जिला अमेठी, (4) खुशीराम पुत्र राममहेश, (5) राजेश कुमार पुत्र रामहेश, नि0-ग्राम - रामपुर प्रताप पोस्ट-बेरूगंज 68, तह0 बीकापुर, जिला - फैजाबाद (अयोध्या)
चूंकि उपरिनामांकित वाद अ0 धारा 11 (1) च0अधि0 ग्राम करथुनी पश्चिम पर0व तह0 मुसाफिरखाना जिला अमेठी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अत: एवं आपकी एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 200 के दिवस को पूर्वाह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 200 के दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से
न्यायालय

**अमृत विचार क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं **अब्दुल हसन खान पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम निंदूरा तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** का निवासी हूँ। मेरे सभी अभिलेखानुसार व वास्तविक नाम और पता यही है। जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश मंहगू दर्ज हो गया था। मेरे वास्तविक नाम अब्दुल हसन खान पुत्र निजामुद्दीन के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं **मोहन गुप्ता पुत्र राम शंकर गुप्ता, निवासी-548वी/470 विक्रमनगर, निकट वर्मा मेडिकल स्टोर, पोस्ट-मानकनगर, थाना-पारा, जिला-लखनऊ,** मेरा नाम हाईस्कूल प्रमाणपत्र में मोहन कुमार गुप्ता (MOHAN KUMAR GUPTA) लिखा है जबकि आधार कार्ड, पैन, मतदाता पहचान पत्र के अभिलेखो में शपथी का नाम मोहन गुप्ता (MOHAN GUPTA) है जो पूर्णतया सच व सही है, इसलिये मेरा नाम मोहन कुमार गुप्ता के स्थान पर सही नाम मोहन गुप्ता (MOHAN GUPTA) के नाम से जाना व पहचाना जायें।

**Public Notice**

I. Asha Maurya wife of Mr. Vijay Kumar Maurya resident of Abbonagar dakshini near sansad niwas district Fatehpur, Uttar Pradesh - 212601. Hereby inform that my name was earlier Asha Devi in my Aadhaar Card, due to which the same wes entered in the school recards of my children, Astha mourya of Class 7-1 and. Vijit Maurya of Class 4-k, students of CMS School, LDA Branch, Kanpur Road," Lucknow. After correction in Aadhaar records, my correct name is Asha Maurya. Hence, Asha Devi and Asha Mourya refer to one and the same person. All concerned may kindly take note and make necessary corrections accordingly.

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAJENDRA BAHADUR था से बदलकर RAJENDRA BAHADUR VERMA रख लिया है। अब मुझे RAJENDRA BAHADUR VERMA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-BRAHMDIN VERMA ADD-SANKLAP NEAR GOVT- PRIMARY SCHOOL PARSOYIA DIST-AMETHI-227406 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम SHIVANANDA SINGH से बदलकर SHIVANAND SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM MOHAN SINGH ADD-VILL-JIWALI POST-JIWALI DIST-AZAMGARH-276301 (U.P.)

**सूचना**

मै **किशन कुमार पुत्र रामबरन नि. पूरे मुसहा पो. सिधौना रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम किशन (KISHAN) है, जबकि आधारकार्ड आदि में किशन कुमार (KISHAN KUMAR) अंकित है। अब मैंने अपना नाम किशन से बदल कर किशन कुमार रख लिया है। मुझे किशन कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं।

**सूचना**

मैं **श्यामलाल पुत्र गयादीन, निवासी ग्राम मुरादाबाद, परगना देवां, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी,** यह घोषणा करता हूं कि श्रीमती विमला उर्फ आशा देवी पत्नी गुरुप्रसाद तथा उनके पुत्र विशाल व कुनाल को अपने परिवार से तथा अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनका मेरी किसी भी संपत्ति पर कोई अधिकार मान्य नहीं होगा।

न्यूज ब्रीफ

### धारदार हथियार के हमले से युवती घायल

**टिकैतनगर, बाराबंकी :** कोतवाली टिकैतनगर क्षेत्र के बेलखरा गांव में आपसी कहासुनी के बाद एक युवक ने युवती पर बल्लम से हमला कर दिया। घायल युवती का अस्पताल में इलाज कराया गया। गांव की मन्तसा बानो पुत्री स्व. मो. सुहेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 मार्च की शाम गांव में कुछ लड़कों के बीच कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान गांव के ही गुड्डू पुत्र कल्लन ने गाली-गलौज करते हुए उस पर बल्लम से हमला कर दिया। हमले में बल्लम का नुकीला हिस्सा मन्तसा बानो के दाहिने हाथ में घुसने से वह घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल ले गए। आरोप है कि आरोपी आए दिन जान से मारने की धमकी भी देता है।

### महिला से छेड़छाड़ का प्रयास, विरोध पर पीटा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** थाना रामसनेहीघाट क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई महिला के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी गई। पीड़िता के अनुसार, वह 8 मार्च की शाम अपनी भतीजी के साथ गांव के बाहर झाड़ियों की तरफ शौच के लिए गई थी। आरोप है कि वहां पहले से छिपकर बैठे एक युवक ने अचानक महिला को पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। महिला की भतीजी द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने महिला को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर जब गांव के लोग मौके की ओर आने लगे तो आरोपी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर लिए गई है। जांच-पड़ताल की जा रही है।

# सीएम डैशबोर्ड में बाराबंकी तीसरे आईजीआरएस में दूसरे स्थान पर

## प्रदेश की दो प्रमुख रैंकिंग में टीम बाराबंकी का रहा शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जनपद बाराबंकी ने फरवरी माह में प्रदेश स्तर पर जारी दो महत्वपूर्ण रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शासन स्तर से विभिन्न विकास कार्यों, लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति तथा जन शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग के आधार पर जारी रैंकिंग में जनपद को बेहतर स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति के आधार पर जारी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद बाराबंकी को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रगति और सतत मॉनिटरिंग के आधार पर जारी की जाती है।



शशांक त्रिपाठी, डीएम।

वहीं जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संचालित आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद बाराबंकी को दूसरा स्थान मिला है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह जनपद के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, सतत मॉनिटरिंग तथा जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में जनपद के सभी अधिकारी शिकायतों के समाधान को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद को प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद में राजस्व वादों के निस्तारण में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जिससे आमजन को जल्द राहत मिल रही है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

## हादसों में 1 की मौत, 4 घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में आगरा से बलिया जा रही कार आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों की हालत ठीक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार अलीगढ़ जिले के रहने वाले कृपाल सिंह 40, दीवान सिंह 32, योगेंद्र सिंह 30 एवं नवीन शर्मा 26 अर्टिगा कार से एक्सप्रेस वे होते हुए आगरा से बलिया जा रहे थे। भोर लगभग चार बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किमी 34 पर आगे जा रही ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे पीछे चल रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से में घुस गई। दुर्घटना में कार सवार कृपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया गया। योगेंद्र सिंह सहित अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसी क्रम में नगर के मुख्य चौराहे पर मंगलवार दोपहर बाद हुए सड़क हादसे में 80 वर्षीय वृद्ध घायल हो गया। सीएचसी लाये गये वृद्ध का इलाज जारी है।

## भंडारे का किया गया आयोजन

**मसौली, बाराबंकी:** विखं मसौली के ग्रापं बड़ागांव के मोहल्ला मढीटोला स्थित साईं मंदिर में साईं बाबा की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन हुआ। क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद सर्वेश पाठक ने यजमान उदित नारायण व उनकी पत्नी रंजना के हाथों वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ागांव, मसौली, धरौली, सिसवारा, चंदनपुरवा और नसीरनगर सहित आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने साईं बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद में पूड़ी, सब्जी, चावल और खीर का वितरण किया गया। इस अवसर पर मास्टर सुरजन यादव, दुर्गेश, रतिभान, दर्शन, कुलदीप, जितेंद्र, अमित, मोहित, मानिकचंद, रामचंद्र, भोला सिंह, नन्हा यादव, कृष्ण गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।



ज्ञापन के साथ शिक्षक। अमृत विचार

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में भेजा ज्ञापन

**फतेहपुर, बाराबंकी :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर ब्लॉक फतेहपुर के शिक्षकों ने टीईटी (टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) की अनिवार्यता के विरोध में ज्ञापन भेजा। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ बाराबंकी के जिला संयोजक डॉ. राकेश सिंह के नेतृत्व में शिक्षक पूर्व माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर प्रांगण में उपस्थित हुए और अपने हस्ताक्षर के साथ ज्ञापन ईमेल के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को प्रेषित किया। इस अवसर पर आनंद वर्मा, राम मिलन वर्मा, संजय वर्मा, सत्य प्रकाश वर्मा, अनवार अहमद, दिनेश कुमार मौर्य, जय कुमार, प्रवेश कुमार सिंह, भानु मिहिर, अनुभव पोद्दार, प्रमोद कुमार, शरद कुमार, रफ़त अंजुम, निधि मित्तल, अरुण कुमार त्रिपाठी, कंचन लता, सीमा देवी, लव कुश वर्मा, कमलेश वर्मा, राजकिशोर कुसुम सिंह, शालिनी यादव आदि मौजूद रहीं।

## दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर किया घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी:** खलिहान व निजी भूमि से पेड़ काटने वाले दबंग की शिकायत करना एक पीड़ित को महंगा पड़ गया जब दूसरे पक्ष ने लाठी से हमला कर उसे घायल कर दिया। कस्बा व थाना सुबेहा के पट्टी वार्ड निवासी मोहम्मद अनवर ने बताया कि कस्बा निवासी मुस्लिम उर्फ गोगा ने खलिहान के रूप में दर्ज भूमि गाटा संख्या 863 से आम के दो पेड़ व बगल स्थित भूमि गाटा संख्या 864 की उसकी जमीन पर लगा आम का एक पेड़ दबंगई के बल पर काट लिया था। इसकी शिकायत उसने डायल 112 पुलिस के अलावा ऑनलाइन दर्ज कराई। इसके बाद नगर प्रशासन द्वारा लकड़ी जब्त कर ली गई और थाना पुलिस ने सुलह समझौता करवा दिया था। हालांकि विपक्षी द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार दोपहर वह नमाज अदा कर मस्जिद से घर जा रहा था कि तभी विपक्षी गोगा ने अपने पुत्र आजाद व दो महिलाओं के साथ लाठी से हमला कर लहूलुहान कर दिया।

## ईरान में नरसंहार के विरोध में भाकपा ने किया विरोध-प्रदर्शन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ईरान पर हमले को लेकर केन्द्र सरकार की चुप्पी के विरोध में भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने नारेबाजी करते हुए मंगलवार को विरोध जुलूस निकाला। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों के समक्ष पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि एपस्टीन फाइल्स में भारतीय राजनेताओं के नाम होने के कारण ब्लेकमेल हो रहे नेता ईरान में जनता के नरसंहार का विरोध नहीं कर पा रहे हैं। पार्टी सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि भारत की सरकारों की विदेश नीति एवं कूट-नीति के द्वारा विश्व में भारत को मान-सम्मान और शांति एवं अहिंसा का दूत माना जाता रहा है। राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार ने कहा कि देश को मजबूरन कई युद्ध भी लड़ने पड़े, और सोवियत संघ जैसे मित्र देशों ने भारत का खुलकर साथ दिया, जिसके चलते पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में देश ने पकिस्तान के दो टुकड़े किये। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व मो कदीर ने किया। इस दौरान रामनरेश वर्मा, श्याम सिंह एडवोकेट, संतोष कुमार, राजेन्द्र बहादुर सिंह, आलोक कुमार, आदित्य वर्मा, रीना मौर्य, आफरीन, अंकुल वर्मा और प्रेम चंद वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



लड्डू गोपाल की आरती उतारते श्रद्धालु। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर के रसूलपुर मोहल्ले स्थित दूधेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। पंडित अभिनव जी महाराज ने श्रीकृष्ण के अवतार और जय-विजय के प्रसंग सहित अन्य विष्णुावतारों का वर्णन किया। श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग के समय पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की के जयघोष से गूंज उठा, और श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य किया। आयोजन स्थल को नंदोत्सव की थीम पर भव्य रूप से सजाया गया। इस अवसर पर संतोष कुमार तिवारी, गणेश प्रसाद जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, मदन शुक्ला, रुचि शुक्ला, सुभाष मिश्रा और राम दुलारे यादव समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बैंक व आमजन के बीच हो बेहतर तालमेल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 14 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिये जिले में विभिन्न बैंकों द्वारा कार जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का समापन जनपद न्यायालय के गेट संख्या-2 पर हुआ। रैली में शामिल वाहनों पर राष्ट्रीय लोक अदालत और संबंधित बैंकों के नाम के बैनर लगाए गए थे। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व और उसके लाभों के प्रति जागरूक करना तथा बैंक और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। अपर जिला जज व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि लोक अदालत के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी बैंकों को भी दी गई है। बैंक मित्रों से भी अपील की गई है कि वे लोगों को लोक अदालत की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाएं। वहीं सिविल जज (सीडी) व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने बताया कि लोक अदालत के लिए पोस्टर, बैनर और हैंडबिल तैयार कराए गए हैं।



विद्यालय को दिया गया स्मार्ट डिजिटल बोर्ड। अमृत विचार

## पूर्व छात्र ने विद्यालय को दिया स्मार्ट डिजिटल बोर्ड

**फतेहपुर, बाराबंकी :** विकास खंड फतेहपुर के प्राथमिक विद्यालय गुरसेल में पूर्व छात्र व वर्तमान में सहायक अभियंता नैमिष वर्मा द्वारा एक लाख चार हजार रुपये मूल्य का स्मार्ट डिजिटल बोर्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर धर्मेंद्र प्रसाद और जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ डॉ. राकेश सिंह उपस्थित थे। नैमिष वर्मा ने फीता काटकर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद ने डिजिटल बोर्ड पर प्रेरणा ऐप इंस्टॉल कर बच्चों को इसके उपयोग और महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान आशीष चंद्र, ब्लॉक मंत्री दिनेश मौर्य, उपाध्यक्ष परमेंद्र कुमार, संयुक्त मंत्री प्रवेश सिंह, प्रचार मंत्री शरद चंद्र, ब्लॉक एआरपी अशोक कुमार, सुशील कुमार, राहुल यादव, सुरेश कुमार, शंकुल प्रभारी प्रवेश कुमार, प्रमोद कुमार, कृष्ण कुमार, अविनाश शुक्ला, आनंद मोहन, गुनीत शर्मा, अनुभव पोद्दार, इंद्र कुमार, महेंद्र वर्मा, अतुल वर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि और शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से इ. सहायक अध्यापिका सीमा गौतम, भानु मिहिर, शैल कुमारी और अनुराज कुमार ने आभार जताया।

## पांच दिन बाद मिला किशोर का शव, डूबने से हुई थी मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** होली के दिन से फतेहपुर से गायब किशोर का शव पांच दिन बाद बदोसरांय थाना क्षेत्र के एक गांव में नहर से बरामद हुआ। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रंग खेलने के बाद परीक्षा की तैयारी कर रहा किशोर अपने दोस्तों के बुलाने पर नहाने गया था और नहर में डूब गया। जानकारी के अनुसार फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम साढेमऊ में रहने वाले श्यामलाल का 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन गौतम चार मार्च को होली के दिन अचानक गायब हो गया था। उसे नहाने के लिए बुला ले गए दोस्तों ने परिजनों को अर्जुन के हादसे में घायल होने की बात बताई लेकिन किशोर के नहर में डूबने सच छिपा ले गए। इधर बेटे की खोज में परेशान परिजन लगातार उसकी तलाश करते रहे। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने भी किशोर को तलाश करने की कोशिश की। उधर सोमवार की शाम बदोसरांय थाना क्षेत्र अंतर्गत कसरैला गांव के पास नहर से एक शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया पर सफलता न मिलने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मंगलवार की सुबह फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने शव मिलने की सूचना परिजनों को दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान की। शव की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

## श्रीराम का जीवन चरित्र संसार के लिए अनुकरणीय

**फतेहपुर, बाराबंकी :** मोहल्ला पचघरा स्थित ओम शिवालय रक्षाबंधन मेला मैदान पार्क में आयोजित श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज ने श्रीराम के आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन चरित्र पूरे संसार के लिए अनुकरणीय है। श्रीराम ने अपने जीवन में माता-पिता और गुरु की आज्ञा को सर्वोपरि माना और सदैव विनम्रता व उदारता का परिचय दिया। देर रात तक चली श्रीराम कथा के दौरान स्थानीय बच्चों ने भगवान राम द्वारा धनुष तोड़ने की लीला का मंचन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक राजीव नयन तिवारी, बार संघ अध्यक्ष प्रेमचंद्र पाल, तीर्थ प्रताप मिश्रा, रामू तिवारी, हरिनाम सिंह वर्मा, नलिन निगम, राजन तिवारी, मुकेश त्रिपाठी, मुन्ना तिवारी, मोहित तिवारी, सरदार सतनाम सिंह, रामलखन यादव, प्रेमचंद्र राजपूत, अशोक यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## बंदरों के हमले में छत से गिरी युवती घायल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी :** छत पर रोटी लेकर खड़ी युवती को उत्पाती बंदरों ने घेर कर हमला कर दिया। हमले से घबराई युवती संतुलन बिगड़ने से छत से नीचे जा गिरी। घटना बदोसरांय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोधपुरवा में मंगलवार की सुबह हुई। गांव वासी सुनील कुमार की बेटी पूजा घर की छत पर रोटी लेकर खड़ी थी। इसी बीच वहां पहुंचे बंदरों को देख वह नीचे उतरने लगी। तभी कुछ बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। अचानक हमले से घबराकर पूजा छत से नीचे गिर गयी।

## दो समुदायों में विवाद, एक पर जानलेवा हमला

**फतेहपुर, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरोलिया में खेत में बकरी जाने के विरोध को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद समुदाय विशेष के आधा दर्जन लोगों ने एक युवक पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बरोलिया निवासी सतीश वर्मा (45) खेती के साथ राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। मंगलवार की शाम वह अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों की बकरियां उनके खेत में लगी नर्सरी चरने लगीं। इस पर सतीश ने बकरियों को हटाते हुए विरोध जताया, इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। घायल सतीश की पत्नी पुष्पा वर्मा ने आरोप लगाया कि कहासुनी के बाद जब उनके पति काम पर जाने के लिए निकले तो रास्ते में सुनियोजित तरीके से मौजूद गांव के ही मुस्लिम, सरताज, मुस्ताक, सुहैल, अन्ना समेत दो महिलाओं ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार, ईंट और डंडों से सिर पर कई वार किए, जिससे सतीश लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सतीश को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दुष्कर्म और धोखाधड़ी प्रकरण में दो को सात-सात साल सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार:** विभिन्न अदालतों ने धोखाधड़ी और दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सख्त सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों मामलों में अभियुक्तों को सात-सात वर्ष के कारावास के साथ अर्थदंड से दंडित किया है। पहले मामले में थाना कोतवाली नगर में दर्ज भादवि से संबंधित अभियुक्त जय प्रकाश सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी नरौली थाना सतरिख को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह (कोर्ट संख्या-18) ने दोषी करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को 7 वर्ष के कठोर कारावास और 30,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले के अनुसार 20 फरवरी 2009 को वादी प्रभात सिंह निवासी आवास विकास कॉलोनी ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दो जगह नौकरी करके धोखाधड़ी की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। दूसरे मामले में थाना लोनीकटरा में दर्ज अभियुक्त मुकेश पुत्र बृजलाल निवासी साहबगंज मजरे शिवनाम थाना लोनीकटरा को अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या-36) ने दोषी ठहराया। न्यायालय ने अभियुक्त को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

## बात न मानने पर चाचा और भतीजे की पिटाई

**रामनगर, बाराबंकी :** कोतवाली रामनगर क्षेत्र में दबंगों ने एक सब्जी विक्रेता और उसके चाचा के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम तपेसिपाह निवासी सचिन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 8 मार्च की रात अपनी सब्जी की दुकान पर बैठा था। उसी दौरान तिवारीपुरवा गांव के रहने वाले गुड्डू, विक्रम, राजू पुत्रगण मंगल यादव व जगजीवन पुत्र विश्राम अपने अन्य साथियों के साथ उसकी दुकान पर पहुंचे और कहा कि वे फोनपे से पैसे भेज रहे हैं, बदले में नगद रुपये दे दो। सचिन के अनुसार, उसने रुपये न होने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाने पहुंचे उसके चाचा सूरज लाल को भी आरोपियों ने जमकर मारा पीटा।

## फंदे से लटके मिले युवक-युवती के शव

**फतेहपुर/हैदरगढ़, बाराबंकी:** अलग अलग स्थानों पर एक युवक व युवती के शव फांसी के फंदे से लटके मिले। युवक पत्नी के मायके से न आने से नाराज था तो युवती मानसिक बीमार बताई जा रही। जिसका इलाज नूर मंजिल से चल रहा था। जानकारी के अनुसार फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के इसरौली गांव का रहने वाला बब्लू यादव 32 पुत्र राजकरन सोमवार की शाम घर से पैदल ही निकल गया फिर रात भर नहीं लौटा। घर के अन्य सदस्य रिश्तेदार से मिलकर देर रात लौटे तो यह समझकर कि बब्लू अपनी ससुराल चला गया होगा, सभी बेफिक्र हो गए। मंगलवार सुबह ग्रामीणों से सूचना मिलने पर परिजनों पैरों तले जमीन निकल गई। पता चला कि गांव से पूर्व दिशा में स्थित संदूपुर ग्राम पंचायत के कूड़ाघर की छत से तौलिया से बने फंदे से बब्लू का शव लटक रहा था। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल के लिए दौड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ ही दिन पूर्व मृतक की पत्नी अपने मायके चली गई थी। दोनों की शादी को 12 साल हो चुके हैं। हालांकि परिजन घटना को लेकर संदेह जता रहे हैं। उधर मल्लाहन पुरवा गांव निवासी रामराज की पुत्री अंकिता निषाद ने मंगलवार सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद परिजनों से पूछताछ की। बताया जा रहा कि मानसिक रूप से बीमार अंकिता का लखनऊ स्थित नूर मंजिल से इलाज चल रहा था। मंगलवार सुबह घर के लोग खेत में काम करने चले गए तभी अंकिता ने फांसी लगा ली।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता लापता

**निन्दूरा, बाराबंकी :** घुंघटेर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी बेटी का विवाह लखनऊ के एक युवक से हुआ था। करीब छह माह पहले ससुराल पक्ष से कहासुनी के बाद वह मायके आकर रहने लगी और मानसिक रूप से परेशान रहती थी। सोमवार को घर से लापता हो गई।

## एसआई परीक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नोडल पुलिस अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने आगामी उप-निरीक्षक परीक्षा 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत परीक्षा में लगे पुलिस बल के साथ गोष्ठी की। एएसपी रितेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में परीक्षा की तैयारियों को लेकर जारी निर्देशों का अनुपालन परीक्षा के दौरान सुनिश्चित किये जाने तथा परीक्षा ड्यूटी से सम्बन्धित चेकिंग, फ्रिस्किंग, केन्द्र के अन्दर व बाहर शांति व्यवस्था ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारी को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिये गए।

## 77 दिन बाद कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**रामनगर, बाराबंकी :** मोबाइल चोरी को लेकर हुए विवाद में एक महिला समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी गई। इस घटना के करीब 77 दिन बाद यह मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के लालूपुर गांव निवासी समर वर्मा ने कोर्ट को बताया कि 21 दिसंबर 2025 की दोपहर गांव की काजल उसके घर आई थी। आरोप है कि वह उसका वीवो कंपनी का मोबाइल फोन चोरी करके ले गई। दूसरे फोन से कॉल करने पर काजल ने फोन अपने पास होने की बात कही। समर के अनुसार उसने अपनी मां राधिका को काजल के घर मोबाइल मांगने भेजा। आरोप है कि वहां मौजूद सत्यप्रकाश वर्मा सहित अन्य लोगों ने विरोध करने पर डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची समर की बहन सिमरन को भी पीट दिया गया। पीड़ित का कहना है कि मारपीट में उसकी मां राधिका के सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। शोर सुनकर गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए और किसी तरह विवाद शांत कराया। घायल मां और बहन को पहले सीएचसी रामनगर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हे लखनऊ रेफर कर दिया, जहां कई दिनों तक उनका इलाज चला।

## एएसपी ने ली परेड की सलामी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण किया और सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में मंगलवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी।

आयोजन — हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम संपन्न, उत्कृष्ट बच्चों और शिक्षकों को किया गया सम्मानित

# बच्चों की मजबूत नींव में बेसिक शिक्षकों का अहम रोल : अंगद सिंह

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन केंद्र बंकी (बड़ेल) में संपन्न हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि डीएम शशांक त्रिपाठी ने कविता, कहानी और भाषण स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में 15 विकास खंडों व नगर क्षेत्र के नोडल शिक्षक, प्री-प्राइमरी शिक्षक, नोडल संकुल शिक्षक, ईसीसी एजुकेटर आदि भी सम्मानित हुए। शुरुआत कंपोजिट विद्यालय बड़ेल के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से किया। प्रावि बनवा के बच्चों ने क्राफ्ट से बनाई वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया को समर्पित डांस प्रस्तुत किया। इसी विद्यालय की छात्रा नशरा को कहानी सुनाओ स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा बच्चों की मजबूत नींव बनाने में बेसिक शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का अहम रोल होता है। विशिष्ट अतिथि ने आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यालयों की प्रार्थना सभा में पब्लिक स्पीकिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बीएसए नवीन कुमार पाठक ने कहा बच्चों की पहली पाठशाला उनका आंगन ही होता है। कार्यक्रम आयोजक जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन एआरपी सुभाष तिवारी, प्रदीप श्रीवास्तव और राजेश यादव ने किया। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, जैनेंद्र कुमार, चन्द्रशेखर यादव, आरपी यादव, विश्वजीत राय, डॉ. पीयूष कुमार, पंकज कुमार वर्मा, पद्मजा त्रिपाठी, पारुल शुक्ला, ऋषि टण्डन, प्रीति सिंह सेंगर, वेद श्रीवास्तव, अपर्णा श्रीवास्तव, सुषमा यादव, अजिता श्रीवास्तव और दीपिका सिंह मौजूद रहीं।




डांस के बाद एमएलसी अंगद सिंह को ट्राफी भेंट करते प्रावि बवना के बच्चे। अमृत विचार



एआरपी सुभाष तिवारी को प्रशस्ति पत्र देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन की चपेट में आए वृद्ध की हुई पहचान

**उन्नाव, अमृत विचार :** कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर अजगैन रेलवे स्टेशन के यार्ड सेक्शन पर मिले वृद्ध के शव की शिनाख्त उसके बेटे ने मंगलवार को की। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भिखारी खेड़ा निवासी सुरेश ने सोशल मीडिया से हुई जानकारी पर जीआरपी से संपर्क किया। इसके बाद उसने शव की पहचान अपने पिता अगनू (78) पुत्र दुलारे के रूप की। बेटे ने बताया कि पिता रविवार देर शाम घर से बिना बताए निकले थे। सोमवार सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। लेकिन उस समय परिजनों की इसकी जानकारी नहीं हो पाई थी। वह खेती करता था। चर्चा है कि वह बीमार भी रहता था। जांच में उसके पास अजगैन से लखनऊ का टिकट मिला है। एसओ ने बताया कि शव की पहचान करा पोस्टमार्टम कराया है।

### कांग्रेस ने मनाया होली मिलन समारोह

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के तत्वावधान में मंगलवार को मिश्रा कॉलोनी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता मयंक बाजपेयी, दूधनाथ वर्मा, दयाशंकर शुक्ल, तन्मय श्रीवास्तव, बाबूलाल गुप्ता, संजय सिंह, रामकिशोर पाल, मो. हनीफ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगा मेला में जमकर खेली गई कपड़ा फाड़ होली

## एक-दूसरे को रंगने में नहीं छोड़ी कोई कसर, कई जगहों पर हुआ मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** होली के बाद नगर में गंगा मेला बड़े धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को दोपहर बाद तक नगर के विभिन्न इलाकों में रंगों की धूम रही। युवाओं ने कपड़े फाड़ होली खेलते हुए जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया और फिल्मी गानों की धुन पर थिरकते नजर आए। जगह-जगह होली की टोलियों ने गंगा मेले के रंग में माहौल को सराबोर कर दिया।

गंगा मेला के अवसर पर नगरवासियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाइयां दीं। नगर के पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, बिंदा नगर, आदर्श नगर, गांधी नगर, श्रीनगर समेत अन्य इलाकों में युवाओं की टोलियां बाइकों से निकलीं। रंग और मस्ती का सिलसिला दोपहर तीन बजे तक जारी रहा। वहीं, बच्चे भी पीछे नहीं रहे, उन्होंने घरों के बाहर खड़े होकर राहगीरों पर पिचकारी से रंग डाला और रंग भरे गुब्बारे फेंककर आनंद लिया। रंगों के साथ-साथ घरों में बने स्वादिष्ट पकवानों का भी जमकर लुत्फ उठाया गया। जगह-जगह ठंडाई और मिठाइयों की व्यवस्था की गई थी। इस बीच, सुरक्षा की दृष्टि से गंगाघाट पुलिस तैनात रही। पुलिस ने हुड़दंग करने वालों और नशे की हालत में कीचड़ फेंकने वालों पर सख्ती बरतते हुए कई को चेतावनी देकर छोड़ा। गंगा मेला के उल्लास के साथ नगर में होली का पर्व संपन्न हुआ, जिसमें हर वर्ग के लोगों ने मिलकर रंग और भाईचारे का संदेश दिया।



गंगा मेला पर कपड़ा फोड़ होली खेलते होरियार। ● अमृत विचार

### रंग खेलने के बाद किया गंगा स्नान

रंग और मस्ती के बाद नगर के लोग गंगा स्नान के लिए आनंद घाट, पर्यावरण घाट, पैदल पुल घाट पहुंचे। गंगा में डुबकी लगाकर लोगों ने होली के रंगों को धोते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया।

### गली-मोहल्ले में हुई कपड़ा फाड़ होली

दोपहर बारह बजने के बाद नगर के सभी गली-मोहल्लों में कपड़ा फाड़ होली शुरू हुई। जहां आने जाने वालों के अलावा बाइक सवारों को रोककर होरियारों ने उनके कपड़े फाड़े। जिसके बाद रंग से उन्हें सराबोर कर दिया। दोपहर तीन बजे तक कपड़ा फाड़ होली चलती रही।

# बोर्ड परीक्षा में 39677 छात्रों में से 2045 रहे अनुपस्थित

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं जनपद में दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। प्रथम पाली में जनपद के 122 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई।

हाईस्कूल चित्रकला विषय में 36,464 परीक्षार्थियों में से 34,572 उपस्थित रहे, जबकि 1,892 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट के सामान्य आधारिक विषय (व्यावसायिक) में 538 छात्रों में से 525 उपस्थित और 13 अनुपस्थित रहे। इंटर कृषि गणित एवं सांख्यिकी में 32 छात्रों में 29 उपस्थित और 3 अनुपस्थित रहे, जबकि कृषि रसायन (दशम प्रश्न पत्र) में 37 छात्रों में 34 उपस्थित और 3 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में कुल 37,071 परीक्षार्थियों में से 35,160 उपस्थित और 1,911 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 89 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। इसमें इंटर व्यवसायिक अध्ययन में 435 छात्रों में से 424 उपस्थित और 11 अनुपस्थित रहे। इंटर गृह विज्ञान में 2,171 छात्रों में से 2,048 उपस्थित और 123 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार द्वितीय पाली में कुल 2,606 छात्रों में से 2,472 उपस्थित और 134 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 39,677 परीक्षार्थियों में से 37,632 उपस्थित और 2,045 अनुपस्थित रहे। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई।

# अलग-अलग हुए सड़क हादसों में महिला समेत पांच लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग हुए सड़क हादसों में महिला समेत 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में चीखपुकार मची रही। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम को भेजे है।

### अज्ञात वाहन ने ली युवक की जान

औरास थाना क्षेत्र के बयारी गांव निवासी इंद्रसेन रावत (36) व पुत्र मुल्हे रावत सोमवार देर शाम एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने हसनगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर तोदा गांव गया था। जहां से देर रात लौटते समय गांव के बाहर किसी अज्ञात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक वाहन समेत भाग निकला। उसे पड़ा देख लोगो ने इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**फतेहपुर चौरासी :** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के जाजामऊ नया गांव निवासी विशाल (19) पुत्र सुधीर गांव निवासी एक अन्य युवक के साथ थाना क्षेत्र के तोरना गांव जा रहा था। तभी मन्ना नगरी गांव के पास उसकी बाइक की कानपुर नगर के शिवाली थाना क्षेत्र गोसा गांव मोनू (35) पुत्र रजोल की बाइक से टकरा गई। इसमें विशाल की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक चालक मोनू व मुकुल गंभीर घायल हो गया। जिन्हें पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत व दो किशोर घायल

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव महेश (18) पुत्र राजू गांव के मोहित (13) व विकास (14) के साथ किसी काम से पावा चौराहे पर जा रहा था। तभी सामने से आए तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक चला रहे महेश की मौके पर मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दोनों किशोर गंभीर घायल हो गए। जिन्हें परियर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की खबर मिलते पहुंचे परिजन शव देख कर बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन पिता के हरियाणा से आने पर पोस्टमार्टम कराने की बात पर परिजन अड़ गए। कोतवाली सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने उन्हें समझाया जिसके बाद परिजन शव लेकर घर लौट आए। परियर चौकी इंचार्ज ने बताया कि पिता देर रात तक घर पहुंचने की उम्मीद है।

### बाइक से जा रही महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत, बेटा घायल

**बांगरमऊ,उन्नाव :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के सबली खेडा.गांव निवासी सुनीता (45) पत्नी सूघर लाल यादव अपने बेटे आदित्य के साथ अपनी बेटी शशि के नवजात शिशु को देखने कानपुर नगर के बिल्हौर गई थी। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे वहां से लौटते समय बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित गंगा नदी पुल पर सामने से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें उछल कर सड़क पर गिरी सुनीता को ट्रक रौंदते हुए निकल गया। वहीं दूसरी ओर गिरने से उसका बेटा भी घायल हो गया। लोगों की मदद से महिला को बांगरमऊ सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक चला रहे युवक की मौत

**उन्नाव :** बारासगवर थानाक्षेत्र के बारा हरदो निवासी कुणाल सैनी (19) पुत्र स्व .पप्पू चाट का ठेला लगाकर अपना परिवार पालता था। सोमवार की रात ठेला खड़ा कर बाइक से लालकुआं चौराहा से किसी परिचित को लेने जा रहा था। तभी थाना क्षेत्र के ऊंचगांव-लालकुआं मार्ग पर रघूखेड़ा गांव के सामने तेज रफ्तार बोलेरो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। एसओ ने बताया कि तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रसोई गैस की ऑनलाइन बुकिंग ठप होने से मचा हाहाकार

**उन्नाव, अमृत विचार :** एक तरफ बढ़ती महंगाई ने पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रखी है, वहीं 60 रूपये की सीधी बढ़ोतरी के साथ रसोई गैस का बजट पूरी तरह बेपटरी हो गया है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर (14 .2 किग्रा) की कीमत जो कल तक 889 थी, वह अब बढ़कर 949 पहुंच गई है। महज एक झटके में 60 की वृद्धि ने गृहणियों के मासिक बजट को बिगाड़ दिया है। वहीं, व्यापारिक जगत भी इससे अछूता नहीं है; कॉमर्शियल सिलेंडर के दामों में भी 115 का उछाल आया है। पोर्टल और ऐप्स के काम न करने के कारण उपभोक्ताओं के पास मैन्युअल बुकिंग के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। ऑनलाइन सिस्टम फेल होने के कारण सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

# सदर विधायक ने आयुष्मान पखवाड़ा का किया शुभारंभ

**उन्नाव, अमृत विचार:** विकास खंड सिकन्दरपुर सरोसी के ब्लॉक सभागार में आयुष्मान कार्ड पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता मौजूद रहे।

अभियान की शुरुआत करते हुए सदर विधायक ने उपस्थित लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का कोई भी गरीब व्यक्ति धन के अभाव में इलाज से वंचित न रहे। यह पखवाड़ा पात्र व्यक्तियों को सीधे तौर पर 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुरक्षा प्रदान करेगा। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयों तक सीमित न रहकर गांव-गांव जाएं और विशेष शिविर लगाकर हर पात्र व्यक्ति का कार्ड सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंचना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और आयुष्मान योजना के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान देने वाली आशा बहुओं को सदर विधायक द्वारा प्रशस्ति पत्र और कैप भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ, बीडीओ, प्रभारी चिकित्साधिकारी, सीडीपीओ व एडीओ विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

# वृद्ध व अधेड़ महिला का घर में फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शुरू की मामले की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार:** अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव में अकेले रह रहे वृद्ध का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची विवाहित बेटियां ने गांव के एक व्यक्ति पर मकान हड़पने का आरोप लगाया लेकिन तहरीर नहीं दी। वहीं सदर कोतवाली के मोहल्ला इंद्रा नगर में भाई के घर आई 50 वर्षीय महिला महिला ने खुदकुशी कर की। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शव को मोर्चरी भेजा है।

**केस -1**

सुपासी निवासी बुद्धी लाल (60) पुत्र छेदी लाल राज मिस्त्री था। पत्नी की मौत व तीनों बेटियों की शादी के बाद से वह घर में अकेला रहता था। वर्तमान में थाना क्षेत्र के छेरिहा गांव निवासी मोनू का मकान बना रहा था। मंगलवार की सुबह वह काम पर नहीं पहुंचा तो मोनू ने उसे फोन किया तो स्विच ऑफ था। मोनू बुद्धि लाल को लेने उसके घर पहुंचा तो उसका शव रस्सी के फंदे से कमरे में लटका देख उसके होश उड़ गए। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बदरका चौकी में इसकी सूचना दी। पिता की मौत पर बेटियां गुड्डी, ममता व अनुपमा अपनी ससुरालो से मायके पहुंची लेकिन पुलिस ने तब तक शव मोर्चरी भेज दिया। इससे बेटियां व परिजन आक्रोशित रहे। गुड्डी ने बताया कि पिता का मूल निवास डीह गांव है। पंद्रह वर्ष पहले ससुराल में जमीन लेकर घर बनवाया था। पिता बीमार रहते थे। अधिक काम नहीं कर पाते थे। इसी के चलते गांव के ही एक व्यक्ति से रुपए लिए थे। जिसे अदा न कर पाने पर मकान बेच दिया था। लेकिन उसमें शर्त थी कि बुद्धिलाल अपने जीवित रहने तक उसी मकान में रहेगा। लेकिन वह व्यक्ति मकान खाली करने का दबाव बना रहा था लेकिन बेटियों ने लिखित में इसकी तहरीर नहीं दी। एसओ ने बताया कि अगर परिजन तहरीर देते है तो पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**केस -2**

अजगैन कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर निवासी रामरती (50) पत्नी राजेश गौतम कई दिनों से बीमार थी। सोमवार को वह अपनी बहू के साथ जिला अस्पताल से दवा लेने के आई थी। जहां से वह बहू के साथ सदर कोतवाली के मोहल्ला इंद्र नगर में रहने वाले अपने भाई रामदास पुत्र देवन के यहां गई थी। शाम को बहू वापस अपनी ससुराल लौट गई। वहीं रामरती भाई के घर रुक गई। मंगलवार सुबह उसने बरामदे में लगे कुंडे में साड़ी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। भाई रामदास ने बताया कि वह अपना ई रिक्शा लेकर मंगलवार सुबह चला गया था। वह जब लौट कर आई रामरती का शव फंदे से लटका मिला। भाई आत्महत्या करने नहीं बता सका। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा है।

# कवियों ने गंगा मेला में अमेरिका - इजरायल युद्ध पर कसा तंज

**संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** बालूघाट स्थित नमामि गंगे पार्क में आयोजित होली गंगा मेला के अवसर पर काव्य रस की फुहारों में लोग सराबोर हो गए। गंगा मेला समारोह में दूर-दराज से आए एक दर्जन से अधिक कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर में वर्षों से चली आ रही होली गंगा मेला की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आनंद घाट पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गंगा मेला के अवसर पर नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सद्भावना मिलन से हुई, जिसके बाद श्री राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। शाम पांच बजे मां गंगा की भव्य महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद शाम सात बजे विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जहां कवियों और गजल गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को काव्यमय बना दिया। कार्यक्रम में आए कवियों का स्वागत आयोजन मंडल के शिल्पी राकेश दीक्षित ने किया। उन्होंने कहा कि बालूघाट पर प्रतिवर्ष होली गंगा मेला के अवसर पर इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है। कवि सम्मेलन में कवि ध्रुव चंद्र त्रिपाठी, अजय द्विवेदी, शिवाकांत मिश्रा, वेद प्रकाश शुक्ला, दुर्गा बाजपेई, शरद मिश्र, अर्पित बाजपेई और भावना तिवारी ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कवियों ने वीर रस और हास्य रस की कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

# आगामी त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



त्यौहारों को लेकर धर्म गुरुओं के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- डीएम और एसपी ने धर्मगुरुओं के साथ की बैठक

**अमृत विचार:** जनपद में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता और एसपी जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 13 मार्च को अलविदा की नमाज, 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र, 21 मार्च को ईद-उल-फितर (चंद्र दर्शन अनुसार) और 26 मार्च को रामनवमी के पर्व को लेकर व्यापक रणनीति बनाई गई। डीएम ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने बैठक में डीपीआरओ और अधिशासी अधिकारियों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने तथा जल निगम को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद विभिन्न धर्मों के गुरुओं और समाजसेवियों ने बिजली, पानी और सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। डीएम ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बैठक में एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एएसपी अखिलेन्द्र, एसडीएम सदर सहित अन्य मौजूद रहे।

# उपनिरीक्षक भर्ती लिखित परीक्षा की तैयारी को हुई बैठक

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में 14 व 15 मार्च को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को लेकर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीएम ने परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी व शुचिता पूर्ण ढंग से कराई जाए। प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखें जाएं। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक और आधार फोटो केवाईसी का मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए तथा बिना आईडी कार्ड किसी को भी परीक्षा केंद्र में प्रवेश न दिया जाए। साथ ही परीक्षा कराने वाली एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बायोमेट्रिक प्रक्रिया समय से पूरी कराई जाए, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिस कर्मियों द्वारा की जाएगी। एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि जिले में आठ विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दो दिनों में दो पालियों में कुल 9,600 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। प्रत्येक पाली में 2,400 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# तकनीक से लैस होंगे जनपद के विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव




प्रमाणपत्र व मोमेंटो लिए शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

- डायट में दो दिवसीय आईसीटी कार्यशाला संपन्न

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लासेस एवं आईसीटी लैब के प्रभावी प्रयोग पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में जनपद के बीईओ, एआरपी और डायट प्रवक्ताओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में डिजिटल बोर्ड के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को स्मार्ट क्लास के हार्डवेयर, विभिन्न उपकरणों और उनके रखरखाव की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। आधुनिक शैक्षिक टूल्स पर केंद्रित रहा। इसमें एआई टूल्स के जरिए शिक्षण योजना और स्टोरी बुक तैयार करने के प्रयोग, तथा दीक्षा एवं फॉस प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर विशेषज्ञों प्रत्यूष मिश्रा, डॉ. प्रज्ञा त्रिवेदी, शिखा मिश्रा, प्रदीप पाल द्वारा सत्र लिए गए। विज्ञान के प्रयोगों को डिजिटल रूप में समझाने के लिए ओलैब्स एवं पीएचईटी सिमुलेशन का प्रदर्शन गरिमा गुप्ता द्वारा किया गया, वहीं रविकिरण द्वारा गूगल फार्म के माध्यम से ऑनलाइन मूल्यांकन की बारीकियां समझाई गईं।

मनोकांत हत्याकांड

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर भेजा जेल

# बसधना हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 3 को किया गिरफ्तार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर चौकी अंतर्गत बसधना गांव में अधेड़ के अपहरण के बाद हत्या किए जाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 8 मार्च की रात बसधना गांव में दबंग विपिन सिंह अपने साथी छोटू सनकी उर्फ शिवम सिंह और अन्य लोगों के साथ घर में शराब पार्टी कर रहा था। इसी दौरान नशे की हालत में आरोपियों ने कई राउंड फायरिंग भी की। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर गांव के ही मनोकांत, महेंद्र और रामजी से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की, जिससे मनोकांत की मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए मांखी थाना क्षेत्र के सिंधुपुर गांव के पास फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक मनोकांत की पत्नी सुमन शुक्ला ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पहले अपहरण और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन जांच के दौरान युवक की हत्या की पुष्टि होने पर मुकदमे में हत्या की धाराएं भी जोड़ दी गईं। क्षेत्राधिकारी दीपक यादव ने बताया कि मंगलवार को गंगाघाट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अतरी मोड़ से करीब 50 मीटर आगे से तीनों वांछित आरोपियों विपिन सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह उर्फ मझिलके निवासी बसधना, शिवम सिंह उर्फ छोटू उर्फ सनकी निवासी सिविल लाइन कयोटा तालाब कोतवाली उन्नाव और अजय सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी दोस्तीनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार बरामद की। साथ ही आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई रक्तरंजित बांस की लाठी भी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी विपिन सिंह के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें धोखाधड़ी, चोरी, हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर धाराएं शामिल हैं। पुलिस टीम ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं पीएम के बाद शव घर लाया गया। जहां मजिस्ट्रेट, सीओ, एसएचओ बांगरमऊ पहुंचे और परिजनों को समझाया। वहीं परिजनों ने बताया कि मृतक का भतीजा शुभम शुक्ला उर्फ दुल्लर चेन्नई में काम करता है। उसके आने के बाद अंतिम संस्कार कराया जायेगा। वहीं ग्रामीणों ने आईजी और प्रमुख सचिव को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। वहीं परिजनों के आक्रोश को देखते हुए सुबह से से पुलिस की तैनाती की गई थी। सदर विधायक पंकज गुप्ता भी मोर्चरी पहुंचे और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।



पुलिस गिरफ्त में खड़े हत्या के आरोपी। ● अमृत विचार

# जून 2026 तक आर्थिक सर्वे पूरा करने का दिया गया निर्देश

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी के निर्देशन एवं एडीएम नमामि गंगे विधेश की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण और अनिगमित सेक्टर के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण के आंकड़ों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। बैठक में जानकारी दी गई कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के आर्थिक लक्ष्यों के आकलन हेतु यह सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण जुलाई 2025 में शुरू हुआ था, जिसे जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वे का कार्य कुल चार चक्रों में विभाजित है, जिसमें वर्तमान में तीसरे चरण का कार्य प्रगति पर है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय के साथ इस सर्वेक्षण में सहभागिता करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। एडीएम ने बताया कि इस सर्वेक्षण के माध्यम से विनिर्माण, व्यापार और सेवा क्षेत्र के अनिगमित गैर-कृषि उद्यमों के सकल मूल्य संवर्धन प्रति श्रमिक उत्पादकता और प्रति उद्यम आय की गणना की जाएगी। अनिगमित क्षेत्र न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है, बल्कि यह बड़ी संख्या में रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत भी है। देश की जीडीपी में सुधार के लिए इस क्षेत्र का सटीक आकलन अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान समस्त खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से किए जा रहे इस सर्वे में अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

न्यूज ब्रीफ

### कर्मियों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

हरपालपुर,हरदोई। विकास खण्ड के मनरेगा कर्मियों ने लंबित ईपीएफ व मानदेय के भुगतान को लेकर विधायक को पत्र सौंपा। मनरेगा कर्मियों ने सवायजपुर के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि मनरेगा योजना में एपीओ, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टीए व ग्राम रोजगार सेवक सहित विभिन्न पदों पर कर्मचारी तैनात हैं। शासन द्वारा वर्ष 2019 से इन कर्मियों को ईपीएफ का लाभ देने के निर्देश दिए गए थे। किंतु जनपद स्तर से कर्मियों की ईपीएफ धनराशि अकारण रोके जाने से मिलने बाला लाभ अभी तक नहीं मिला है। इस अवधि में क़ई मनरेगा कर्मियों का आकस्मिक निधन हो गया। जिससे उनके परिवारों को लाभ से वंचित होना पड़ा। विधायक ने जिलाधिकारी को मनरेगा कर्मियों के खाते में ईपीएफ की धनराशि भिजवाए जाने के लिए पत्र भेजा है।

### शादी समारोह से खोया बच्चा किया बरामद

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के महुवाहार सादी में आयोजित शादी समारोह में आई महिला का आठ वर्षीय बच्चा अचानक लापता हो गया। सूचना पर पिहानी पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही देर में बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। उमा देवी पत्नी जगदीश पाल, निवासी मोहम्मदपुर थाना मोहम्मदी, अपने पुत्र जानू पाल (8) के साथ महुवा हार सादी में एक विवाह समारोह में शामिल होने आई थीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चा खेलते-खेलते भीड़ में कहीं भटक गया और परिजनों से अलग हो गया। सूचना मिलते ही पिहानी कोतवाल छोटे लाल के निर्देश पर पुलिस टीम ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत तत्काल कार्रवाई करते हुए कुछ ही देर में बच्चे को सुरक्षित ढूंढ निकाला। इसके बाद पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# दो परीक्षार्थी सड़क हादसे में घायल, एक गंभीर

## हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा देकर लौटते समय पाली-भरखनी मार्ग पर वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

अमृत विचार। पाली-भरखनी नहर मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में परीक्षा देने जा रहे दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को पीएचसी पाली भेजा, जहां से उन्हें जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया गया।

सवायजपुर क्षेत्र के बम्हरौली गांव निवासी योगेश कुमार पुत्र सुरेश कुमार और सुधीर पुत्र सर्वेश मंगलवार सुबह हाईस्कूल की कला विषय की परीक्षा देने के लिए बाइक से ब्रजराज सिंह इंटर कॉलेज अनंगपुर जा रहे थे। पाली-भरखनी नहर मार्ग पर दलेलपुर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों छात्र उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक का अगला पहिया टूटकर दो टुकड़ों में बंट गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को पीएचसी पाली ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया। चिकित्सक के मुताबिक घायलों में एक छात्र की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

पाली थाने के उपनिरीक्षक अतुल शर्मा ने बताया कि हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन की तलाश की जा रही है।

### दुर्घटना में घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत


मृतका रामदेवी की फाइल फोटो।

हरदोई, अमृत विचार। होली मिलने मायके गई बुजुर्ग वहीं से अपने बेटे के साथ उसकी बाइक से वापस जा रही थी। रास्ते में तेज़ रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह उछल कर सड़क पर गिर पड़ी। एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां अगले दिन डाक्टरों ने छुट्टी दे दी,घर वाले उसे ले जा रहे थे,उसी बीच रास्तें में उसकी मौत हो गई। लोनार थाने के शाहपुर नाऊं की 70 वर्षीय रामदेवी पत्नी रोहित सिंह का मायका कोतवाली शहर के माधौपुर में था,रामदेवी वहां होली मिलने गई हुई थी,रविवार को वहीं सेअपने बेटे अनिल सिंह के साथ बाइक से वापस घर जा रही थी,रास्तें में साण्डी थाने के ककेड़ी चौराहे के पास दूसरी बाइक की ज़ोरदार टक्कर लगने से वह उछल करसड़क पर जा गिरी। आनन-फ़ानन उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां रविवार को डाक्टरों ने छुट्टी कर दी। अनिल सिंह ने बताया कि वह मां को घर ले जा रहा था,उसी बीच जगदीशपुर के पास पहुंचते ही मौत हो गई। अनिल सिंह ने बताया कि उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी,पांच बहनों में वह इकलौता है,सब की शादी हो चुकी है।

### डग्गामार बस अनियंत्रित होकर खंती में पलटी, सवारियां बचीं

उन्नाव, अमृत विचार। मौरावां से सवारियां लेकर उन्नाव आ रही एक डग्गामार निजी बस पुरवा कोतवाली क्षेत्र के दही-मोहनलालगंज मार्ग पर बैगांव मोड़ के पास अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर बस में फंसी सवारियों को बाहर निकाला। संयोग से किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। बस पलटने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पीआरवी, फायर ब्रिगेड और पुरवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। किसी के हताहत न होने से सभी ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में करीब 35 यात्री सवार थे। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि बस पलटने की सूचना मिली थी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### फ्यूल टैंक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई चोरों की करतूत




पूर्व सैनिक के घर के बाहर खड़ी थी बोलेरो

हरदोई, अमृत विचार। पूर्व सैनिक के घर के बाहर खड़ी बोलेरो का फ्यूल टैंक चोरी हो गया,रात के तीसरे पहर हुई चोरों की कारस्तानी वहां लगे सीसीटीवी कमरें में कैद हो गई। पुलिस ने दी गई तहरीर पर छानबीन शुरु कर दी है। कोतवाली शहर के नघेटा पूर्वी शुगर मिल कालोनी निवासी आकाश कुमार के पिता लज्जाराम सैनिक रह चुके है,आकाश कोरियर वैन का ड्राइवर है,साथ ही बोलेरो भी चलाता है। रविवार की रात उसकी बोलेरो गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। उसी बीच रात के तीसरे पहर दो नकाबपोश चोर पहुंचे और उसका फ्यूल टैंक चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरे में चोरों को चोरी करते हुए देखा जा सकता है। आकाश की तहरीर पर पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालते हुए छानबीन करने में जुट गई।

## ट्यूबवेल के अंदर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई


लालजीत की फाइल फोटो।

अमृत विचार। खेती-बाड़ी करने वाले युवक ने ट्यूबवेल की कोठरी का दरवाज़ा बंद कर फांसी लगा ली,इसका पता होने पर वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़े तोड़ कर शव बाहर निकाला और घर वालों से पूछताछ की। पूरे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

पिहानी कोतवाली के चंदेली डिघिया निवासी 38 वर्षीय लालजीत पुत्र सुमेर खेती-बाड़ी कर पत्नी लक्ष्मी,दो बेटे सतीराम,आयुष व दो बेटियों गुड़िया और वर्षा के साथ गुज़ार कर रहा था। सोमवार की शाम को लालजीत ने खेत पर लगे ट्यूबवेल की कोठरी के दरवाज़े बंद कर प्लास्टिक रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होने पर कोहराम बरपा हो गया,पुलिस ने दरवाज़े तोड़ कर शव बाहर निकाल कर इस बाबत पूछताछ कर रही है। लालजीत ने ऐसा कदम क्यों उठाया ? इस बारे में फिलहाल कोई कुछ भी बता नहीं पा रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

## करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। टेंट हाउस में मजदूरी करने वाले युवक की शामियाना का पाइप एचटी लाइन में टकराने से उतरे करंट से झुलस कर मौत हो गई। आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा हैदराबाद के मोहल्ला गांधीनगर निवासी नन्हकू (35) पुत्र नन्हा एक टेंट हाउस में मजदूरी करता था। सोमवार को कस्बा में तिलक समारोह के बाद देर रात वह शामियाना खोल रहा था। तभी लोहे का पाइप ऊपर निकली एचटी लाइन से टकरा गया। तेज धमाका के साथ वह करंट से गंभीर झुलस गया। सीएचसी मियागंज में उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## नवनिर्मित पुल के लिए लोगों ने सुझाये तीन नाम

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई


विधायक को पुल के नामकरण के लिए सुझाव पत्र देते लोग।

- अमरज्योति सेवा संस्थान ने अर्जुनपुर में नवनिर्मित पुल के नामकरण के लिए सौंपा पत्र

अमृत विचार। अमर ज्योति सेवा संस्थान द्वारा अर्जुनपुर-बड़ागांव के मध्य रामगंगा नदी पर नवनिर्मित पुल का लोकार्पण करने के लिए नामों का सुझाव देते हुए विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

अमर ज्योति सेवा संस्थान के तत्वावधान में मुख्यमंत्री को सम्बोधित विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू को दिए गए पत्र में अर्जुनपुर-बड़ागांव के मध्य रामगंगा नदी पर पक्के पुल का निर्माण कराए जाने के लिए समाजसेवी संस्था व क्षेत्रीय जनता की तरफ से आभार प्रकट करते हुए कहा है कि उक्त पक्के पुल का लोकार्पण निकट भविष्य में किया जाना है। इसलिए समाजसेवी संस्था अमर ज्योति सेवा संस्थान व क्षेत्रीय जनता की मांग है कि उक्त पुल का लोकार्पण विश्व पटल पर सनातन धर्म व संस्कृति को सर्वोच्च रूप से प्रतिष्ठित करने बाले स्वामी विवेकानंद जी के नाम पर "विवेकानंद सेतु"अथवा स्वतंत्रता आंदोलन के महान नायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के नाम पर "सुभाष सेतु" अथवा राजनीति के अजात शत्रु पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न "अटल विहारी बाजपेयी" के नाम पर अटल सेतु के नाम से किये जाने पर आम जनमानस में इसका सकारात्मक व दूर गामी संदेश जाएगा। पत्र भेजने बालो में संस्था के अध्यक्ष स्वामी मुकुंदानंद जी महाराज, महासचिव प्रमोद कुमार तिवारी, राम प्रताप पांडेय, अरविंद मिश्र, मुन्नूलाल पांडेय, स्वदेश तिवारी, अखिलेश दीक्षित, राकेश तिवारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## घर में घुसकर मारपीट व लूट का आरोप

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई


तहरीर दिखाता पीड़ित देवी शरण।

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटी खुर्द में घर में घुसकर मारपीट करने और नकदी लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बेहटी खुर्द निवासी देवी चरण पुत्र सुखनंदन ने बताया कि वह रात के समय अपने घर में सो रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान चार लोग पड़ोस में रहने वाली जय देवी पत्नी खेमकरन के घर की दीवार फांदकर उनके घर में घुस आए। इनमें से दो आरोपियों को वह पहचानते हैं, जिनमें सर्वेश पुत्र गंगाराम निवासी शुक्लापुर थाना बेनीगंज जनपद हरदोई और नेमिष शुक्ला पुत्र रज्जन लाल निवासी ग्राम चिनोटी जनपद सीतापुर शामिल हैं, जबकि दो अन्य अज्ञात बताए जा रहे हैं।

पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उन्हें पकड़कर मारपीट की और कमरे में घुसकर तलाशी ली। इस दौरान बक्से में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये निकाल ले गए, जो भतीजे की लड़की की शादी के लिए रखे गए थे। शोर सुनकर ऊपर सो रहे भतीजे का बेटा और उसकी पत्नी नीचे आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि मामला जमीन से संबंधित प्रतीत हो रहा है। पूर्व में भी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भट्ठा स्वामी ने मजदूर को घर से उठाया, जबरन काम को धमकाया

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के कठवां गांव के रहने वाले मजदूर को एक भट्ठा स्वामी ने अपने गुर्गों से घर से उठवा लिया और पसलियां टूटी होने के बाद भी काम करने का दबाव बनाया। काम न करने पर जान से मारने की धमकी दी है।

कठवां निवासी इशरत के अनुसार वह टुमुरकी थाना मंझिला स्थिति बेचे नेता के ईट भट्टे पर मजदूरी करता है। इशरत के अनुसार काम करते वक्त उसके चोट लग गई और उसकी दो पसलियां टूट गई, जिससे वह काम करने में असमर्थ हो गया। 9 मार्च को भट्ठा स्वामी के पुत्र शेखावत ने उसे घर से जबरदस्ती उठवा लिया, और काम करने के लिए दबाव बनाते हुए कहा कि उसके यहां ही उसे काम करना पड़ेगा वरना जान से मार डालेगा। इशरत का कहना है उसने तबीयत ठीक होने के बाद काम करने के लिए कहा लेकिन दबंग भट्ठा स्वामी गाली गलौज कर जान माल की धमकियां दे रहा। मंगलवार को सुबह 10 बजे भट्ठा स्वामी शेखावत के कुछ लोग पकड़ने के लिए उसके घर पर आए परंतु वह घर पर मौजूद नहीं था। कोतवाली में प्रार्थना पत्र देखकर इशरत में भट्ठा स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## स्वयंसेवकों ने स्वच्छता का दिया संदेश



जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक। अमृत विचार

बांगरमऊ, अमृत विचार। रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई शक्ति द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

महाविद्यालय के शिक्षकों के कुशल नेतृत्व में लगभग 50 स्वयंसेवकों ने गांव के मंदिर परिसर, मुख्य रास्तों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान किया। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ झाड़ू लगाकर कूड़ा-कचरा एकत्रित किया और उसे उचित स्थान पर निस्तारित किया। इस दौरान गांव की गलियों में स्वच्छता का संदेश गूंज उठा। सफाई अभियान के साथ-साथ स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को प्रेरित किया गया कि वे प्लास्टिक का प्रयोग कम करें और कूड़ा हमेशा निर्धारित कचरा पात्रों में ही डालें। स्वयंसेवकों ने बताया कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है। कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में चले इस अभियान में महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने स्वयं उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. नलिन कुमार सिंह, अमित कुमार, डॉ. अनुराग रावत, अनिल कुमार मौजूद रहे।

## कब्रिस्तान में युवक से मारपीट चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर कन्हरी में कब्रिस्तान में गए एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कफील खां पुत्र सब्बीर खां निवासी लालपुर कन्हरी ने कोतवाली बिलग्राम में दी गई तहरीर में बताया कि वह चार मार्च की सुबह गांव के कब्रिस्तान में खलील पुत्र आले नवी की मिट्टी में शामिल होने गया था। उसी दौरान गांव के ही आसिफ पुत्र जहीर, जहीर पुत्र सत्तार, समीर पुत्र जहीर और तालिब पुत्र जहीर वहां आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित के अनुसार शोर सुनकर मौके पर पहुंचे तैय्यब पुत्र अख्तर और अफसार पुत्र इकबाल समेत अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा, जहां से उसे सीएचसी बिलग्राम भेजकर मेडिकल कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बालाजी महाराज की शोभायात्रा ने मोहा मन

संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव


शोभायात्रा के दौरान उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

- जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

अमृत विचार। नगर बजरंग बली मंदिर का भव्य श्रृंगार हुआ, वहीं गाजे-बाजे के साथ निकाली गई विशाल शोभायात्रा में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। नगर के प्रमुख बाजार नौनिहाल गंज स्थित प्रसिद्ध बड़े हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जमा रही।

बजरंग बली की प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार किया गया और विशेष भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में देर शाम तक लड्डू और बूंदी के प्रसाद का वितरण चलता रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दोपहर बाद लखनऊ रोड रेलवे क्रॉसिंग के निकट स्थित मां बाला देवी मंदिर से बालाजी महाराज की विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे और धार्मिक जयकारों के साथ निकली यह यात्रा लखनऊ रोड से होते हुए नगर भ्रमण पर निकली। शोभायात्रा पंचेश्वर महादेव मंदिर होते हुए देर शाम नौनिहाल गंज स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंची, जहां बजरंग बली की महाआरती के साथ इसका समापन हुआ।

शोभायात्रा के मार्ग में लखनऊ मार्ग, सण्डीला मार्ग तिराहा और अन्य दर्जनों स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। भक्तों द्वारा जगह-जगह स्टाल लगाकर ठंडे जल और प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा की अगुवाई भाजयुमो जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता ने की। इस दौरान ऋषभ, अवधेश गुप्ता, शोभित, सचिन, बंटू, दीपक, प्रांकूर वर्मा, शुभम, सुधीर के साथ-साथ विमला, पूजा, कल्पना, रामादेवी सहित अन्य शामिल रहे।

## सड़क पर पैदल जा रही युवती को ट्रक ने कुचला, हुई मौत

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- सड़क पर खड़ी कार का अचानक गेट खुलने से टकराकर सड़क गिरी युवती, पीछे से ट्रक ने रौंदा

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत कस्बा के एक गेस्ट हाउस आमने मंगलवार देर शाम हुए एक सड़क हादसे में ट्रक से कुचल कर एक युवती की मौके पर मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी में भेजने की कार्रवाई शुरू की है।

कस्बा के बबर अली खेड़ा मोहल्ला निवासी सोनू पाण्डेय मंगलवार को बेटी आद्या व 24 वर्षीय भतीजी प्रज्ञा के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां से लौटते समय रात करीब 9 बजे कस्बा के लवकुश गेस्ट हाउस के सामने खड़ी कार में बैठे व्यक्ति ने अचानक दरवाजा खोल दिया। जिससे टकरा कर प्रज्ञा सड़क पर गिर गई। तभी पीछे से आया ट्रक उसे रौंदता हुआ करीब 50 मीटर खींच ले गया। लोगो के शोर मचाने पर चालक ने ट्रैक रोक कर भाग निकला। किसी तरह उसका क्षत विक्षत शव निकाला गया। बेटी की मौत से पिता सुशील , मां व अन्य पत्जन बेहाल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजने की कवायद शुरू की है।

रमजान | सपा नेता ने आलिम शाह मस्जिद में कराया सामूहिक रोजा इफ्तार, मस्जिद के पेश इमाम हाफिज सिताब ने कहा

# सब्र, इबादत, और इंसानियत का पैगाम देता है रमजान

संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव


सामूहिक रोजा इफ्तार में शामिल सपा नेता व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर के नानामऊ रोड तिराहा स्थित आलिम शाह मस्जिद में मंगलवार को सपा नेता रहीस अहमद द्वारा सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से रोजेदारों और विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने शिरकत की।

इफ्तार से मस्जिद के पेश इमाम हाफिज सिताब ने रमजान के पवित्र महीने की फजीलत पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा रमजान का महीना केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह सब्र, इबादत, आपसी भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। रोजा इंसान को बुराइयों के मार्ग को छोड़कर नेकी की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। शाम को इफ्तार का वक्त होते ही सभी रोजेदारों ने एक साथ खजूर और पानी से अपना रोजा खोला। इसके पश्चात मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा की गई।

नमाज के बाद दुआ का दौर चला, जिसमें देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे की मजबूती और मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए अल्लाह से इल्तिजा की गई। आयोजक रहीस अहमद ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि त्योहार ही वह अवसर होते हैं जब हम सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक साथ बैठते हैं। इफ्तार कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश सचिव शुजाउर्रहमान सफवी, जिला सचिव सलीमुर्रहमान, कय्यूम खान, आलोक त्रिपाठी, याकूब अली सिद्दीकी, अल्वी मिश्रा, सीएल भारती, मुजम्मिल अहमद, फरहान खान, गुलिस्तान खान, एडवोकेट रेहान खान, रुकसाना, राम नरेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने में बीघापुर ब्लॉक जनपद में अव्वल



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक आशुतोष शुक्ला।

बीघापुर, उन्नाव, अमृत विचार। विकासखंड कार्यालय सभागार में क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला द्वारा आयुष्मान कार्ड पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक ने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता पर जोर देते हुए क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं, कोटेदारों और पंचायत सहायकों को आयुष्मान चौंपियन की कैप पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं देश के हर गरीब और वृद्ध नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिनंदन प्रसाद ने ब्लॉक की प्रगति साझा करते हुए बताया कि बीघापुर विकासखंड में कुल 1 लाख 2 हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य है। अब तक 86 हजार कार्ड सफलतापूर्वक बनाए जा चुके हैं। जनपद में बीघापुर सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने वाला विकासखंड बन गया है। कार्ड धारक जनपद के 22 सरकारी और 18 निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह,खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पांडेय, निशि श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक मनोज राजवंशी, बीपीएम अनिल त्रिपाठी, भोले सिंह, मीना श्रीवास्तव, कोमल, रचना तिवारी, अर्चना देवी आदि मौजूद रहे।

**मुकद्दस रमज़ान**



- 21वां रोज़ा–
- अफ्तार–बुधवार 6:15 बजे
- 22वां रोज़ा–
- सहरी–गुरुवार 5:05 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### नशे से दूर रहने को किया जागरूक

**हरदोई, अमृत विचार।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से ग्राम नया गांव हबीबपुर में राजेश कुमार के दल द्वारा नाटक "नशे से दूर" का मंचन सफलतापूर्वक किया गया। नाटक में कलाकारों ने बखूबी दर्शाया कि नशे की लत के कारण किस प्रकार परिवार बिखर रहे हैं, टूट रहे हैं। कलाकारों में अनूप कुमार शर्मा, राधे श्याम, मानसी देवी, मुस्कान, शिवम, रंजीत सिंह, ओमपाल सिंह, दुलीचंद आदि कलाकारों ने अभिनय किया। नाटक का निर्देशन राजेश कुमार के द्वारा किया गया। नाटक का लेखन मनमोहन सिंह 'जोती' द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान एवं अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**हरदोई, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीता कौशिक के कुशल निर्देशन में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराए जाने का प्रयास न्यायालय एवं जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काव्या सिंह ने बताया कि 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया है।

# पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम उपलब्ध

## जिलाधिकारी ने तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर की चर्चा

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** डीएम की अध्यक्षता में जनपद के समस्त ऑयल कम्पनी के सेल्स अफसर्स / प्रतिनिधियों के साथ पेट्रोलियम उत्पादों-डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, सीएनजी आदि की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी एलपीजी संचालकों व पेट्रोल, डीजल, सीएनजी आउटलेट के संचालकों को कड़ाई से निर्देशित किया गया कि जनपद में उक्त पेट्रोलियम पद्धार्थों की कोई कमी नहीं है।

समीक्षा बैठक में आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, जियो बीपी व नायरा एनर्जी तेल कम्पनियों के विकय अधिकारियों तथा जनपद में कार्यरत रिटेल ऑउटलेट संचालकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। पेट्रोलियम उत्पादो-डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, सीएनजी आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में सम्बन्धित कम्पनी के विकय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि उक्त उत्पादों की आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं है तथा जनपद में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। जिला समन्वयक एलपीजी विशाल पोरवाल ने बताया कि उपभोक्ताओं के लिये जो पूर्व में एलपीजी की रिफिल की बुकिंग का समय न्यूनतम 21 दिन नियत था, उसे सभी जगह न्यूनतम 25 दिन की अवधि कर दी गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला पूर्ति अधिकारी व समस्त पूर्ति निरीक्षक, पेट्रोलियम एसोसिएशन के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

### डीजल-पेट्रोल की कमी की अफवाह

खाड़ी देशों में युद्ध की वजह से डीजल-पेट्रोल कमी की अफवाह दिनभर उड़ती रही। आशंका के चलते लोग अतिरिक्त डीजल-पेट्रोल अपने वाहनों में डलवाने लगे। जब इस बात की खबर जिला प्रशासन को लगी, तब जिलाधिकारी ने अफवाहों का खंडन करते हुए पर्याप्त मात्रा में जिले में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध होने की बात कही।



जन सुनवाई में शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### जन सनुवाई में डीएम ने सुनीं 59 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव, अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता व समय सीमा का रखा जाए विशेष ध्यान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज गौरा टांडा का औचक स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भवन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कमरों के गेट, खिड़कियों और जाली आदि की सूक्ष्मता से जांच की। उन्होंने कार्यदायी संस्था यू.पी. सिडको को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण में उपयोग की जाने वाली हर सामग्री उच्च श्रेणी की होनी चाहिए और गुणवत्ता के मानकों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विशेष रूप से जाली की गुणवत्ता और फिटिंग को बेहतर बनाने के कड़े निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में केवल मानक के अनुरूप ही सामग्री का प्रयोग किया जाए।

साथ ही, जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था को मैनपावर बढ़ाने और प्रगति में तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जनहित और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए ताकि समय पर भवन को कार्यशील बनाया जा सके। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से साइट का दौरा करने और निर्माण की निरंतर निगरानी करने के भी निर्देश दिए।



कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

- डीएम ने नर्सिंग कॉलेज गौरा टांडा का किया स्थलीय निरीक्षण

# आदर्शों व नीति के पथ पर चलकर ही मर्यादा पुरुषोत्तम बने श्रीराम

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे से जंगली शिव मंदिर के तीर्थ स्थल तक पैदल चलकर भक्तों ने कलश में जल भरकर श्रीमद भागवत कथा स्थल अतरौली में पूजन अर्चन किया। कथावाचक सुखदेव महाराज ने भगवान राम के पदचिन्हों पर चलकर जीवन को कृतार्थ करने की कथा सुनाई।

अतरौली में आयोजित भागवत कथा में पंडित सुखदेव महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने आदर्शों का पालन किया, और हमेशा नीति को पहला पायदान दिया। कहा कि भगवान श्रीराम संघर्षों से कभी भी पीछे नहीं हटे, रावण के बाहुबली होने के बाद भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा और मर्यादाओं का कभी उल्लंघन नहीं किया इसलिए भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहा गया है। कार्यक्रम में दिनेश पाल सिंह, राजेश सिंह, राकेश, सुनील, कृष्ण बिहारी, राजू, अर्पित, उदय प्रताप, तुषार, शुभम सहित कई भक्त मौजूद रहे।



कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

# नाले पर दबंगों का कब्जा, सड़क किनारे हो रहा जलभराव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई से पिहानी रोड पर भैंसटा पुल के अगल-बगल कुछ लोगों के नाले को बाधित करने का मामला सामने आया है। इस अवैध अवरोध के कारण न केवल इलाकाई लोगों के घरों में गंदा पानी घुस रहा है, बल्कि मुख्य सड़क पर भीषण जलभराव होने से स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं का निकलना दूभर हो गया है। इसी रोड पर सेंट जेवियर्स विद्यालय, स्टेडियम, बुद्ध विहार संतरहा गांव आदि पडते है। स्टेडियम में खेलने वाले खिलाड़ी व बुद्ध विहार में आने वाले श्रद्धालु, व दर्जनों गांव के ग्रामीण व हरदोई से पिहानी जाने वाले राज्यों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। जिला पंचायत की ओर से कुछ दूरी का नल का निर्माण कराया गया था वह भी पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है।



नाला बंद होने से मुख्य मार्ग पर हो रहा जलभराव। अमृत विचार

### गिरकर चुटहिल हो रहे स्कूली बच्चे

बुरा हाल तो स्कूली बच्चों का है। सड़क पर गंदा पानी के कारण छात्र-छात्राएं आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई छात्र चुटहिल भी हो चुके हैं। सेंट जेवियर्स विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों में इसको लेकर गहरा रोष है कि भविष्य के साथ खिलवाड़ होने के बावजूद निर्माण कार्य अटका हुआ है।

### आधा-अधूरा निर्माण बना मुसीबत

जिला पंचायत द्वारा कुछ दूरी तक नाले का निर्माण कराया गया था, लेकिन किन्हीं कारणों से काम बीच में ही रोक दिया गया। यह अधूरा नाला अब समाधान के बजाए समस्या बन गया है। भैंसटा पुल के पास पानी की निकासी न होने से बरसात के मौसम में स्थिति और भी बिगड़ने की आशंका है।

### घरों में पानी घुसने से बीमारियों का खतरा

हरदोई। इलाकाई लोगों का आरोप है कि कुछ रसूखदार लोगों ने नाले के बहाव को मिट्टी डालकर पूरी तरह बंद कर दिया है। स्थिति इतनी विकट है कि 24 घंटे जल भराव की समस्या बनी रहती है। इससे पहले यह नाला भैंसटा पुल में जाता था। जल भराव के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

### केवल मिला आश्वासन

इस समस्या को लेकर जब ग्रामीणों ने आवाज उठाई तो जिला पंचायत अध्यक्ष ने शीघ्र ही नाला निर्माण कार्य पूरा कराने और रुकावटों को हटाने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि मानसून की दस्तक से पहले इस समस्या का समाधान करता है या फिर यही हाल रहता है।

# दो सगे भाइयों का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** मोहल्ला खेड़ा अजमत मे 13 साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त दो सगे भाइयों की हत्या में नामजद है। हत्यारोपी के पास से पुलिस ने एक मोबाइल और कुछ नकदी बरामद की है।

कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत में रंजिश के चलते 2008 में मुन्ना सिंह की हत्या कर दी गई थी, जिसमें विपिन पुत्र विनोद कुमार सिंह, उसका भाई अतुल सिंह और विकास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना के दो वर्ष बाद न्यायालय में पुलिस की पैरवी पर आरोपियों को सजा हुई थी। सजा के आठ माह बाद विपिन अपील पर जेल से छूटकर घर आया था। इसी रंजिश में विपिन ने वर्ष 2013 में मुन्ना सिंह के भाई सुनील उर्फ़ गुड्डू सिंह की हत्या कर दी और फरार हो गया। तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने फरार विपिन पर 50 हजार रूपए का इनाम घोषित कर रखा था। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली शाहाबाद पुलिस और एसटीएफ प्रयासरत थी। इसी क्रम में अभियुक्त की लोकेशन भी ट्रेस कर रही थी। सोमवार को सुबह एसटीएफ और कोतवाली पुलिस ने रिश्तेदारों से मिलने पहुंचे इनामी हत्या आरोपी विपिन को गिरफ्तार कर लिया है। विपिन के पास से पुलिस को मोबाइल फोन और कुछ नगदी बरामद हुई है। गिरफ्तार हत्यारोपी ने बताया कि वह छिपकर विभिन्न प्रांतों में रह रहा था। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में हत्या आरोपी।

### जिला सैनिक बंधु समिति की हुई बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना के तहत शहीद ग्रामों को प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों से आच्छादित किया जाए। इसके तहत सभी शहीद ग्रामों को पक्के संपर्क मार्ग से जोड़ा जाएगा, जिन्हें गौरव पथ का नाम दिया जाएगा। इन गौरव पथों पर भव्य तोरण द्वार भी बनवाए जाएंगे।

# राजस्व मामले में प्रदेश में मिला पहला स्थान

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) के हरदोई क्षेत्र ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी पहचान मजबूत कर ली है। ताजा जारी आंकड़ों के अनुसार, हरदोई रोडवेज क्षेत्र ने आय (रेवेन्यू) के मामले में प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि ने न सिर्फ विभागीय मुख्यालय में हरदोई का गौरव बढ़ाया है, बल्कि जिले के कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण को भी नई पहचान दी है।

- हरदोई रोडवेज क्षेत्र ने बनाया नया कीर्तिमान

बताया जा रहा है कि यह सफलता क्षेत्रीय प्रबंधन, अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। चालक, परिचालक और अन्य स्टाफ ने यात्रियों को बेहतर सेवा देने के साथ-साथ निगम की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। लगातार बेहतर संचालन, समयबद्ध बस सेवाएं और यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की वजह से हरदोई क्षेत्र यह मुकाम हासिल करने में सफल रहा। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की संख्या बढ़ाने और सेवाओं को अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बसों के संचालन को अधिक प्रभावी बनाने, टिकट व्यवस्था को पारदर्शी रखने और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने से भी आय में वृद्धि हुई है। यही कारण है कि हरदोई क्षेत्र ने यह उपलब्धि हासिल की।

# बुआ के घर पहुंचे भतीजे की अचानक हालत बिगड़ी, मौत

संवाददाता, हरदोई/माधौगंज

**अमृत विचार।** कानपुर में प्लंबरी करने वाला युवक होली पर गांव आया हुआ था, वह अपनी बुआ के घर होली मिलने गया था, जहां उसकी हालत बिगड़ी गई, पहले तो उसे नशे में समझा गया, फिर बाद में उसे सीएचसी माधौगंज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। माधौगंज थाने के हसनपुर ज्यौली निवासी 42 वर्षीय सुभाष कानपुर में प्लंबर था, जबकि उसके भाई कैलाश, हरीराम, रतिराम और रामनरेश देहरादून में काम करते है, सारे भाई होली पर आए हुए थे। सुभाष सोमवार को उसी गांव में अपनी बुआ सुशीला के घर गया हुआ था, जहां देर शाम अचानक तबियत बिगड़ गई, पहले उसे नशे में समझ कर बात टाल दी गई, लेकिन जब हालत ज्यादा बिगड़ी तो उसे सीएचसी माधौगंज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस की शुरुआती जांच में प्वायज़निंग की बात सामने आ रही है, फिर भी मौत की वजह का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

# युवक का शव सड़क पर रखकर किया हंगामा

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव से बेनीगंज आ रहा युवक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था, सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक व क्षेत्राधिकारी ने परिजनों को शीघ्र न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी छोटे ने बताया कि उनका लड़का मोहित बीते शनिवार को गांव से राधाकृष्ण मैरिज लान बेनीगंज आ रहा था, रास्ते में रामपाल कारखाना के पास सामने से आ रहे भन्नू पुत्र सुन्दरलाल पासी ने ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाते हुए मोहित की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया, जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मोहित की मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने बेनीगंज-प्रतापनगर मुख्य मार्ग पर शव को रखकर जाम लगा दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने परिजनों से वार्तालाप कर मामला सुलझाने की कोशिश की, लेकिन परिजन दोषी की गिरफ्तारी पर अड़े रहे और देखते ही देखते हजारों मीटर लम्बी जाम लग गई, जिसके बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी हरियावां अजीत सिंह चौहान ने परिजनों को दोषियों पर न्यायोचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।



परिजनों को समझाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

> मृतक के परिजनों से संवाद कर शीघ्र कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया गया है, दुर्घटना के तहत मिलनी वाली सहायता राशि दिलाए जाने का भरोसा दिया गा गया है। जिसके बाद परिजन शव के अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवा कर यातायात बहाल करा दिया गया।
>
> **–अजीत सिंह चौहान,** सीओ

# उल्टियां होने पर सीएचसी ले जाए गए युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र के नासिक से लौटा युवक मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने गया, वहां उसके उल्टियां होने लगी। घर वाले उसे सीएचसी बावन पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

लोनार थाने के कल्लन सराय निवासी 40 वर्षीय चन्द्रवीर पुत्र छोटे दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई अशोक सिंह ने बताया कि चन्द्रवीर कोई काम नहीं करता था। इधर-उधर रहता था, उसी वजह से शादी नहीं हुई थी। कुछ महीने पहले वह महाराष्ट्र के नासिक चला गया था, जहां से वापस गांव आया था। मंगलवार को वह जगदीशपुर मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने गया हुआ था, वहां उसके उल्टियां होने लगी। आस-पास के लोगों ने पहचान की और उसके घर वालों को जानकारी दी। घर वाले पहुंचे और चन्द्रवीर को उठा कर सीएचसी बावन ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी।

**रमजान** | 120 से 1800 रुपये किलो तक बिक रहा खजूर

# सण्डीला में बढ़ी विदेशी खजूर की मांग

प्रभात अस्थाना, सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** रमज़ान के पवित्र महीने में रोज़ेदारों के इफ्तार की तैयारियों के साथ रमज़ान का दूसरा अशरा मंगलवार को 20 रमज़ान को समाप्त हो गया, जैसे जैसे माह रमज़ान समाप्ति की ओर बढ़ रहा है, वहीं विभिन्न स्थानों पर इफ्तार के आयोजन हो रहे हैं, रोज़ा इफ्तार के आयोजनों से खजूर की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कस्बा सण्डीला के बाजार में इन दिनों खजूर की कई किस्में उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत गुणवत्ता, आकार और देश के आधार पर अलग-अलग है।

स्थानीय बाजारों में साधारण खजूर लगभग 120 रुपये प्रति किलो से मिलना शुरू हो जाती है, जबकि मध्यम और बेहतर गुणवत्ता की खजूर 250 से 600 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। वहीं प्रीमियम श्रेणी की खजूर की कीमत 800 रुपये से लेकर 1800 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। रोज़ेदारों के बीच खास तौर पर अजवा, मेदजूल और किमिया जैसी बड़ी और उच्च गुणवत्ता वाली खजूर की मांग अधिक देखी जा रही है।

कस्बा के सूखे मेवे एवं विदेशी खजूर के प्रमुख विक्रेता इमरान के अनुसार रमज़ान का महीना शुरू होते ही खजूर की बिक्री कई गुना बढ़ जाती है। मुस्लिम समुदाय में रोज़ा खोलने की शुरुआत खजूर से करना सुन्नत माना जाता है, इसलिए इफ्तार के समय इसकी मांग स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि इस समय सऊदी अरब, ईरान, इराक, ट्यूनीशिया और संयुक्त अरब अमीरात से आयातित खजूर भी उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग विशेष रूप से पसंद कर रहे हैं।



बाजार में खजूर की बिक्री करता इमरान।

### सप्लाई में असर पड़ने से कीमतों में आई बढ़ोतरी

इमरान के अनुसार इस वर्ष विदेशों से आने वाली कुछ प्रीमियम किस्मों की सप्लाई में हल्का असर पड़ा है, जिसके कारण उनकी कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आयात लागत, पैकेजिंग और गुणवत्ता के कारण भी दाम ऊंचे बने हुए हैं, हालांकि इसके बावजूद मांग में किसी प्रकार की कमी नहीं आई है। पोषण विशेषज्ञों का कहना है कि खजूर ऊर्जा, फाइबर, आयरन और प्राकृतिक शर्करा का अच्छा स्रोत है। रोज़ा खोलते समय खजूर खाने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है और दिनभर की थकान दूर होती है। यही वजह है कि रमज़ान में धार्मिक परंपरा के साथ-साथ स्वास्थ्य की दृष्टि से भी खजूर को इफ्तार का अहम हिस्सा माना जाता है।

# मोबाइल टॉवर से 30 बैटरियां चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में मोबाइल टावर से बैटरियां चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने लिखित शिकायत देकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने टावर से महंगी बैटरियां और अन्य उपकरण चोरी कर लिए, जिससे कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। शिकायतकर्ता दुर्गा पाल सिंह पुत्र लाला राम निवासी ग्राम सुमेर, थाना अलीगंज, जनपद एटा ने बताया कि वह एक कंपनी के माध्यम से मोबाइल टावर की देखरेख का कार्य करते हैं। उनके अनुसार शाहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी चांद खां क्षेत्र के एक मोबाइल टावर पर लगी बैटरियों को अज्ञात लोगों ने रात के समय चोरी कर लिया। घटना की जानकारी तब हुई जब टावर की जांच की गई तो वहां से बैटरियां और कुछ जरूरी उपकरण गायब मिले।पीड़ित के मुताबिक टावर पर कुल 30 बैटरियां लगी थीं। चोर इन बैटरियों को खोलकर अपने साथ ले गए। इस घटना से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

जनपद में चोरी की घटना रोकने का नाम नहीं ले रही है। लगातार चोरी लूट की घटनाएं सामने आ रहे हैं। सोमवार की रात के आसपास हुई। जब तकनीकी टीम टावर की जांच करने पहुंची तो वहां बैटरियां गायब मिलीं। इसके बाद आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई, लेकिन चोरी करने वालों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी।



टॉवर से चोरी हुईं बैटरियां। अमृत विचार

अमृत विचार





रोजा

शिया
सहरी : 04.51 बजे
अफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.58 बजे
अफ्तार : 06.15 बजे

# परिवार में हेरफेर, दूसरे के नाम बना राशन कार्ड

## बड़े पैमाने पर राशन कार्ड और परिवार के सदस्यों में हेरफेर की शिकायत

कार्यालय संवाददाता सीतापुर


सुशीला


रामरानी


निर्मला


गोवर्धन लाल

**अमृत विचार:** इसे प्रशासनिक चूक कहें या लापरवाही का पुलिंदा, राशन कार्ड ऐसे बनकर तैयार हुए कि मुखिया का परिवार ही नदारद था। राशन कार्ड में कुछ परिवार ऐसे भी हैं जिनके अभिभावक का पता-ठिकाना ही ढूंढे नहीं मिल रहा। बड़ा घालमेल सामने आने पर जिला पूर्ति अधिकारी ने जांच के आदेश दे दिए हैं। डीएसओ का कहना है कि लापरवाह कर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

मामला विकास खण्ड परसेण्डी और खैराबाद से जुड़ा हुआ है। महसिंहपुर निवासी सुशीला पत्नी सुरेंद्र बताती हैं कि राशन कार्ड संशोधन के लिए उनसे कार्ड और आधार मांगा गया। राशन कार्ड बनकर तैयार हुआ तो पता चला कि अभिभावक में नाम तो उनका है लेकिन परिवार के सदस्य किसी और के हैं। तबसे उनके राशन ही नहीं मिल सका। सूरेपारा गांव की निर्मला पत्नी गोवर्धन लाल बताती हैं उनके राशन कार्ड पर जबसे दूसरी निर्मला का नाम आया है, वो विभाग के चक्कर लगाते हुए थक चुकी हैं। आधार कार्ड दुरुस्त नहीं हुआ। नंदनी पत्नी नेकपाल, शकुंतला पत्नी सियाराम, मोहिनी पत्नी मोछई, रामराजी पत्नी प्यारेलाल, उमाशंकर पत्नी रिंकी देवी, पराना पत्नी टेकई, प्रमोदनी पत्नी प्रमोद, सुशीला पत्नी सुरेश सहित सैकड़ा भर से अधिक लोगों के दावे हैं कि उनका राशन कार्ड और आधार कार्ड लेकर के गड़बड़ी हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव का कहना है कि गड़बड़ी की शिकायतें सामने आते ही पूर्ति निरीक्षक सदर नीतेश मिश्रा को निर्देश दिए गए हैं। ये भी कहा गया है कि इसमे जिसकी भी लापरवाही सामने आए, उसके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए।

### 1 लाख 11 हजार 380 अन्त्योदय कार्ड से मिल रहा लाभ

जनपद में 1 लाख 11 हजार 380 अन्त्योदय कार्ड के सहारे पात्रों को लाभ मिल रहा है। ये व्यवस्था 1819 राशन कार्ड की दुकानों पर उपलब्ध की गई है। जिसमें 3 लाख 9 हजार 290 पात्रों को ये सुविधा मिलनी है। ऐसे में कई स्थानों पर राशन कार्ड में मिली गड़बड़ियों से लाभान्वित को लाभ मिलने की प्रक्रिया पर विघ्न होने की शिकायते हैं।

### 7 लाख से अधिक परिवारों को मिल रहा पात्र गृहस्थी लाभ

पात्र गृहस्थी लाभ पाने वाले परिवारों की संख्या 7 लाख 78 हजार 683 है। जिसमें 31 लाख 3 हजार 242 लोगों को निशुल्क राशन की सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

### जनपद में आठ लाख से अधिक हैं राशन कार्ड

जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि जनपद में राशन कार्ड की संख्या 8 लाख 90 हजार 63 है। जिनके माध्यम से 34 लाख 12 हजार 532 लोग सरकार की निशुल्क राशन सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

## दरोगा को 'डिजिटल अरेस्ट' कर 15 लाख रुपये ठगे

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** जिले में साइबर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां ठगों ने पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में तैनात एक दरोगा को ही अपना शिकार बना लिया। साइबर अपराधियों ने दरोगा नारायण सिंह को पांच दिनों तक 'डिजिटल अरेस्ट' रखा और सीबीआई व सुप्रीम कोर्ट का डर दिखाकर उनसे 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। ठगों ने दरोगा को डराया कि उनके खिलाफ पाकिस्तान के किसी अपराधी से संबंध होने का वारंट जारी हुआ है। डर के मारे दरोगा ने आरटीजीएस के जरिए रकम ट्रांसफर कर दी। होश आने पर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगों के खाते में 95 हजार रुपये होल्ड करा दिए हैं। प्रभारी निरीक्षक अजय रावत के मुताबिक, मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

- पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में तैनात दरोगा हुआ ठगी का शिकार

## न्यूज ब्रीफ

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर

**लहरपुर।** दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा लहरपुर - तंबौर मार्ग स्थित ग्राम गौरिया के नजदीक हुआ। बताते हैं कि लहरपुर की तरफ से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई। हादसे में मतुआ निवासी राम सिंह (27) सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### जरूरतमंदों को मिली योजनाओं की जानकारी

**सीतापुर।** जिला उद्योग विभाग द्वारा बिना ब्याज के जरूरतमंदों को सरकार के द्वारा 5 लाख से 10 लाख तक ऋण सुविधा के लिए जागरूक किया गया। मोहम्मद लईक ने बताया कि सरकार द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकगीत के माध्यम से गणेश भगवान की आरती की गई। इस दौरान श्री कृष्ण भगवान की झांकियां भी दिखाई गई। आयोजन के दौरान लट्ठमार होली गोपिकाओं द्वारा खेली गई।

### महिला जनसुनवाई 13 मार्च को

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 13 मार्च को जनपद के भ्रमण पर रहेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम के लिए इस दिन दो सत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### परिजनों से मिलाई गुमशुदा महिला

**सीतापुर / नैमिषारण्य।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद पुलिस ने मानवीय व तकनीकी प्रयासों से दो अलग-अलग सफल कार्यवाहियां की हैं। थाना कमलापुर पुलिस को ढाबे के पास एक अज्ञात महिला के घूमने की सूचना मिली थी। महिला अपना पता स्पष्ट नहीं कर पा रही थी, लेकिन पुलिस ने 'सी-प्लान' एप की मदद से ग्राम पट्टी के लोगों से संपर्क साधा और महिला की शिनाख्त कर उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। टीम में उपनिरीक्षक राणा प्रताप सिंह व अन्य शामिल रहे। नैमिषारण्य पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम हुए 6 फोन बरामद किए। क्षेत्राधिकारी मिश्रित विशाल गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने 4 मोबाइल उनके स्वामियों को सौंप दिए।

### मामूली विवाद में खूनी संघर्ष, वीडियो वायरल

**महोली।** कोतवाली क्षेत्र के दौली गांव में देर शाम मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पीड़ित सियानंद ने गांव के ही अनिल, राजकुमार और राममोहन समेत अन्य लोगों पर घर के सामने आकर गाली-गलौज और हमले का आरोप लगाया है। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पाताबोझ चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं कल से

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देशानुसार इस वर्ष के लिए सीनियर महिला व पुरुष 19 वर्ष से कम जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 12 से 15 मार्च तक किया जा रहा है। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम और तरणताल स्टेडियम में आयोजित होने वाली इन स्पर्धाओं में एथलेटिक्स, जूडो, बैडमिंटन (12 मार्च), सेपक टाकरा (13 मार्च) तथा वॉलीबॉल, हैंडबॉल व हॉकी (14 व 15 मार्च) के मुकाबले होंगे। सभी खेल सुबह 9 बजे से शुरू होंगे। इच्छुक विद्यालयी टीमें या व्यक्तिगत खिलाड़ी अपना पंजीकरण 11 मार्च तक जिला खेल कार्यालय, सीतापुर में करा सकते हैं। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण-पत्र लाना अनिवार्य होगा। विजेताओं को खेल विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।


कार्यकत्रियों को सम्मानित करतीं सीडीपीओ। अमृत विचार

## कार्यकत्रियों को मिला सम्मान तो खिले चेहरे

**मिश्रिख (सीतापुर)।** आंगनवाड़ी सम्मेलन कलाकार विभाग द्वारा बाल पुष्टाहार की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनवाड़ी विभाग द्वारा बाल पुष्टाहार के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। कुपोषण से दूर रहने के उपायों पर चर्चा हुई। सीडीपीओ अनीता सिंह ने बताया कि प्रथम बच्चे पर 5 हजार तथा द्वितीय बच्चे पर 6 हजार मिलेंगे। अगर लड़की होती है तो गर्भवती माता को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। सीडीपीओ अनीता सिंह एवं डीपीओ मनोज राव द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्या देवी पांडे केंद्र सरसई, सरोजिनी शुक्ला सतनापुर, सीमा देवी तथा अन्य उपस्थित रहे।

## लटका मिला छात्रा का शव पिता की मौत से थी परेशान

**संवाददाता महोली, अमृत विचार:** इलाके के उमरिया गांव में छात्रा का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। बताते हैं कि कुछ समय पहले पिता के मौत से कक्षा छह की छात्रा खासी परेशान थी। हाल फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में छानबीन शुरू की है। महोली कोतवाली क्षेत्र की उमरिया गांव वासी प्रियांशी घर से निकलकर लापता हो गई। बाद में उसका शव गांव के करीब पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि करीब डेढ़ माह पूर्व बालकराम की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई थी। इसी के बाद से प्रियांशी परेशान रहने लगी थी। बताते हैं कि बालकराम ने लखीमपुर निवासी अपने साले विनोद की पुत्री प्रियांशी को गोद लिया था। चार वर्षीय प्रियांशी गांव स्थित भारतीय इंटर कॉलेज में कक्षा छह की छात्रा थी।

## दधीचि कुंड पहुंचे शंकराचार्य, बोले- 'गौ माता' को मिले राष्ट्रमाता का दर्जा

संवाददाता, मिश्रिख।


मिश्रिख तीर्थ भ्रमण के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती व उनके अनुयायी।

**अमृत विचार :** ज्योतिष पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य के मिश्रिख स्थित महर्षि दधीचि कुंड के दर्शन किए। कुंड पहुंचने पर प्रधान पुजारी राहुल शर्मा ने उनका स्वागत किया और तीर्थ की पौराणिक महत्ता से अवगत कराया।

शंकराचार्य ने महर्षि दधीचि के दर्शन कर लोक कल्याण के लिए उनके अस्थि दान को मानवता का सर्वोच्च आदर्श बताया। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने गौरक्षा और गौ सेवा पर विशेष बल दिया। उन्होंने आह्वान किया कि भारतीय संस्कृति की आधारशिला 'गौ माता' को अब राष्ट्रमाता का सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महंत देवानंद गिरि ने माल्यार्पण कर जगद्गुरु का अभिनंदन किया। भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं और साधु-संतों के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।

# सीडीओ ने विकास भवन का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

### औचक निरीक्षण से कर्मचारी डरे


डीएम के निर्देश के बाद विकास भवन के पटलों का निरीक्षण करतीं मुख्य विकास अधिकारी।

**अमृत विचार:** फरियादियों की विभागीय अधिकारियों ने तो सुध नहीं ली, लेकिन जिलाधिकारी ने आमजन की संवेदनाओं का जरूर संज्ञान लिया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने विकास भवन स्थित सभी कार्यालय (पटलों) का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अधिकारियों को खरी-खरी का सामना भी करना भी पड़ा।

बता दें कि अमृत विचार ने अपनी पड़ताल में विकास भवन के कई विभागों में आने वाले फरियादियों का संवाद साझा किया था। पहले भी आए लेकिन समस्या जस की तस शीर्षक से प्रकाशित खबर का जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए तत्काल सीडीओ को जांच के निर्देश दिए। सीडीओ के औचक निरीक्षण और मातहतों को सुनाई गई खरी-खरी के बाद पटलों का माहौल अचानक बदला हुआ नजर आया।


पहले भी आए लेकिन समस्या जस की तस

अमृत विचार IMPACT

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

# 17 साल बाद फिर शुरू हो सकती है कमलापुर चीनी मिल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** वर्ष 2009 से तालाबंदी का शिकार हुई कमलापुर शुगर एण्ड इंडस्ट्रीज के शुरू होने की खबर है। डीएम के प्रयास के बाद शासन की स्वीकृति मिलने पर मुरछाए हुए किसानों के चेहरे एक बार फिर खिल गए हैं।


आरपी सिंह प्रदेश महासचिव रालोद

17 साल बाद कमलापुर चीनी मिल चलने को तैयार है। इस बार मिल का संचालन मेसर्स एनआर इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, क्योंकि वर्ष 2017 में नीलामी के बाद निजी संचालकों ने इसे खरीदा लिया था। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने आते ही जब विभागीय प्रक्रियाओं को पूरा करके लाइसेंस लाइसेंस आदि का कार्य पूरा कराया ताकि किसानों को लाभ मिल सके।

### बकाया भुगतान की बढ़ी उम्मीदें

वर्ष 2006 से 2009 के बीच जिन किसानों का गन्ना मूल्य बकाया रह गया था, उसके भुगतान पर भी सहमति बन गई है। मिल प्रबंधन ने पुराने बकाया भुगतान करने के लिए लिखित सहमति दी है। इसके लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष समिति गठित की जाएगी, जो अभिलेखों की जांच कर भुगतान की प्रक्रिया शुरू करेगी। हलांकि किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने ऐलान किया है कि बकाया नहीं मिला तो प्रदर्शन किया जाएगा।

**15 हजार किसानों को मिलेगा सीधा लाभ :** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह ने बताया कि मिल चालू होने से सीधे लाभ किसानों को मिलेगा। साथ ही रोजगार के सृजन होंगे। आवागमन बढ़ने से व्यापार पर भी असर पड़ेगा। जिससे इलाके में उन्नति होगी। जो रोजगार बंद हो गए थे, वे फिर चालू हो जाएंगे।

## 45 नए अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पिछले 15 दिनों के भीतर जिले के विभिन्न थानों में 45 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर उनकी सतत निगरानी शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के अनुसार, इस वर्ष में अब तक कुल 110 अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। ताजा सूची में शामिल अपराधी लूट, डकैती, नकबजनी, चोरी और अवैध शस्त्र रखने जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त पाए गए हैं। सबसे अधिक कार्रवाई लहरपुर, सिधौली, महोली और तालगांव थानों में देखी गई है। सूची में लहरपुर के सोनेलाल व साहिबे आलम, सिधौली के आदिल व चांद मियॉ, महोली के अंकित मिश्रा और तालगांव के अरविन्द सिंह जैसे नाम शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जा रही है।


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक रामकृष्ण व अन्य।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव में बच्चों ने बिखेरी छटा

**संवाददाता, गोंदलामऊ। अमृत विचार :** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक रामकृष्ण भार्गव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान देना भी आवश्यक है, ताकि वे हर क्षेत्र में निखर सकें। वहीं, विधायक मनीष रावत ने कहा कि सरकार के 'कायाकल्प' अभियान से सरकारी स्कूलों की सूरत बदल गई है और शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ है। खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमी निगार की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय सिंह, पवन त्रिपाठी, राहुल सिंह, सुधीर शुक्ला और अतुल सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

# गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ा, पंजीकरण शुरू

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में गेहूं खरीद की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि शासन ने इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 160 रुपये बढ़ाकर 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

जनपद में गेहूं खरीद के लिए कुल 146 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 21, पीसीएफ के 54, पीसीयू के 47, यूपीएसएस के 12, मंडी समिति के 3 और भारतीय खाद्य निगम के 9 केंद्र शामिल हैं। किसान विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण या नवीनीकरण करा सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष पंजीकरण करा चुके किसानों को नए सिरे से आवेदन की जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें अपना विवरण अपडेट करना होगा। पंजीकरण ओटीपी आधारित होगा, इसलिए किसान सक्रिय मोबाइल नंबर ही दर्ज करें। यदि किसान स्वयं केंद्र पर उपस्थित नहीं हो सकता, तो पंजीकरण के समय परिवार के नामित सदस्य का विवरण देना अनिवार्य होगा। अब तक जिले में 393 किसान पंजीकरण करा चुके हैं।

## चयनित अबुजर को कांग्रेसियों ने दी बधाई



**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अबुजर अंसारी के आवास पर पहुंचकर शहर कांग्रेस पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शिशिर वाजपेई के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने अबुजर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिशिर वाजपेई ने कहा कि यह सीतापुर के लिए गौरव की बात है कि यहां का छात्र सिविल सेवा में चयनित हुआ है। उन्होंने बताया कि अबुजर की प्रारंभिक शिक्षा सीतापुर में हुई, जिसके बाद उन्होंने दिल्ली में रहकर तैयारी की। उनके पिता अब्दुल कलाम अंसारी व माता (शिक्षिका) के योगदान की भी सराहना की गई। इस दौरान आमोद मिश्र, कयूम अंसारी, अभय मिश्रा, रिजवान खान, अहमद अंसारी, महबूब अली व शाकिब अंसारी आदि मौजूद रहे।

### बेहडा गांव में पांच दिवसीय बुद्ध कथा संपन्न

**कमलापुर।** बरई जलालपुर के बेहडा गांव में आयोजित पांच दिवसीय बुद्ध कथा का समापन हो गया। अंतिम दिन कथा वाचक नीरज कुमार बौद्ध ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भगवान बुद्ध के बताए शांति, करुणा और समानता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री डॉ. सुधीर कुमार राजवंशी ने कहा कि बुद्ध कथा का आयोजन तभी सार्थक होगा जब हम नशे का त्याग करेंगे और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाएंगे। इस अवसर पर सुशील कुमार गौतम, भगवानदीन, किशोर, सूरज, अमित कुमार, बैजनाथ और शिवम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### इबादत व रहमत की रात है 'शब-ए-कद्र

**सीतापुर।** रमजान-उल-मुबारक का आखिरी अशरा शुरू होते ही मोमिनों ने 'शब-ए-कद्र' (लैलतुल कद्र) की तलाश शुरू कर दी है। हाफिज जावेद खान ने बताया कि रमजान की 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं और 29वीं रातों में से ही कोई एक रात शब-ए-कद्र होती है, जो हजार महीनों की इबादत से अफजल है। उन्होंने बताया कि इसी मुकद्दस रात में अल्लाह ताला ने कुरान-ए-पाक नाजिल फरमाया था। इस रात फरिश्ते जमीन पर उतरकर इबादत गुजारों के लिए रहमत की दुआएं करते हैं। मुस्लिम समाज के लोग इन पाक रातों में जागकर सलातुल हाजत की नमाज, कुरान की तिलावत और कब्रिस्तान जाकर दुआएं करते हैं। मान्यता है कि इस रात सच्चे दिल से मांगी गई हर जायज दुआ कुबूल होती है और गुनाहों से तौबा नसीब होती है।

### लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक

सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के मार्गदर्शन में यह बैठक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी भगीरथ वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला जज (कोर्ट संख्या-5 नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने राजस्व, पुलिस और विकास विभाग के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने उपस्थित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि लंबित मामलों में शत-प्रतिशत तामीला सुनिश्चित की जाए ताकि 14 मार्च को ज्यादा से ज्यादा पक्षकारों को सुलभ न्याय मिल सके।

### टिकेश्वर धाम में संघ का होली मिलन समारोह

**महोली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा टिकेश्वर धाम परिसर में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरभि गौ सेवा समिति के अध्यक्ष अजय प्रकाश गुप्ता ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश बिंदल ने 'गौ सम्मान अभियान' पर जोर देते हुए स्वयंसेवकों से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की। उन्होंने आगामी 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले 'सम्मान दिवस' में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। समारोह में नगर संघ के प्रशांत, राजेश तिवारी, करुणा शंकर कटियार, राज कुमार तिवारी, बसंत लाल त्रिवेदी, डॉ. सतीश वर्मा, हर्षवर्धन शुक्ला, नीरू त्रिवेदी व आलोक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन अशोक तिवारी द्वारा किया गया।

# कब्जेदारों पर चला बुलडोजर, लगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जनपद में सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने और अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत दो बड़ी कार्रवाइयां की हैं। खैराबाद क्षेत्र में बेशकीमती सरकारी जमीन पर काबिज व्यक्ति पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है, तो वहीं शहर की सीमा पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों को जमींदोज कर दिया गया है।

**भट्ठे की जमीन को खाली करने का अल्टीमेटम**

तहसीलदार न्यायिक न्यायालय अतुल सेन सिंह ने ग्राम नैपालापुर में सुरक्षित श्रेणी भट्ठा पर वाली अवैध कब्जे की जमीन के मामले में फैसला सुनाया है। प्रतिवादी बुद्ध प्रकाश द्वारा 11 वर्षों से किए जा रहे अवैध उपभोग के बदले 3,15,96,400 रुपये की क्षतिपूर्ति और बेदखली का आदेश दिया गया है। प्रतिवादी ने 20 साल पुराने एकपक्षीय आदेश की आड़ लेनी चाही, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। राजस्व टीम को दो सप्ताह के भीतर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।


कब्जे को हटाती जेसीबी।

### हरदोई रोड पर अवैध प्लाटिंग पर चला 'पीला पंजा'

सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय के नेतृत्व में हरदोई रोड स्थित पुल के पास भू-माफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। बिना नक्शा पास कराए काटी जा रही तीन बड़ी अवैध कॉलोनियों में जिला प्रशासन के बुलडोजर ने सड़कों और नालियों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई भी कॉलोनाइजर सामने नहीं आया।

> सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण और बिना अनुमति के प्लाटिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। – **मीनाक्षी पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर**

# तंबौर में मजहब की दीवार लांघ युवती बनी 'पूजा'

संवाददाता, सीतापुर / तंबौर।


विवाह के बाद मंदिर परिसर में उपस्थित नव युगल।

- तंबौर क्षेत्र में प्रेमी आशुतोष संग रचाई शादी

**अमृत विचार :** तंबौर क्षेत्र में प्रेम के लिए मजहब की दीवार तोड़ने का एक मामला सामने आया है। यहां एक मुस्लिम युवती ने स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाकर अपने प्रेमी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, तंबौर के ककरहा निवासी रिजवाना और महराजगंज के आशुतोष यादव के बीच बीते दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिजनों की सहमति न मिलने पर युवती ने सनातन धर्म स्वीकार कर अपना नाम पूजा रख लिया। इसके बाद एक मंदिर में दोनों का विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान परिवार के सदस्यों की अनुपस्थिति में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विवाह की रस्में पूरी कराईं। संगठन के कार्याध्यक्ष सीनू मिश्रा ने बताया कि दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से साथ रहना चाहते थे, इसलिए उनकी मदद की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**महराजगंज :** क्षेत्र के बावन बुज़ुर्ग बल्ला मोड़ पर मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चंदापुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर मजरे कुशमहुरा निवासी राजू मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे अपनी बाइक से हरचंदपुर के कठवारा गांव जा रहे थे। जैसे ही वह महराजगंज से आगे बल्ला मोड़ पर पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राजू सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के साथ ही पुलिस को सूचित किया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस की सूचना पर घायल राजू के परिजन आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंच गए हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

### मौलाना अब्दुल्ला सलीम का पुतला जलाया

**बछरावां :** सोशल मीडिया पर वायरल कथित वीडियो पर आपत्ति जताते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। अभिषेक सिंह, राजू रावत, राघवेंद्र सिंह, गौरव पाल, हर्ष भगत सिंह, अनुराग दीक्षित, अजीत अवस्थी ने कहा कि मौलाना अब्दुल्ला सलीम का कथित भाषण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। जिसमें मौलाना ने अपने एक सार्वजनिक भाषण में गौहत्या और गौमांस खाने को बढ़ावा देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी और गौमाता के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि इस प्रकार के बयान से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने मामले में जांच कर मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित स्कार्पियो पलटी, पांच घायल

**सलोन :** कोतवाली क्षेत्र के बीरभानपुर निवासी विक्रम पुत्र बालकराम अपने परिवार के आधा दर्जन लोगों के साथ रोहनिया गांव शादी समारोह में समलित होने गए थे। वापस आते समय ऊँचाहार मार्ग रोहनिया के पास निर्माणाधीन सडक पर पहुंचते ही गाड़ी अनियंत्रित होकर दूर खेत मे पलट गई। घायल विक्रम, बेटी तान्या, संजय व बेटी तनीषा, सनम, शैलजा को आनन फानन जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कोतवाली प्रभारी पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए है।

### हरे पेड़ों पर चला आरा, जिम्मेदार मौन

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वन माफिया बेखौफ होकर फलदार और हरे पेड़ों पर आरा चला रहे हैं। संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो की चुप्पी से पेड़ कटान के ठेकेदारों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर तिराहे के पास स्थित एक बाग में हरे आम के पेड़ों की कटाई का मामला प्रकाश में आया है।

## महिला की हत्या के मामले दोषी जेठ को मिली उम्रकैद

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोर्ट ने डलमऊ थाना क्षेत्र में करीब छह साल पहले हुई महिला की हत्या के एक मामले दोषसिद्ध होने पर आरोपी जेठ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित कोर्ट संख्या एक के अपर सत्र न्यायाधीश कुशलपाल ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) विवेक सिंह राठौर के मुताबिक मामले की रिपोर्ट मृतका के पति रामसुमेर ने थाना डलमऊ में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 2 सितंबर 2019 की शाम करीब 8 बजे वादी अपनी पत्नी मोनी देवी के साथ खाना खाने बैठा था। तभी वादी का बड़ा भाई धुन्नीलाल आकर उसकी पत्नी को गालियां देने लगा। वह कुछ समझ पाता कि बड़े भाई ने वादी की पत्नी मोनी का बाल पकड़कर उसके गर्दन पर बाँके से कई वार कर दिए। जिसमें वादी की पत्नी मोनी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना के बाद डलमऊ थाना क्षेत्र के तेलियानी मजरे संतपुर निवासी धुन्नीलाल के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर हत्या का आरोप सिद्ध होने पर आरोपी मृतका के जेठ को उम्रकैद के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई।

## पुलिस अधीक्षक से मिले बीडीसी सदस्य, सीओ को सौंपी जांच

**कार्रवाई की मांग**

- ब्लॉक प्रमुख के बेटे के रिवॉल्वर तानने का मामला

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान बीडीसी सदस्य पर ब्लॉक प्रमुख के बेटे द्वारा कथित रूप रिवॉल्वर तानने के मामले में मंगलवार को करीब चार दर्जन सदस्यों ने एसपी से मुलाकात करके पूरी हकीकत बताई है और प्रमुख के बेटे व उसके साथियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पूरे प्रकरण की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक ने सीओ डलमऊ को निर्देशित किया है।

ज्ञात हो कि सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में भाग लेने के लिए सावापुर नेवादा गांव के बीडीसी सदस्य मनीष कौशल साथियों के साथ ब्लाक परिसर में थे। उनका आरोप है कि इसी दौरान ब्लाक प्रमुख का बेटा अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और बैठक कक्ष में जाने से उन्हें रोक लिया और उन पर रिवाल्वर तान दी। भगदड़ होने के कारण उसकी रिवॉल्वर छूटकर नीचे गिर गई, जिसके कारण उनकी जान बच सकी। इस घटना की एक तहरीर कोतवाली में सोमवार को ही दी गई थी। पुलिस द्वारा प्राथमिकी न दर्ज करने के कारण मंगलवार को करीब चार दर्जन बीडीसी सदस्य लामबंद होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी को पूरी घटना से अवगत कराया। इस मामले में एसपी ने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन बीडीसी सदस्यों को दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी डलमऊ को सौंपी है। इधर कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि घटना ने तहरीर लेकर जांच की जा रही है, जो तथ्य सामने आएंगे उसी अनुरूप कार्रवाई होगी।



कार्यालय के सामने मौजूद ऊंचाहार के बीडीसी सदस्य। अमृत विचार

### डीएम से बैठक निरस्त करने की मांग

मंगलवार को ऊंचाहार के करीब चार दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सोमवार को संपन्न हुई ऊंचाहार क्षेत्र पंचायत की बैठक को निरस्त करने की मांग की है। सदस्यों ने निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने और बड़ी संख्या में सदस्यों के न होने के बावजूद पारित किए गए प्रस्तावों को अलोकतांत्रिक बताया है। प्रार्थना पत्र में लिखा कि निर्धारित नियमों के अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बैठक की सूचना 15 दिन पूर्व दी जानी चाहिए, किंतु ऐसा नहीं किया गया। जिसके कारण सदस्यों को बैठक की समय पर सूचना नहीं मिल सकी। यही नहीं ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का मामला उच्च न्यायालय में लंबित है, इसके बावजूद वह लगातार वित्तीय और प्रशासनिक कार्य को अंजाम दे रहे हैं। जबकि नियम के अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा जब तक कोई व्यवस्था नहीं दी जाती ,तब तक उन्हें अधिकार से वंचित किया जाना चाहिए। सदस्यों ने सोमवार को संपन्न हुई बैठक को निरस्त करके पुन: बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। शिकायती पत्र देने वाले सदस्यों में अभिलाष चंद्र कौशल, गुड्डन यादव, राजेंद्र यादव, विजय बहादुर, आशीष पांडेय, संगीता जायसवाल, गजाधर, लाल बहादुर, मुकेश, राम मनोहर, अनामिका, सुनील कुमार, भोला, राजू, विजय कुमार, उमेश, इंद्रपाल, संजय आदि मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन सतर्क, डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**14 और 15 मार्च को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की होगी परीक्षा**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती–2025 लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा में के लिए जिले में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी जगह सतर्कता बरतने के निर्देश दे दिए गए हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। मौजूद अधिकारियों को चाक चौबंद व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया।

डीएम और एसपी ने फिरोजगांधी डिग्री कॉलेज और चन्द्रपाल इण्टर कॉलेज गंगागंज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया कि उप निरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 14 तथा 15 मार्च को दो पालियों में कराई जा रही है। पहली पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक और दूसरी पाली अपरान्ह तीन बजे से शाम पांच बजे तक होगी। परीक्षा में प्रत्येक पाली में 3600 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जनपद के प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न होगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में परीक्षा के दृष्टिगत जो भी तैयारियां की जानी थी वह सभी पूर्ण कर ली गईं हैं। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। डीआईओएस संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर पूरी व्यवस्था है। नकल विहीन परीक्षा कराने के सारे इंतजाम कर लिए गए हैं।


चंद्रपाल इंटर कालेज गंगागंज का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर और एसपी रवि कुमार साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**सतांव (रायबरेली)।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे कोइली मजरे बांस गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक का शव गांव के बाहर चिलवल के पेड़ पर फंदे से लटका मिला तो ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पूरे कोई बांस गांव निवासी राघवेन्द्र कुमार वर्मा उर्फ राजू पुत्र रज्जन का शव गांव के बाहर चिलवल के पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। मृतक की पत्नी मधू के अनुसार उसके पति बैनामा लेखक का काम करते थे और कल देर शाम रायबरेली से घर के लिए निकले थे लेकिन रात भर घर नही पहुँचे। सुबह ग्रामीणों से पता चला कि उनका शव गांव के बाहर पेड़ से लटका है। पति की मौत के बाद पत्नी मधू व बच्चों अनुराग, आर्यन, अदिति और आकृति का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को मिले : अपर्णा

**रायबरेली, अमृत विचार।** अपने एक दिवसीय दौरे पर राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव रायबरेली पहुंची। इस दौरान उन्होंने महिला जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया और प्रसूताओं को सुकन्या योजना को लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के द्वारा जो योजनाएं दी जा रही है उनसे प्रसूताओं को जागरूक किया। बच्चों की नानी और बुआ, मौसी के साथ केक काटकर नवजात बच्चियों का जन्मदिन मनाया। इस दौरान प्रसूता वार्ड जाकर महिलाओं से बातचीत किया और उनसे अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में चर्चा की। महिलाओं ने बताया की यहां पर सभी सुविधाएं सही और अच्छी है और उसके बाद वन स्टॉप सेंटर के लिए रवाना हो गई। वहां पर व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही बेहतर तरीके से संचालन करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी कीमत पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। महिला योजनाओं का लाभ पात्र को मिले यह प्राथमिकता में होना चाहिए।


दौरे पर पहुंची महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव।

### लेफ्टिनेंट बेटी साक्षी के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब

**खीरों (रायबरेली)।** "पूत के पाँव पालने में ही दिखाई देते हैं" और होनहार बिरवान के होत चीकने पात" यह कहावतें उस समय चरितार्थ हुई जब खीरों क्षेत्र के गांव हरीपुर निहस्था के एक सामान्य परिवार के सीआरपीएफ के उपनिरीक्षक की होनहार बेटी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने गांव ही नहीं पूरे बैसवारा क्षेत्र और जिले को गौरवान्वित किया। अपना प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद मंगलवार को जब वह अपने घर पहुंची तो आसपास के कई गांवों के ग्रामीण महिला पुरुषों ने ढोल बजाते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। लेकिन जब लेफ्टिनेंट बेटी अपने दरवाजे पहुंची तो सभी परिजनों की आंखों से खुशी के आँसू छलक पड़े और लेफ्टिनेंट बेटी भी भावुक हो गई। उसने दरवाजे पहुंचकर चौखट की धूल को माथे से लगाया ,फिर माता, पिता, भाई सहित सभी परिजनों और शुभचिंतकों ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए केक काटकर खुशियां मनाई। साथ ही सीआरपीएफ रायबरेली के जवानों की टोली ने भी पहुंचकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर बधाई दी। लेफ्टिनेंट साक्षी सिंह के पिता सर्वेश बहादुर सिंह 91 बटालियन सीआरपीएफ लखनऊ में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। मां प्रभा सिंह गृहिणी हैं। इकलौता भाई अनुभव सिंह इलाहाबाद से बीटेक के साथ सीडीएस एफकैट की तैयारी कर रहा है। लेफ्टिनेंट साक्षी सिंह ने प्राथमिक से इंटर तक की शिक्षा बीएसएस पब्लिक स्कूल रायबरेली से प्राप्त की। फिरोज गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रानिक एण्ड कम्युनिकेशन से बीटेक किया। उसके बाद खुद से पढ़ाई कर तीन बार एफकैट की परीक्षा पास की लेकिन साक्षात्कार में सफलता न मिलने पर एक महीने गाजियाबाद में कोचिंग की। मंगलवार को अपने गांव पहुंचने पर लेफ्टिनेंट साक्षी सिंह का ग्रामीणों और आसपास के कई गांवों के लोगों ने ढोल बजाते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया। सीआरपीएफ रायबरेली के सेवानिवृत्त शैलेन्द्र सिंह, सेवारत शशिकांत त्रिवेदी, अशोक कुमार, नरेन्द्र मौर्य, रोहित कुमार, दिलीप, आलोक सिंह, आरपी सिंह, जेपी यादव आदि ने लेफ्टिनेंट साक्षी सिंह के घर पहुंचकर प्रतीक चिन्ह दिया।


लेफ्टिनेंट बनी बेटी का स्वागत करतीं महिलाएं।

## निर्माणाधीन पुलिया में घुसे बाइक सवार, चार घायल

सतांव (रायबरेली)

**अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के सतांव गांव के पास निर्माणाधीन पुलिया में बाइक सवार चले गए। इसमें चार लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। घायल सतांव गांव निवासी संदीप, पंकज, विशाल व शुभम ने बताया कि रोज की तरह ही बाइक से निकले थे। निर्माणाधीन पुलिया के पास कोई चेतावनी बोर्ड नहीं लगा होने के कारण हादसे का शिकार हो गए। लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ प्रमोद सिंह राणा ने बताया कि सम्बन्धित घटना को लेकर ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

**बस की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, महराजगंज:** क्षेत्र के मोन चौराहे पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राइवेट बस' ने सामने से बाइक सवार को टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस के अगले हिस्से में फंस गई। पूरे हुल्ली मजरे मोन निवासी जगदीश उर्फ कल्लू मंगलवार शाम महराजगंज की तरफ जा रहा था। मोन चौराहे पर रायबरेली से इन्हौना की तरफ जा रही बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस के अगले हिस्से में घुसकर फंस गई। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को तत्काल सीएचसी पहुँचाया। सीएचसी के डॉ. संजय राय ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि बस को कब्जे में लिया गया है कार्यवाही की जाएगी।


बस में फंसी बाइक। अमृत विचार

## बुढ़वा मंगल पर फाग गायन का आयोजन


बजरंगबली का किया गया श्रृंगार।


फाग गायन करते कलाकार। अमृत विचार

डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बुढ़वा मंगल पर डलमऊ कस्बा स्थित संकट मोचन मंदिर में होली मिलन समारोह एवं फाग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें फाग गायन की मंडली द्वारा फाग गायन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौजूद लोगों द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया।

डलमऊ कस्बा स्थित संकट मोचन मंदिर में बुढ़वा मंगल के अवसर पर स्वामी देवेंद्र आनंद गिरी और स्वामी दिव्यानंद गिरि द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना और आरती का कार्यक्रम

**कार्यक्रम**

आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में मोहल्ला चौरासी और फतेहपुर की फाग गायन की मंडली द्वारा फाग गायन का आयोजन किया गया। बड़े मठ के स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि, स्वामी दिव्यानंद, बब्बू पंडा, संदीप मिश्रा, हरिश्चंद्र पुजारी आदि रहे।

**फागुआरों ने परम्परागत गीतों से सभी को रिझाया, बछरावां :** क्षेत्र के विशुनपुर गांव मे भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजक प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण नारायण चौधरी ने सभी को अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया। समारोह में बिशुनपुर, बछरावां, लोधौरा, महेरी व हसनगंज की फगुआ टीमों ने ढोलक, मंजीरे और करताल की ध्वनि पर फगुआ गीतों को प्रस्तुत किया। विलुप्त हो रही लोक संस्कृति का अनूठा संगम होली मिलन समारोह में देखने को मिला। कवि भगवान कुमार अवस्थी ने कहा कि आज पाश्चात्य सभ्यता जहां हमारी सनातन संस्कृति को विलुप्त करने का प्रयास कर रही है। इस तरह के कार्यक्रम हमें अपनी पुरानी संस्कृति और लोक गायन विधा से जोड़ने का सफल प्रयास करते हैं।

### बढ़ते तापमान से बदला मौसम का मिजाज किसान परेशान

**महराजगंज, अमृत विचार।** होली के बाद से ही मौसम का मिजाज बदलता नजर आने लगा है। इसके चलते बीते दो दिनों से आसमान में धुंध छाई हुई है। साथ ही तापमान बढ़ने से उमस भी महसूस की जा रही है। धुंध के बीच आसमान में बादलों की आवाजाही ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। किसान जगत नारायण मिश्रा, प्रेम शंकर मिश्रा, इन्द्रदेव शुक्ल, भवानी बक्श सिंह, कौशलेंद्र सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, रामसागर पांडेय, हौसिला प्रसाद तिवारी, रामसागर चौधरी, सिकंदर सिंह, संत कुमार चौधरी, उमाकांत पांडेय, अरुण त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, केशवानंद त्रिपाठी, भोला सिंह, अतुल सिंह, सुनील द्विवेदी, महेंद्र श्रीवास्तव, शत्रोहन सोनी, संजय सिंह, धर्मेश चतुर्वेदी, सतीश शुक्ला, श्याम बहादुर सिंह, रानू मिश्रा आदि का कहना है कि यदि ऐसे में बरसात हो गई तो गई तो खेतों में तैयार खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। हलोर, पुरासी, अलीपुर, जमुरावां सहित पूरे क्षेत्र में सरसों, चना और मटर की फसल लगभग तैयार हो चुकी है। किसान सरसों की कटाई के बाद मड़ाई की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन मौसम के बदलते रुख से उन्हें नुकसान की आशंका सता रही है। किसानों ने बताया कि दलहन और तिलहन की फसल लगभग तैयार है। ऐसे में यदि इस महीने बरसात हो गई तो चना, मटर, सरसों के साथ गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की आशंका है। किसानों का कहना है कि यदि बूंदाबांदी भी हुई तो दलहन और तिलहन के साथ गेहूं की फसल प्रभावित हो सकती है। वहीं बरसात होने पर आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है।


सरसों की फसल को काटते किसान।

### बदहाल सड़क को लेकर डीएम से मिले ग्रामीण

**राही, अमृत विचार।** मंगलवार को राही ब्लाक के ताला गोपालपुर गांव के कुलदीप सिंह की अगुवाई में आधा दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को लिखित ज्ञापन सौंपकर गांव को जाने वाली सड़क की मरम्मत की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ताला गोपालपुर गांव को जोड़ने वाली मुख्य सम्पर्क मार्ग पूर्व में जिला पंचायत द्वारा बनाई गई थी। वर्तमान में अब जर्जर होकर पूरी तरह टूट गई है। सड़क मे जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे आम जनमानस, बुजुर्गों व स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी असुविधा होती है। इस मार्ग के सम्बन्ध में पूर्व में भी कई बार शिकायत की गई है लेकिन समाधान नही मिल सका। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कराकर सम्बंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए पुनर्निर्माण कराया जाए। इस मौके पर आशीष कुमार, विनोद कुमार, संदीप यादव, मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में डीएम से मिलने पहुंचे ग्रामीण।

**आयोजन** अयोध्यावासी वैश्य संगठन के होली मिलन समारोह को सदर विधायक ने संबोधित किया

## मेरे पिता के सेवा भाव की विरासत ही मेरी शक्ति : अदिति सिंह

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अयोध्यावासी वैश्य संगठन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें फागुन की मस्ती और अपनों के साथ ने इस शाम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम शहर के अलावा लालगंज, डलमऊ, सलोन, परशदेपुर, जगदीशपुर, ऊंचाहार, जायस और फुरसतगंज जैसे सुदूर क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे।

समारोह की मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, "राजनीति अपनी जगह है, लेकिन यहां आकर मुझे जो सुकून मिलता है, वह किसी तीर्थ से कम नहीं। मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे मैं अपने ही परिवार के आंगन में खड़ी हूं। मेरे पिता श्रद्धेय अखिलेश सिंह जी के सेवा भाव की विरासत ही मेरी शक्ति है, और मैं हमेशा आपके सुख-दुख में एक बेटी की तरह खड़ी रहूँगी।

विशिष्ट अतिथि और समाज के गौरव विनोद कौशल (चेयरमैन, नगर पालिका परशदेपुर) ने सामाजिक एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि आज के दौर में जब दूरियां बढ़ रही हैं, तब ऐसे कार्यक्रम आपसी भाईचारे की संजीवनी का काम करते हैं। उन्होंने संगठन की प्रशंसा करते हुए आह्वान किया कि हर जिले में इस तरह की सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की जानी चाहिए।

सांस्कृतिक मंच पर चार वर्षीय नन्ही प्रतिभा आर्या ने अपनी अलौकिक मेधा का प्रदर्शन किया। लगभग 1600 श्लोक, शिव तांडव स्तोत्र और गीता के कठिन श्लोकों के सस्वर पाठ से उसने पूरे हाल को गुंजायमान कर दिया। संगठन के संस्थापक राधेश्याम गुप्ता ने नन्हे कलाकारों को पुरस्कृत किया।

इससे पहले राष्ट्रीय महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कौशल और महिला प्रदेश अध्यक्ष माया गुप्ता ने महाराजा मणिकुंडल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर समाज के गौरवशाली इतिहास को नमन किया। अध्यक्ष अमर चन्द गुप्ता ने आभार प्रकट किया। फूलों की पंखुड़ियों के बीच जब सामूहिक होली शुरू हुई, तो पूरा माहौल डीजे की धुन और गुलाल की खुशबू से सराबोर हो गया। जिला महामंत्री जुगुल किशोर गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया।



समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह का स्वागत करते लोग।

### भाजपा नेता ने मंदिर में आयोजित होली मेले में फगुआरों को किया सम्मानित

**लालगंज।** वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी सिंह ने बहाई के श्री बीर बैदानोबाबा मंदिर में पहुंच कर जहां दर्शन पूजन किया, वहीं मेले में आयोजित फाग के दौरान फगुआरों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि होली मेला हमारी पुरातन संस्कृति का हिस्सा है। होली के दौरान फाग कार्यक्रम एक प्रमुख आकर्षण है, जिसमें लोग ढोलक, मंजीरा और नगाड़ों की धुन पर थिरकते हैं और जहां लोग फागुन के महीने में फाग गीत गाते हैं। फाग गीतों में भगवान कृष्ण और राधा की लीलाओं का वर्णन होता है, जो लोगों को मंत्रमुग्ध कर देता है। मेले के दौरान लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर और गुलाल उड़ाकर होली का त्योहार मनाते हैं। मेला कमेटी के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने जेपी सिंह को बुके भेंट कर सम्मानितभी किया। वही व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, भाजपा नेता सानू बाजपेई ने भी मंदिर में दर्शन पूजन किया और कहा कि होली मेला जैसे कार्यक्रम लोगों को एकजुट करता है और प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। इस अवसर पर मेला कमेटी प्रबंधक देवेश शुक्ला एडवोकेट, नरसवां प्रधान जितेंद्र पटेल सहित फाग गाने वालों में ओमप्रकाश मौर्य, रामहेत मौर्य, रामकिसुन मौर्य, मनोज मौर्य, शिव गोविंद मौर्य आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में भाजपा नेता जेपी सिंह व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### मधुमक्खियों के हमले में चार लोग घायल

**संग्रामपुर (अमेठी) :** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के ग्राम सभा इटौरी निवासी जुग्गीलाल पुत्र गिरधारी को दवा कराने के लिए महेन्द्र व सुरेंद्र पुत्रगण राम किशोर व अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ला रहे थे कि इंटौरी से वंशवनपटी रास्ते पर आम की गहरी बगिया के पास नाराज मधुमक्खियों की झुंड ने तीनों लोगों को घेर कर खूब डंक मारा बड़ी मुश्किल से जान बचाई इसी बाग मे बकरी चरा रही खुशनुमा पुत्री इरशाद अली तुलापुर को भी इन मधुमक्खियों ने काटा चारों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर प्रभारी डॉ संतोष सिंह ने बताया कि मधुमक्खी के काटने से एक महिला सहित 4 लोग घायल हैं। सभी मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

### चाट दुकानदार से छीने रुपये

**सिंहपुर (अमेठी) :** थाना क्षेत्र के माठा गांव निवासी चाट दुलनदार से बाइक सवार बदमाशों रुपये छीनकर फरार हो गये। माठा गांव निवासी सुरेन्द्र शिवरतनगंज कस्बे मे चाट का ठेला लगाकर जीविजोपार्जन करते हैं सोमवार को देर शाम ठेला लेकर घर जा रहे थे। कस्बे से आगे नहर पुलिया के पास पहुंचे ही थे की तभी पहले से एक बाइक पर सवार तीन लोग मुझे घसीटकर गेंहूनके खेत मे ले जाकर मेरी तलाशी लीं कुछ न मिलने पर मुझे मारने की धमकी दी तो मैंने कहा ठेले पर बिक्री के रुपये रल्हे हैं लें लो .तभी बाइक सवार बदमाशों ने ठेले पर रखे 4500 रुपये लेकर फरार हो गए। एसओ दया शंकर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक आज

**डीह (रायबरेली) :** ब्लॉक स्थित सभागार में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख मिथलेश कुमारी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक होगी। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेई ने दिया। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह भी मौजूद रहेंगे। बैठक में मनरेगा के क्रियान्वयन, चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/15वाँ वित्त आयोग योजना के क्रियान्वयन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), एनआरएलएम योजना सहित अन्य अन्य विषयों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

### बंटवारे में हुई मारपीट चार लोग गम्भीर

**खीरों (रायबरेली) :** खीरों क्षेत्र के गांव मेड़ौली में पुरानी रंजिश और घर के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में हुए झगड़े में पांच लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों और कुल्हाड़ी, बांके से हमला कर दिया। जिससे गम्भीर रूप से घायल हुए दो महिलाओं सहित चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घटना के दो सप्ताह से अधिक बाद नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।मेड़ौली गांव निवासी मन्नू पत्नी इन्द्रकुमार ने आरोप लगाया है कि मेरे परिवार के गंगादयाल से घर के बंटवारे को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। इसी के चलते विगत 22 फरवरी की शाम गंगादयाल, उनकी पत्नी केशनावती, बेटे अभिषेक, बेटी वेदिनी और बहू रिंकी ने मेरे घर में घुसकर हमला कर घायल कर दिया।

# गैस सिलेंडर के लिए भटक रहे उपभोक्ता

## स्टॉक खत्म: होम डिलीवरी के साथ एजेंसी पहुंचने पर भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही रसोई गैस

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** 54 ग्राम पंचायतों वाले विकासखंड बाजार शुकुल में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। कई गैस एजेंसियों पर स्टॉक खत्म होने से लोग सिलेंडर लेने के लिए बार-बार चक्कर लगा रहे हैं, जबकि यहां अधिकांश उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से सिलिंडर उपलब्ध कराया जाता है।

क्षेत्र में इंडेन, भारत और एचपी की तीन गैस एजेंसियां संचालित हैं। इसके अलावा अमेठी जिले के जगदीशपुर के साथ ही बाराबंकी जिले के सुबेहा स्थित एचपी गैस एजेंसी और अयोध्या जिले के उमापुर स्थित साहेब श्री गैस एजेंसी से भी यहां रसोई गैस की आपूर्ति होती है। बताया जाता है कि विकासखंड बाजार शुकुल के सबसे अधिक उपभोक्ता सुबेहा और उमापुर एजेंसियों से जुड़े हैं। महोना पश्चिम स्थित इंडेन गैस एजेंसी के संचालक रामशंकर मौर्य ने बताया कि एजेंसी को हाल में 342 रसोई गैस मिले थे, जिन्हें उपभोक्ताओं में वितरित कर दिया गया है। नई मांग भेज दी गई है, लेकिन अभी तक आपूर्ति नहीं हो सकी है। फुनदनपुर स्थित जय दुर्गा भारत गैस एजेंसी के संचालक हेमंत सिंह के अनुसार दो दिन से एजेंसी पर रसोई गैस उपलब्ध नहीं हैं, जिससे वितरण प्रभावित है। मवैया रहमतगढ़ स्थित प्रज्ञा गैस एजेंसी के संचालक सोहनलाल ने बताया कि एजेंसी को 342 सिलिंडर मिले हैं और उनका वितरण किया जा चुका है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसियों का फोन नंबर भी कई बार बंद रहता है। वहीं गैस एजेंसी पहुंचने पर भी सही जानकारी नहीं मिलती और कई बार कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं मिलता, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### रसोई गैस की किल्लत से लोग परेशान, एजेंसी के चक्कर काट रहे उपभोक्ता


एसडीएम को ज्ञापन देतीं सपा महिला जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह।

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सपा महिला जिला अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ताओ के साथ अमेठी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन ।सरकार और प्रशासन भले ही हर घर तक गैस पहुंचाने का दावा कर रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। लोग एक सिलेंडर भरवाने के लिए कई-कई दिन से एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं। अमेठी के रामगढ़ निवासी सत्येंद्र यादव का कहना है कि उनकी गैस की पर्ची 8 मार्च को ही कट चुकी है, लेकिन अब तक उन्हें सिलेंडर नहीं मिल सका। सत्येंद्र के मुताबिक जब भी एजेंसी पहुंचते हैं तो बताया जाता है कि गैस की गाड़ी एक घंटे में आने वाली है। लेकिन बाद में पता चलता है कि गाड़ी आई और सिलेंडर खत्म हो गए। उन्होंने बताया कि तीन दिन से लगातार एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ रहा है। प्रशासन की तरफ से कहा जा रहा है कि गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत में लोगों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। गैस एजेंसी के बाहर काफी लंबी कतारें भी इस समस्या की गवाही दे रही हैं। लोग सुबह 10 बजे से लाइन में लग जाते हैं, लेकिन दोपहर 2 बजे तक भी कई उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पाता और उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

**गैस सिलेंडर की किल्लत से बढ़ी इलेक्ट्रिक इंडक्शन की मांग:** शुकुल बाजार क्षेत्र में इन दिनों से घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर की कमी के कारण कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।गैस की किल्लत के चलते लोग अब विकल्प के तौर पर इलेक्ट्रिक इंडक्शन की ओर रुख कर रहे हैं। बाजार में इन दिनों इलेक्ट्रिक इंडक्शन की मांग बढ़ गई है। बाजपेयी इंटरप्राइजेज की संचालक माधव बाजपेयी के मुताबिक पिछले दो दिनों में इंडक्शन खरीदने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है।

वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर नहीं मिलने से मजबूरी में इलेक्ट्रिक इंडक्शन का सहारा लेना पड़ रहा है, ताकि रसोई का काम प्रभावित न हो। वहीं इलेक्ट्रिक दुकानदारों के अनुसार गैस की कमी का असर बाजार में साफ दिखाई दे रहा है।

# भाकियू ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन भानू गुट के ब्लाक अध्यक्ष हरिकेश तिवारी व अन्य।

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** विकास खंड बाजार शुक्ल क्षेत्र में किसानों और मजदूरों के शोषण का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के ब्लाक अध्यक्ष हरिकेश तिवारी ने खंड विकास अधिकारी अंजली सरोज को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में विभिन्न गांवों की समस्याओं को उठाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सभा नांदी में करीब डेढ़ से दो वर्ष पहले किसानों और मजदूरों से काम करवाया गया था, लेकिन उनका भुगतान अब तक नहीं किया गया। आरोप है कि मौजूदा ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी रवि यादव ने फर्जी बिल-वाउचर लगाकर मजदूरों की मजदूरी अपने लोगों के खातों में ट्रांसफर करा दी। जब मजदूर अपना बकाया पैसा मांगते हैं तो उन्हें गुमराह किया जाता है और कथित तौर पर अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। इसके अलावा ज्ञापन में गांव फत्तेपुर मजरे आशीष पुर में रहमत के दरवाजे से होते हुए मोहम्मद सफी के दरवाजे से भगत सिंह मार्ग पक्का करवाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान और मजदूर डंडा, झंडा और बैनर के साथ ब्लॉक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# एसडीएम के स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन जारी


तहसील गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** मंगलवार को एसडीएम अभिनव कुमार के कार्य व्यवहार से असंतुष्ट अधिवक्ताओं का पिछले 30 दिसम्बर से विरोध प्रदर्शन अनवरत जारी है।मंगलवार को भी स्थानीय तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला व सचिव राजीव कुमार तिवारी के नेतृत्व में एसडीएम के न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। बार अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा कि जब तक एसडीएम प्रशासनिक का स्थानांतरण व उनके खिलाफ चल रही जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती तब तक यह प्रदर्शन अनवरत चलता रहेगा।अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत् रहने से वाद कारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान केके सिंह, शिव कुमार शुक्ला, विन्देश्वरी प्रसाद मिश्रा, केके शुक्ला, जगतराम पाल, कृष्णानंद मिश्रा, संजय मिश्रा, गणेश प्रसाद शुक्ला, राजन सिंह, सतीश सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, अरूण प्रकाश तिवारी, रमाशंकर तिवारी, सुग्रीव मिश्रा, अंजनी मिश्रा, संजय शुक्ला, राजेन्द्र यादव, ललित चौबे, विकास पाल हनुमान प्रसाद मौजूद रहे।

# एक साथ उठी पिता-पुत्री की अर्थी

जायस (अमेठी)

- निगोहां के पास हुए हादसे में हुई थी मौत, चारों ओर नम रहीं आंखें


शव पहुंचने के बाद बिलखती मृतक अतुल की मां व अन्य परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निगोहां के पास सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृत पिता-पुत्री की एक साथ अर्थी उठने से पूरा गांव शोक में डूब गया। मंगलवार को जैसे ही दोनों के शव एंबुलेंस से गांव पहुंचे, परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। घर के बाहर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और हर आंख नम नजर आई।

गांव निवासी अतुल का शव जैसे ही घर में उतारा गया, वृद्ध मां और परिजनों का विलाप सुनकर वहां मौजूद लोगों का कलेजा कांप उठा। पास ही रखी मासूम पुत्री दिशा की अर्थी ने इस दर्दनाक मंजर को और भी करुण बना दिया। गांव के लोग एक-दूसरे को ढांढस बंधाते नजर आए, लेकिन माहौल में पसरा मातम हर किसी को भीतर तक झकझोर गया। परिजनों के अनुसार अतुल रोजी-रोटी के लिए पंजाब के लुधियाना में काम करता था। करीब बीस दिन पहले वह एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए गांव आया था। सोमवार को वह अपनी पत्नी रानी, इकलौती बेटी दिशा और बहनोई हीरालाल के साथ एक शादी समारोह में जा रहा था।

इसी दौरान निगोहां के पास उनकी बाइक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि अतुल व उसकी मासूम बेटी दिशा और बहनोई हीरालाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी रानी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल रानी को तत्काल इलाज के लिए एम्स रायबरेली में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत फिलहाल स्थिर है। इलाज रत होने के कारण वह अपने पति और बेटी के अंतिम दर्शन भी नहीं कर सकी। मंगलवार को गांव में पिता-पुत्री के शव पहुंचने के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना के बाद पूरे गांव में गहरा शोक और मातम का माहौल बना हुआ है।

### पहले ही उठ चुका था पिता का साया

अतुल के पिता का कई वर्ष पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में वृद्ध मां, बड़े भाई राजेश और उनकी पत्नी ही हैं। अतुल परिवार का सबसे छोटा सदस्य था और घर की जिम्मेदारी निभाने के लिए पंजाब में मेहनत मजदूरी करता था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।

### नाम स्मरण ही कलयुग में मोक्ष का सरल मार्ग : साध्वी रमा पाण्डेय


कथा कहतीं साध्वी रमा पाण्डेय।

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** दादरा स्थित पौराणिक देवी हिंगलाज धाम पर आयोजित प्रवचन कथा के द्वितीय दिवस मंगलवार को अयोध्या धाम से पधारी कथावाचिका साध्वी रमा पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ईश्वर के नाम का स्मरण ही मनुष्य को शांति, संतोष और मोक्ष की ओर ले जाने का सबसे सरल मार्ग है। साध्वी रमा पाण्डेय ने कहा कि सतयुग, त्रेतायुग और द्वापर में जहां कठोर तप, यज्ञ और साधना के माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति संभव मानी जाती थी, वहीं कलयुग में भगवान के नाम का संकीर्तन और जाप ही सबसे प्रभावी साधन है। जो व्यक्ति सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करता है, उसके जीवन के दुख-दर्द धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं और मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।इस अवसर पर कृपा शंकर सिंह, अंजनी श्रीवास्तव, जनार्दन तिवारी, विजय सिंह, जितेंद्र, दुर्गेश तिवारी, विनय तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, सर्वेश सिंह, पवन, प्रशांत, निशांत, लकी तथा अमन सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### किसानों ने मांगों को लेकर किया मार्ग जाम

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष नफीस चंदेल के नेतृत्व मे राजाफत्तेपुर कस्बे मे चौपाल लगायी जिसमें अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन बीडीओ सिंहपुर को सौपा। कार्यकर्ताओं ने ग्रामसभा फत्तेपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पानी की टंकी का निर्माण जल्द कराने की मांग, किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फत्तेपुर में स्थाई डॉक्टर की नियुक्ति, सतीमाता चबूतरा फत्तेपुर से न्यू पब्लिक एकाडमी तक चार खम्भे लगाकर पुराने जर्जर तार को बदलकर नई केबल , एवं ग्रामसभा फत्तेपुर में पूरे शेरू, पूरे जहाँगीर, पूरे खान, लालपुर चित्तौडगढ आदि स्थानों पर पुराने जर्जर तारों को बदलकर नये तार व टूटे हुए खम्भों को बदलने की मांग, शेखनगॉव बार्डर गन्दा नाला के किनारे से माँ अन्नपूर्णा देवी मन्दिर तक रास्ता,ग्रामसभा फत्तेपुर में खेल मैदान का सीमांकन कराकर खेल का मैदान का निर्माण, ग्रामसभा यूसुफनगर के पूरे पवार में हसन अली के घर की नाली को ग्राम प्रधान के द्वारा जबरन बन्द करवा दिया गया है जिसे प्रशासन के माध्यम से तत्काल खुलवाना सहित कई अन्य तमाम मांगो को लेकर चौपाल लगायी। कार्यकर्ता उपजिलाधिकारी व तहसीलदार तिलोई के मौक़े पर आकर ज्ञापन लेने की मांग कर रहे थे। उनके न आने पर कार्य कार्यताओं ने तिलोई इन्हौना मुख्य मार्ग लगभग एक घंटे तक जाम रखा। कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। मौक़े पर पहुंचे बीडीओ सिंहपुर कमलेश यादव ने उपजिलाधिकारी तिलोई से किसान नेता की बात करवाई तब जाकर किसान रोड से हटे तब जाकर यातायात बहाल हुआ इस दौरान लगभग एक घंटे मार्ग जाम होने से राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। बीडीओ सिंहपुर कमलेश यादव ने बताया कि किसानों की मांगो से सम्बंधित ज्ञापन उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया हैं। इस दौरान जिला अध्यक्ष नफीस चंदेल, प्रदीप पाठक, सफीक अहमद, मुन्नी देवी सहित बड़ी संख्या मे किसान मौजूद रहे।

### शासकीय अधिवक्ता निधि चंद्रा का सम्मान

**रायबरेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बृजलाल मेमोरियल सामाजिक विकास संस्थान द्वारा आयोजित महिला सम्मान का आयोजन किया गया। इसमें उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जो समाज को एक नई दिशादे रही है। इसमें चिकित्सा, शिक्षा, कानून समेत सभी क्षेत्रों की महिलाओं को सम्मानित किया गया। संस्थान की रश्मि पासी ने बेहतर कार्य के लिए शासकीय अधिवक्ता निधि चंद्रा को सम्मानित किया। कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। सम्मानित होने पर शासकीय अधिवक्ता निधि चंद्रा ने कहा कि समाज हित में कार्य करना पहली प्राथमिकता है। आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**छतोह (रायबरेली)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी-निकाय के सदस्यों और प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी छतोह विजय प्रकाश के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका को सशक्त बनाना तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।रमेश कुमार शुक्ला ने विद्यालय प्रबंधन समिति की जिम्मेदारियों, बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यालय विकास योजना तथा शैक्षिक गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों से विद्यालयों के विकास में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया गया। शिवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय, अभिभावक और ग्राम समुदाय मिलकर कार्य करते हैं तो शिक्षा का स्तर स्वतः बेहतर होता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यशाला में ब्लॉक के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान, 15 स्थानीय प्राधिकारी सहित डॉ अजय सिंह राजपूत, डॉ अर्पित कक्कड़, सुशील कुमार तिवारी, महेंद्र कुमार मिश्रा, सत्यदेव सिंह, सुभाष चंद्र, रिंकू, मो. असलम, बलराम यादव, अजय प्रताप सिंह, मोती लाल, उमेश कुमार श्रीवास्तव, श्वेता कौशल, प्रतिष्ठा मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आदित्य नारायण पाण्डेय कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए शिक्षा के विकास के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है सभी का आभार ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार सिंह ने किया।

### पीडब्ल्यूडी की टीम ने की पैमाइश

**अमेठी, अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी की पक्की सड़क और खड़ंजा मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने के बाद अमेठी प्रशासन हरकत में आ गया। उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच कराई गई। बताया गया कि लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड अमेठी की ओर से पत्र भेजकर सड़क और खड़ंजा मार्ग पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की गई थी। इसी के आधार पर नायब तहसीलदार सुधीर कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में टीम गठित की गई। टीम में राजस्व निरीक्षक कुड़वा जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा, लेखपाल अनिल अग्रहरि और लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ओम प्रकाश यादव को शामिल किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मौजूदगी में स्थल का निरीक्षण और पैमाइश कराई। ग्रामीणों के मुताबिक पीडब्ल्यूडी द्वारा मोड़ पर बनाई गई सड़क को शिवप्रताप यादव पुत्र रामनरेश द्वारा तोड़कर कब्जा करने की शिकायत सामने आई।

# श्रीराम का राज्याभिषेक प्रसंग सुन झूमे श्रद्धालु

शिवगढ़ (रायबरेली)


कथा कहते संत रमेश कुमार शुक्ला।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गुमावां लाही बॉर्डर पर चल रही श्रीराम कथा में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। उत्तरकाण्ड के चौथे दिन सोमवार को कथा व्यास संत रमेश कुमार शुक्ला महाराज ने अपने मृदुल कंठ से भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और प्रेरणादायी वर्णन किया। प्रसंग सुनकर श्रोता भक्ति रस में सराबोर हो गए। भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु झूमते-गाते और एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा करते नजर आए।

कथा में समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा वाले ने अपनी माता उर्मिला दीक्षित, मौसी और बड़े भाई अमित मिश्रा के साथ पहुंचकर प्रसाद के रूप में 11 किलो लड्डुओं का योगदान दिया तथा 11 हजार रुपये का विशेष सहयोग भी प्रदान किया। श्रद्धालुओं ने उनके इस सेवा भाव की सराहना की। आचार्य वेद दीक्षित, कथा के व्यवस्थापक राज किशोर सिंह, मुख्य यजमान पं. लालमन शुक्ल, व्यवस्थापक आनंद कुमार, लवलेश कुमार शुक्ला, अमित मिश्रा, अवनीश शुक्ला, कृपा शंकर मिश्रा, लवकुश शुक्ला, उमाकांत अवस्थी, राजेश त्रिवेदी, महेंद्र सिंह, राज नारायण चौरसिया, विनोद, विमल, संदीप, भैरव प्रसाद, अरविंद, अनुज मिश्रा, रामकुमार सोनी, रामू सोनी व राजू द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। व्यवस्थापक आनन्द शुक्ला ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि में कथा विश्राम के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

# गोवर्धन प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत शिवगढ़ के कस्बे में स्थित श्री बरखण्डी बालिका विद्यालय के मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पं. शिवकुमार महाराज ने गोवर्धन लीला प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण कर इंद्र के अहंकार को चूर करने की कथा सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और धर्म का संदेश दिया। कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए और पूरा पण्डाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथा में पहुंचे पूर्व कुम्हरावां प्रधान रमेश कुमार मिश्रा उर्फ पुतन्नी महराज ने कथा व्यास पंडित शिवकुमार महाराज को अंग वस्त्र एवं भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान रामेश्वर सिंह चौहान, रामकुमारी देवी, राम बहादुर सिंह चौहान तथा रविंद्र बहादुर सिंह चौहान उर्फ रवि, राकेश सिंह चौहान, गीता सिंह, बृजेंद्र बहादुर सिंह चौहान, रणविजय सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, दिनेश सिंह, संजू अवस्थी, राम प्रकाश दुबे, जितेंद्र सिंह, बिन्नू रहे।

**कार्यक्रम** | मदर गीता इंटरनेशनल स्कूल में राधा फाउंडेशन की ओर से सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ समारोह

# सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं और वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी

संवाददाता, अमेठी


अतिथि को सम्मानित करते संस्थान अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव।



विजेता टीम के साथ मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महान समाज सुधारक और महिला शिक्षा की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि 10 मार्च को मनाई गई। इस अवसर पर राधा फाउंडेशन अमेठी ने भव्य समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बाबू जगजीवन राम नेशनल फाउंडेशन तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के प्रायोजन से हुआ। मदर गीता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अंशिका, एंजल और मन्नत द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य से हुई। शाम्भवी, सिमिका, आयुषी, मानसी, शीतल, आराधना और श्रेया ने रोल प्ले के जरिए सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष को दर्शाया।

मुख्य अतिथि बृजेश सिंह ने सावित्रीबाई फुले को एक प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस समय में महिलाओं को शिक्षा के अधिकार दिलाने के लिए अथक प्रयास किए, जब समाज में महिलाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। विशिष्ट अतिथि डॉ. त्रिवेणी सिंह, पूर्व प्राचार्य, आरआरपीजी कॉलेज उनके शैक्षिक दर्शन पर बात करते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले (1831-1897) भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक, शिक्षाविद् और कवियत्री थीं, जिन्होंने 19वीं सदी में महिलाओं और वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। दिव्यं ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रबंधक, डॉ. देव मणि तिवारी, ने उनके सामाजिक सुधारों के महत्व को रेखांकित किया। अमेठी शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, चंद्रप्रकाश, ने सावित्रीबाई फुले के साहित्य और कविताओं के माध्यम से समाज को प्रेरित करने के तरीके पर चर्चा की। राधा फाउंडेशन की अध्यक्ष, अरविंद श्रीवास्तव, ने सावित्रीबाई ने 1852 में 'महिला सेवा मंडल' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके मानवाधिकारों के बारे में जागरूक करना था।

वहीं विजेताओं की घोषणा निबंध प्रतियोगिता में 70 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में ग्रुप 2 (शांभवी, कार्तिका, शिवांश मौर्या) और ग्रुप 3 (शिवांश मिश्रा, अलंकृता मिश्रा, अंशिका सिंह) संयुक्त रूप से प्रथम रहे। ग्रुप 1 (शिविका, आदित्य, विभू शुक्ला) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 4 (श्रुति, हिमानी मौर्या, उमैमा नियान्ज) तृतीय स्थान पर रहा। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 8 के शिवांश मौर्या ने पहला स्थान हासिल किया। कक्षा 6 की शांभवी तिवारी दूसरे और कक्षा 7 की उमैमा नियान्ज तीसरे स्थान पर रहीं। डिबेट प्रतियोगिता में श्रुति तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुद्रवीर द्विवेदी द्वितीय और हिमानी एवं शांभवी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं प्रमुख वक्ताओं में रेनू श्रीवास्तव, डॉ. अंगद सिंह, अतुल पाठक (पूर्व संचालन प्रबंधक, संजय गांधी अस्पताल अमेठी), कॉलेज प्रबंधक संजय त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा, पूर्व प्रधान रीता श्रीवास्तव, बिंदेश्वरी दुबे, राकेश विश्वकर्मा और विनोद पांडेय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

समारोह के अंतर्गत कई शैक्षिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में शाम्भवी, शिवांश, विभू, शिविका, श्रुति और रुद्रवीर ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शिविका, शाम्भवी, शिवांश मिश्रा, श्रुति, आदित्य, कार्तिक, हिमानी मौर्य, अलंकरिता मिश्रा, विभू शुक्ला, शिवांश मौर्य, अंशिका सिंह और उमेमा नियास ने भाग लिया।



मनुष्य को वाणी की जो देन मिली है, वह बड़ी भारी शक्ति है। वह दुनिया को बनाने वाली तीसरी ताकत है।

-विनोबा भावे, संत

## तेल संकट की धार

अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल की खरीद के लिए 30 दिन की छूट के पीछे हमारे प्रति सदाशयता का प्रदर्शन अथवा कोई दयानतदारी नहीं है। अमेरिका चाहता है कि तेल लेकर समुद्र में खड़े रूसी टैंकर उसके प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ रुख करें, इससे पहले यह तेल भारत की रिफाइनरियों में पहुंच जाए और फिर शोधित होकर उन देशों के पास जाएं, जो तेल के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। बेशक तेल संकट से परेशान देश कहीं न कहीं इस आफत के लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार मानेंगे और इससे उसकी साख गिरेगी। सो अमेरिका ने अपने हित में यह फैसला लिया है।

यह बात उसकी इस चेतावनी से ही साफ है कि यह अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है, इसे रूसी तेल खरीद के बारे में अमेरिकी नीति के बारे में किसी बदलाव का संकेत न समझा जाए। असल में पश्चिमी एशिया में छिड़े संघर्ष के चलते उन देशों को जो तेल के बड़े उत्पादक है, उन्हें छोड़ कर संसार के तकरीबन सारे ऐसे देशों पर जो ईंधन या ऊर्जा का बेतरह इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए वे आयात पर निर्भर हैं, तेल संकट गहराता जा रहा है। पाकिस्तान में तेल के दाम 55 रुपये फी लीटर बढ़ना, 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम के आदेश और सरकार के मंत्रियों, सलाहकारों को एक महीने बिन वेतन भत्ते के रहने की सलाह तथा बांग्लादेश में कई बड़े संस्थानों में सप्ताह भर की बंदी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, इसके नजदीकी गवाह हैं। सरकार ने कच्चे तेल के दाम 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से पहले पेट्रोल, डीजल का दाम न बढ़ाने का फैसला लिया है, पर दाम अभी 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जल्द ही इसके 130 डॉलर प्रति बैरल भी पहुंचने की पूरी आशंका है, फिर घरेलू गैस और सीनजी के दाम भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आसमान छू ही रहे हैं, तिसपर आपूर्ति भी बाधित है। देश के कई राज्यों में कामर्शियल सिलिंडर दुर्लभ है, तो साथ ही देश भर में घरेलू सिलिंडर की बुकिंग अवधि चार दिन बढ़ा दी गई है। यह सब इस बात का साफ संकेत है कि तेल का विकट संकट हमारे निकट भी आता जा रहा है, वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में 26 प्रतिशत से अधिक का उछाल और भारतीय शेयर बाजार में कोहराम भी यही कह रहा है।

यह जंग लंबी चली तो हमारा रिजर्व आखिर कब तक चलेगा? संकट बढ़ा तो हमें हर महीने सात से आठ अरब डॉलर का घटा झेलना पड़ेगा। फलस्वरूप मुद्रास्फीति, महंगाई बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा का नुकसान होगा, राजस्व घाटा तथा चालू खाते का घाटा भी बढ़ेगा। भारत ने अपने आपूर्ति आधार को 27 से बढ़ाकर 40 देशों तक फैलाना, होर्मुज के अलाव अन्य रास्ते से तेल मंगाने की व्यवस्था किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करता है। पर आसन्न संकट को देखते हुए संकट गहराने से पहले सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गैर जरूरी खपत को नियंत्रित करने एवं खरीद और भंडारण के नए तरीके तलाशे।

### प्रसंगवश

## दुनिया के लिए स्वास्थ्य संकट बनता धूम्रपान

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। नो स्मोकिंग डे 2026 का विषय 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है' है। यह नारा धूम्रपान छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था।

गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं, तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनो-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है।




अतुल गोयल

लेखक


दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से एक पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं।

गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लंबाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है, जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं, जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## भारत की बढ़ती ताकत और अमेरिका की बयानबाजी






दिग्विजय सिंह

कानपुर


तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ने आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों को सुधारने में लगे हैं।

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। इसका परिणाम यह है कि आज दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों में सुधार लाने में लगे हुए हैं। यहां तक कि तमाम मंचों पर भारत का विरोध कर चुका चीन भी अपने व्यापारिक व अन्य रिश्तों को सुधारने की जी तोड़ कोशिश कर रहा है, लेकिन अगर कोई सबसे ज्यादा घबराया हुआ है, तो वह है अमेरिका। अमेरिकी उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडौ ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग में अपनी इस घबराहट को जाहिर भी कर दिया। भारत से पहले ही चीन ने लैंडों के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देकर भारत के साथ खड़े होने के अपने इरादे को जाहिर कर दिया।

लैंडों का यह कहना कि अमेरिका, भारत को वैसी 'अनियंत्रित' आर्थिक छूट और बाजार पहुंच नहीं देगा, जैसी दो दशक पहले चीन को दी गई थी, जिसके चलते आज चीन, अमेरिका के एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। अमेरिका को लगता है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर रक्षा उत्पादों के खरीदार के साथ ही अब निर्यातक भी बन चुका है। तमाम क्षेत्रों में काम करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत भारत में अपने प्लांट लगा रही हैं।

भारत दुनिया का न सिर्फ बड़ा बाजार बन गया है, बल्कि बड़ा निर्यातक बनने की ओर भी अग्रसर है। ऐसे में अमेरिका की घबराहट स्वाभाविक है। पूरी दुनिया अब भारत की ओर हर मामले में देखती है, जो पहले कभी अमेरिका का मुंह देखती थी। वर्ष 2000 में तो चीन को परमानेंट नॉर्मल ट्रेड रिलेशंस या मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा तक दे दिया। चीनी उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम किए। वहां उत्पाद सस्ते होने की वजह से मांग बढ़ी और चीन ने अपने निर्यात को खूब बढ़ाया। अमेरिका ने 2001 में चीन को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य भी बनवा दिया। इससे तो पूरी दुनिया में चीनी उत्पादों के लिए बाजार खुल गए और फिर उसके सस्ते उत्पाद पूरी दुनिया के बाजारों में भर गए। 2001 में चीन का निर्यात 24.4 लाख करोड़ रुपये था, जो 2010 तक 145 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अमेरिकी कंपनियों ने सस्ते श्रम की वजह से चीन में अपने प्लांट लगाए।

अब अमेरिका के साथ ही दुनिया के तमाम देशों की बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। अमेरिका को लगता है कि कहीं ऐसा न हो कि उनके यहां से भी कपनियां अपने कारोबार को समेट कर भारत न चली जाएं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल कारोबार बंद करने की मांग पूरी न होने पर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाकर झटका दिया, हालांकि व्यापार समझौते पर सहमति के बाद टैरिफ को घटा तो दिया, लेकिन कड़ी शर्तें थोप दीं।

अमेरिका को डर है कि विभिन्न उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर हो रहा भारत धीरे धीरे व्यावसायिक मोर्चे पर अमेरिका को पछाड़ रहा है। कुछ देश, जो अमेरिका से हथियार खरीदते थे, अब वे भारत से भी रक्षा सौदे कर रहे हैं। यही वजह है कि लैंडौ ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका काम तो करना चाहता है, लेकिन भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका अपनी पुरानी गलतियों से सीख ले चुका है और चीन के साथ 20 साल पहले जो गलती की थी, अब वह उसे नहीं दोहराएगा।

भारत के साथ व्यापार समझौते में अमेरिका पूरी सावधानी बरत रहा है। अब वह अपने देश में भारत को बिना रोकटोक के पहुंच नहीं बनाने देगा। भारत को डेड इकोनॉमी कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निगाह भारत के हर व्यापारिक कदम पर है। भारत ने यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया और अब कई और देशों से करने की तैयारी है। 30 से अधिक देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुका है। ऐसे में अमेरिका के थिंकटैंक भारत को लेकर चिंतित दिख रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था की रफ्तार यदि ऐसी ही रही तो भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है।

उधर अमेरिका, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित दिख रहा है, तो चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के साथ अच्छे रिश्ते पर जोर दिया है और कहा है कि चीन और भारत के विकास के लिए आपसी भरोसा और सहयोग जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टकराव की स्थिति न सिर्फ भारत-चीन बल्कि पूरे एशिया के विकास में अड़चन का सबब बनेगा। वांग यी का बयान दर्शाता है कि चीन अब भारत के साथ अपने रिश्तों को सुधारने को आतुर है।

इस बार ब्रिक्स की मेजबानी भारत के पास है, जबकि अगली मेजबानी चीन करेगा। ऐसे में चीन की मंशा है कि दोनों देश ब्रिक्स के आयोजन में एक-दूसरे का साथ मजबूती के साथ दें। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का विरोध करने वाला चीन अब समर्थन कर देगा। चीन ने अब भारत का विरोध करना लगभग बंद कर दिया है। जब भी अमेरिका की ओर से भारत विरोधी बयान आते हैं, चीन की सरकार भारत के पक्ष में खड़ी हो जाती है। टैरिफ के मुद्दे पर भी चीन ने अमेरिका की आलोचना की थी।

चीन के बार-बार भारत के पक्ष में खड़े होने के मायने भी निकाले जा रहे हैं। विशेषज्ञों कहना है कि चीन अनायास ही भारत के साथ खड़ा नहीं हो रहा है। चीन चाहता है कि ब्रिक्स में तुर्की और पाकिस्तान की एंट्री हो जाए, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन है ही तुर्की भी भारत के लिए हर मौके पर विरोध करने का बहाना ढूंढता रहता है। ऐसे में भारत कभी नहीं चाहेगा की ब्रिक्स में चीन के दो सहयोगी राष्ट्र शामिल हों। दूसरे चीन भारत के साथ व्यापार में थोड़ी और सुगमता चाहता है।

### आमने सामने



ईरान के खिलाफ युद्ध जल्दी ही खत्म हो सकता है। इस युद्ध में अमेरिका काफी आगे चल रहा है। ईरान की सैन्य ताकत को तकरीबन खत्म कर दिया गया है। मुझे लगता है कि युद्ध लगभग खत्म हो चुका है, क्योंकि अब ईरान के पास कोई सेना नहीं है।

-डोनॉल्ड ट्रंप

राष्ट्रपति, अमेरिका

जंग का अंत हम तय करेंगे। इलाके के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सेना के हाथों में है। अमेरिकी सेना जंग खत्म नहीं करेगी। वह अब इस स्थिति में नहीं है। जंग खत्म करने का फैसला अब हमारी ओर से लिया जाएगा। अब चीजें पूरी तरह से हमारे पक्ष में हैं।

-मोजतबा खामेनेई

सुप्रीम लीडर, ईरान



## इंसानों को नौकरी पर रखने लगा एआई




राजेश जैन

वरिष्ठ पत्रकार


डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' में मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते।

सदियों से इंसान मशीनों का मालिक रहा है। उसने मशीनें बनाईं, उन्हें काम सिखाया और उनसे उत्पादन करवाया, लेकिन अब इतिहास एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। पहली बार मशीनें या कहें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंसानों को काम पर रखने लगा है। यह बदलाव जितना चौंकाने वाला है, उतना ही गहरे अर्थ लिए हुए भी है। वर्षों तक यह आशंका जताई जाती रही थी कि एआई इंसानों की नौकरियां छीन लेगा, लेकिन अब एक नया परिदृश्य उभर रहा है, जहां एआई खुद इंसानों को भुगतान कर रहा है और उनसे अपने लिए काम करवा रहा है।

हाल ही में शुरू हुए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' ने इस नई व्यवस्था को वास्तविक रूप दिया है। इस ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर पांच लाख से अधिक लोग अपनी सेवाएं देने के लिए जुड़ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म की सबसे खास बात यह है कि यहां कोई पारंपरिक नियोक्ता नहीं है। यहां मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते- जैसे बाजार जाकर सामान लाना, किसी जगह की फोटो लेना, किसी कार्यक्रम में शामिल होना या वास्तविक दुनिया में किसी चीज की पुष्टि करना।

इस प्लेटफॉर्म के पीछे 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एलेक्जेंडर लिटेप्लो का विचार है। उन्होंने महसूस किया कि दुनिया में लाखों एआई एजेंट हैं, जो डिजिटल दुनिया में बेहद सक्षम हैं, लेकिन भौतिक दुनिया में उनकी उपस्थिति नहीं है। वे सोच सकते हैं, विश्लेषण कर सकते हैं, कोड लिख सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं, लेकिन वे चल नहीं सकते, देख नहीं सकते और छू नहीं सकते। इसी कमी को पूरा करने के लिए 'रेंट-ए-ह्यूमन' का जन्म हुआ। इसकी टैगलाइन 'एआई कैंट टच ग्रास, यू कैन' इस नई व्यवस्था की सच्चाई को बेहद सरल तरीके से व्यक्त करती है।

दिलचस्प बात यह है कि लिटेप्लो ने इस प्लेटफॉर्म को खुद नहीं बनाया। उन्होंने एआई एजेंट्स को ही इसका निर्माण करने का काम सौंप दिया और खुद अर्जेंटीना में पोलो खेलने चले गए। जब वे घुड़सवारी कर रहे थे, तब उनके डिजिटल एजेंट इस प्लेटफॉर्म को विकसित कर रहे थे। यह उदाहरण इस बात का प्रतीक है कि एआई अब केवल सहायक नहीं रहा, बल्कि एक सक्रिय कार्यकर्ता बन चुका है।

इस नई व्यवस्था में पूरा सिस्टम एआई द्वारा संचालित होता है। एआई एजेंट खुद नौकरी का विज्ञापन देते हैं, उम्मीदवारों का चयन करते हैं और काम पूरा होने के बाद भुगतान करते हैं। इंसान को अपने काम का प्रमाण फोटो या वीडियो के रूप में देना होता है। एक बार एआई द्वारा सत्यापन हो जाने के बाद भुगतान क्रिप्टोकरेंसी या डिजिटल वॉलेट के माध्यम से कर दिया जाता है। भुगतान की सुरक्षा के लिए एस्क्रो सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि काम पूरा होने पर व्यक्ति को उसका पैसा मिल जाए।

इस प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले काम कई बार बेहद अनोखे और दिलचस्प होते हैं। उदाहरण के लिए, वॉशिंगटन में एक एआई एजेंट ने एक व्यक्ति को प्रति घंटे 2700 रुपये देकर कबूतर गिनने का काम दिया। वहीं एक एआई, जो बैडमिंटन की रणनीति सीख रहा था, उसने प्रति घंटे 9000 रुपये देकर एक इंसान को अपना बैडमिंटन पार्टनर बनाया। टोरंटो के मिंजे कांग दुनिया के पहले व्यक्ति बने, जिन्हें एआई ने नौकरी दी। उनका काम केवल एक बोर्ड पकड़कर खड़ा होना था, जिस पर लिखा था- 'एआई ने मुझे यह बोर्ड पकड़ने के पैसे दिए हैं।' यह दृश्य केवल एक प्रयोग नहीं था, बल्कि भविष्य की एक झलक थी।

एआई द्वारा इंसानों को काम पर रखने की इस व्यवस्था का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि यह रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। खासतौर पर उन लोगों के लिए, जो फ्रीलांस या अंशकालिक काम करना चाहते हैं। अब केवल कंपनियां ही नहीं, बल्कि एआई एजेंट भी लोगों को काम दे सकते हैं। इससे रोजगार के स्रोत बढ़ सकते हैं।

यह मॉडल वैश्विक रोजगार के नए दरवाजे भी खोल सकता है। एक भारतीय युवा अमेरिका, यूरोप या किसी अन्य देश के एआई एजेंट के लिए काम कर सकता है, बिना उस देश में गए। इससे रोजगार का वैश्वीकरण और अधिक व्यापक हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए, जहां बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं, यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है।

एआई और इंसान का यह संयोजन उत्पादकता को कई गुना बढ़ा सकता है। एआई रणनीति और विश्लेषण कर सकता है, जबकि इंसान उसे वास्तविक दुनिया में लागू कर सकता है। इससे काम तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकता है। इस नए मॉडल के साथ कई गंभीर खतरे भी जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। यदि कोई एआई किसी व्यक्ति को खतरनाक काम दे और उसमें कोई दुर्घटना हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा? एआई की कोई कानूनी पहचान नहीं होती, इसलिए जवाबदेही तय करना मुश्किल हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## रहस्यमयी नींद

1871 की एक अजीब और रहस्यमय घटना है, 15 साल की एक लड़की एवेलिना कॉटन रात का खाना खाने के बाद सोने गई, लेकिन वह फिर कभी नहीं जागी।

डॉक्टरों ने उसकी जांच की। उसका दिल धड़क रहा था। उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन वह किसी भी चीज़ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी।


बीएन थॉट

ब्लॉगर


न दर्द पर। न आवाज़ पर। न छूने पर। ठंडा पानी डाला गया। तेज़ आवाज़ें की गई। यहां तक कि बिजली के झटके भी दिए गए, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया।

दिन बीत गए। फिर हफ्ते हफ्ते महीनों में बदल गए और महीने सालों में।

एवेलिना सोती ही रही। वह मरी नहीं थी। वह कोमा में भी नहीं थी। बस जैसे किसी गहरी रहस्यमयी नींद में खो गई थी।

उसकी मां ने उम्मीद नहीं छोड़ी। हर दिन वह एवेलिना के बाल संवारतीं। उसके कपड़े बदलतीं। उससे ऐसे बात करतीं, जैसे उसकी बेटी सब सुन रही हो।

फिर 9 साल बाद... एक सुबह अचानक एवेलिना ने अपनी आंखें खोल दीं। उसने चारों तरफ देखा और लगभग एक दशक बाद अपने पहले शब्द कहे, "सब लोग इतने बूढ़े क्यों लग रहे हैं?" वह लड़की अपनी नींद के बारे में किसी को कुछ भी नहीं बता सकी। न उसे यह ही पता था कि वह इतनी लंबी नींद सोई थी।

उसके लिए तो सिर्फ एक रात ही बीती थी लेकिन दुनिया में 9 साल गुजर चुके थे। आसपास काफी कुछ बदल चुका था। लड़की आसपास हुए बदलाव को लेकर काफी दिनों तक असहज और अचंभित रही।

डॉक्टरों ने इस पूरे मामले को समझने की काफी कोशिश की लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद आज तक इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने उस लड़की से भी काफी गहन पूछताछ की। लड़की के दिमाग को न कोई नुकसान हुआ था। न कोई बीमारी। डॉक्टरों ने इसे नाम दिया— 'लंबी कैटाटोनिक नींद'

एक नाम लेकिन कोई असली जवाब नहीं।

आज भी यह घटना मेडिकल इतिहास के सबसे रहस्यमय मामलों में से एक मानी जाती है।

यह घटना हमें बताती है कि कभी-कभी हमारा शरीर यहीं पर रह जाता है और समय हमारे बिना ही आगे बढ़ जाता है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## प्रशासनिक तंत्र पर जनता के मन में बढ़ता संदेह

हरियाणा के आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। जब जनता के सामने यह तथ्य आते हैं कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है। जमीन, प्लॉट, मकान, फार्महाउस या अन्य निवेश, तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में जिज्ञासा और सवाल दोनों पैदा होते हैं। यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जो जनता प्रशासन और शासन पर करती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कानून लागू करते हैं, अपराध पर नियंत्रण रखते हैं और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा करते हैं। ऐसे में जब उनकी आर्थिक स्थिति चर्चा का विषय बनती है, तो जनता यह समझना चाहती है कि यह संपत्ति किस प्रकार अर्जित हुई, क्या यह पूरी तरह वैधानिक है और क्या इस पर निगरानी की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है?




डॉ. प्रियंका सौरभ

लेखिका


संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। इससे शासन की पारदर्शिता बढ़ती है और नागरिकों को यह अधिकार मिलता है कि वे सत्ता से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत भी यही है कि सत्ता जनता से छिपी हुई नहीं होनी चाहिए। भारत में कई वर्षों से यह परंपरा रही है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण सरकार को देते हैं, लेकिन जब यह जानकारी सार्वजनिक होती है, तब उसका महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि तब समाज स्वयं भी उस पर नजर रख सकता है।

केवल आंकड़े सामने आ जाने से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली प्रश्न यह है कि क्या इन विवरणों की गंभीरता से जांच भी होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि घोषित संपत्ति वास्तविकता से मेल खाती है? क्या आय के स्रोत पूरी तरह स्पष्ट हैं? यदि यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाए तो पारदर्शिता का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। पारदर्शिता तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो।

सरकारी सेवाओं में काम करने वाले सभी अधिकारियों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। देश में अनेक ऐसे अधिकारी हैं, जिन्होंने ईमानदारी, सादगी और सेवा भावना की मिसाल कायम की है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। कई अधिकारी ऐसे भी हैं, जो वर्षों तक दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं, इसलिए किसी भी चर्चा को संतुलित दृष्टि से देखना आवश्यक है। कुछ मामलों के आधार पर पूरे तंत्र को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा।

दूसरी ओर यह भी सच है कि पिछले कुछ दशकों में प्रशासनिक तंत्र को लेकर जनता के मन में संदेह बढ़ा है। भ्रष्टाचार के कई मामलों ने लोगों का भरोसा कमजोर किया है। जब आम नागरिक रोजमर्रा के कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता है, रिश्वत की शिकायतें सुनता है या व्यवस्था की जटिलताओं से जूझता है, तो उसके मन में यह भावना पैदा होती है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। ऐसे माहौल में जब बड़े पैमाने पर संपत्तियों की खबर सामने आती है, तो संदेह और गहरा हो जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***

0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



पिछले दिनों लखनऊ स्थित 'लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल' द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से 'नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं' शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों को मिट्टी जैसे सहज और अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श-आधारित सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना था। कला शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी पहल केवल एक गतिविधि भर नहीं होती, बल्कि वे बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संवेदनात्मक जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनती है।




सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक


# कला शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना

# नई पीढ़ी के निर्माण की दिशा

## बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा



वास्तव में हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज कला प्रदर्शनी, कला कार्यशालाएं, लोककला शिविर, संगीत एवं नाट्य आयोजन जैसे कार्यक्रम अब केवल बड़े सांस्कृतिक केंद्रों अथवा केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि छोटे शहरों और जिलों में भी सक्रिय रूप से आयोजित हो रहे हैं। एक ओर शिक्षा संस्थान अब यह समझने लगे हैं कि कला शिक्षा बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर राज्य और केंद्र सरकार की सांस्कृतिक नीतियों ने भी इस दिशा में वातावरण तैयार किया है। उदाहरण के लिए बिहार में सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक पदाधिकारी की नियुक्ति की पहल ने स्थानीय स्तर पर कला-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति दी है। इन पदाधिकारियों की भूमिका केवल औपचारिक कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे स्थानीय कलाकारों, लोककलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों में लोक नृत्य, लोक संगीत, चित्रकला, शिल्प और नाट्यकला से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं। इससे जहां एक ओर स्थानीय कलाकारों व प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज के विभिन्न वर्गों में कला के प्रति रुचि और संवेदनशीलता का विकास भी हो रहा है।

## महापुरुषों का दृष्टिकोण

भारतीय संदर्भ में कला और संस्कृति को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इस संदर्भ में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का दृष्टिकोण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में निहित होती है। अपने लेखों और भाषणों में उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं- चाहे वे लोक कलाओं में हों या शास्त्रीय कलाओं में हमारी राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला हैं। उनका मानना था कि जब कोई समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाता है, तो उसकी राष्ट्रीय चेतना भी कमजोर पड़ जाती है।

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी कला और संस्कृति को राष्ट्र के बौद्धिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना। उन्होंने कहा था कि किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी कला, साहित्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। नेहरू के समय में ही अनेक राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना हुई, जिनका उद्देश्य भारतीय कला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार को सुनिश्चित करना था। इसी प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि भारतीय ग्राम्य जीवन में विकसित कला और शिल्प परंपराएं केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे समाज की आत्मनिर्भरता, श्रम-सम्मान और सांस्कृतिक स्वाभिमान की भी परिचायक हैं। इन विचारों के आलोक में देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कला शिक्षा केवल सौंदर्यबोध विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में संवेदनशीलता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का भी महत्वपूर्ण साधन है। यदि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही कला और संस्कृति से जोड़ा जाए, तो उनमें न केवल रचनात्मक सोच का विकास होता है, बल्कि वे अपने समाज और परंपराओं के प्रति भी अधिक जागरूक बनते हैं। इसी कारण आज यह आवश्यकता और भी अधिक महसूस की जा रही है कि प्राथमिक कक्षाओं से ही छात्रों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित की जाए। चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य और लोकशिल्प जैसी गतिविधियों को विद्यालयी शिक्षा के साथ समन्वित करने से बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति के विविध माध्यम मिलते हैं। इसके साथ-साथ वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि कोई भी राष्ट्र अपनी कला और संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए ही वैश्विक मंच पर सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करा सकता है।



ऐसे में विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों, स्थानीय समाज और सरकारों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वे कला शिक्षा को प्रोत्साहित करें और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करें। क्योंकि इस प्रयास में आयोजित छोटी-छोटी कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियां भविष्य में एक सशक्त सांस्कृतिक समाज की नींव तैयार करती हैं।

**अनोखी परंपरा**

# तोप की गूंज से मिलता सहरी का पैगाम



राजस्थान के अजमेर शहर में पवित्र रमजान माह के दौरान एक अनोखी और ऐतिहासिक परंपरा आज भी जीवित है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल अलार्म के इस दौर में भी यहां सदियों पुरानी एक परंपरा लोगों को सहरी के लिए जगाने का काम करती है। जैसे ही रात गहराती है और शहर शांत नींद में डूब जाता है, तभी बड़ी पीर पहाड़ी की ओर से एक तेज और गूंजदार धमाके की आवाज सुनाई देती है। यह कोई सामान्य आवाज नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक तोप का धमाका होता है, जो रोजेदारों को सहरी के समय का संकेत देता है। तोप की यह आवाज सुनते ही शहर के कई इलाकों में लोग जाग जाते हैं और सहरी की तैयारी में लग जाते हैं।

यह परंपरा अजमेर की विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह से जुड़ी हुई है। दरगाह परिसर के समीप स्थित बड़ी पीर पहाड़ी से रमजान के पूरे महीने हर रोज तोप दागी जाती है। इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है और यह आवाज रोजेदारों के लिए अलार्म का काम करती है। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को निभाने वाली शख्सियत हैं फौजिया खान, जिन्हें अजमेर में लोग स्नेहपूर्वक 'तोपची' के नाम से जानते हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि इसे निभाने का जिम्मा एक महिला के हाथों में है, जो इसे और भी विशिष्ट बना देता है। फौजिया खान बताती हैं कि रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और उसके बाद दिनभर रोजा रखते हैं, जो सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ खोला जाता है। सहरी का समय सीमित होता है, इसलिए लोगों को समय पर जगाने के लिए यह परंपरा शुरू की गई थी।

इतिहासकारों के अनुसार, तोप चलाने की यह परंपरा मुगल काल से चली आ रही है। उस समय घड़ियों और आधुनिक साधनों का अभाव था, इसलिए लोगों को समय का संकेत देने के लिए इस तरह के तरीके अपनाए जाते थे। अजमेर में यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जा रही है। दिलचस्प बात यह भी है कि अजमेर शरीफ दरगाह में होने वाली कई महत्वपूर्ण रस्मों की शुरुआत भी इसी तोप के धमाके से होती है। गरीब नवाज के उर्स के आगाज का संकेत भी इसी तोप की आवाज से दिया जाता है। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में यह परंपरा हर वर्ष सुरक्षित रूप से निभाई जाती है। रमजान के दौरान अजमेर की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती है।

**आर्ट गैलरी**

# हजारों साल पुरानी रॉक पेंटिंग



'उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मार्ग पर नगर से 14 किलोमीटर आगे पेटशाल गांव में नदी के किनारे स्थित है - लखुडियार। लखुडियार का शाब्दिक अर्थ है 'एक लाख (लख) गुफाएं (उडियार)। यह एक प्रागैतिहासिक शैलाश्रय (रॉक शेल्टर) है, जो शैल चित्रण के लिए प्रसिद्ध है। माना जाता है कि यह शैल चित्र लगभग 6000 वर्ष पुराने हैं और उस समय के आदिमानव द्वारा इन विशाल शिलाओं में बनाए गए थे। लखुडियार की खोज 1968 में डॉ .एमपी जोशी ने की थी। इस खोज के बाद अल्मोड़ा जिले के फड़कनौली, कलामाटी, मल्ला पनेली आदि स्थानों पर भी रॉक आश्रयों की खोज की गई। ये शैलाश्रय भौगोलिक दृष्टि से कालामाटी- दीनापानी पर्वत श्रृंखला की पूर्वी दिशा में लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में केंद्रित है। ये शैल चित्र उस समय के दैनिक जीवन, शिकार और सभ्यता को दर्शाते हैं। मुख्य सड़क से लगभग 25 मीटर अंदर सर्प के फन के समान आकृति की विशाल शिला में प्रागैतिहासिक मानव चित्रण कला का उत्कृष्ट अंकन मिलता है। चित्रों में अधिकांश मानव चित्रण के साथ साथ कहीं-कहीं पर पेड़ों तथा पशुओं की आकृति का चित्रण भी है। अलंकरण के लिए लहरदार रेखाओं और बिंदुओं का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। लहरदार रेखाओं को इतिहासकार नदी की लहरों के रूप में पहचानते हैं, तो कुछ इसे सर्प की आकृति बताते हैं।




दीपक नौगांई
लेखक


यहां पर छतनुमा चट्टान फर्श से बहुत आगे निकली हुई है। स्थल को देखकर लगता है कि अग्रभाग लगभग चार-पांच मीटर टूट चुका है। इस शिला में अधिकतर चित्र गहरे गेरुए रंग में बने हैं। कहीं-कहीं पर हल्के काले और सफेद रंग से बने चित्र भी दिखाई देते हैं। चित्रों की विषय वस्तु में मुख्यतः पंक्तिबद्ध मानव, पशु, वृक्ष, ज्यामितीय नमूने और आखेटीय चित्र हैं। मानव आकृतियां पंक्तिबद्ध में एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए चित्रित किए गए हैं। कहीं एक पंक्ति में दस तथा कहीं इससे कम मानव आकृतियां अंकित हैं। इसकी विशेषता यह है कि प्रथम मानव से अंतिम मानव एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए छोटे होते जा रहे हैं। शिला में ऐसे चित्रण भी हैं, जहां पंक्तिबद्ध मानव एक दूसरे का हाथ नहीं पकड़े हुए हैं। प्रथम दृश्य में ये मानव अपने हाथ में कोई वस्तु धारण किए हुए हैं। संभवत यह आखेट का चित्रण है। लखुडियार के चित्रों में मानव तथा वृक्षों के चित्र समान आकृति के प्रतीत होते हैं। किंतु मानव आकृतियों में स्पष्ट रूप से गर्दन सहित शीर्ष बनाया गया है। कहीं-कहीं मानव आकृतियों में सिर पर पीछे की ओर लंबे बालों के जुड़े अथवा चोटी बनाई गई है। संभवतः यह नारी की आकृति है। इन शैल चित्रों को देखकर लगता है कि तत्कालीन मानव ने अभिव्यक्ति के लिए भाषा से पहले कला का प्रयोग किया होगा। लखुडियार में प्राप्त शैल चित्रण से स्पष्ट है कि कुमाऊं क्षेत्र प्रागैतिहासिक काल से ही मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। पुरातत्व विभाग ने 1992 में लखुडियार को अपने सरंक्षण में तो ले लिया, पर इसे सुरक्षित और सहेजकर रखने के कोई इंतजाम नहीं किए है। मानवीय हस्तक्षेप तथा प्राकृतिक कारणों से अधिकांश चित्रण धूमिल हो गए हैं। यह स्थान इतिहासविद और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र है, जो हमें पाषाण युग की कलात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ता है। आज इस अद्भुत शैल चित्रण को संरक्षित और बचाने की जरूरत है।

**लोकायन**

# कलाबाजी, संगीत और आस्था का संगम

उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति में अनेक पारंपरिक नृत्य रूप शामिल हैं, जो यहां की आस्था, जीवनशैली और सामुदायिक उत्सवों को जीवंत बनाते हैं। इन्हीं में से एक है लांगवीर नृत्य, जो राज्य के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। अपनी अनोखी शैली और रोमांचक प्रस्तुति के कारण यह नृत्य दर्शकों के लिए बेहद आकर्षक और यादगार अनुभव बन जाता है।

लांगवीर नृत्य की सबसे खास बात यह है कि यह सामान्य लोक नृत्यों से अलग एक प्रकार का कलाबाजी प्रधान नृत्य है। इसे परंपरागत रूप से केवल पुरुष कलाकार ही प्रस्तुत करते हैं। इस नृत्य की शुरुआत एक लंबे और मजबूत बांस के खंभे को जमीन में गाड़कर की जाती है। इसके बाद नर्तक बड़ी फुर्ती और कौशल के साथ उस खंभे पर चढ़ता है और ऊपर पहुंचकर अपनी नाभि के सहारे संतुलन बनाते हुए खड़ा हो जाता है। नर्तक का यह संतुलन ही इस नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक विशेषता है। खंभे के ऊपर पहुंचने के बाद कलाकार धीरे-धीरे अपने शरीर को संतुलित करते हुए गोल-गोल घूमता है और हाथ-पैरों की सहायता से विभिन्न कलाबाजी के करतब दिखाता है। यह दृश्य दर्शकों को रोमांच से भर देता है और नर्तक की शारीरिक क्षमता तथा अभ्यास का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। नृत्य के दौरान नीचे खड़े संगीतकार ढोल और दमाना जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हैं। इन वाद्यों की ताल और लय के साथ नर्तक अपने करतबों को और भी प्रभावशाली बना देता है।

लांगवीर नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। लोकमान्यता के अनुसार इस नृत्य का उद्देश्य नाटक, संगीत और कलाबाजी के माध्यम से देवताओं का मनोरंजन करना और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। इसलिए इसे अक्सर मेलों, पर्व-त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। खंभे के ऊपर पेट के बल संतुलन बनाते हुए घूमते कलाकार को देखना दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव होता है। यही कारण है कि लांगवीर नृत्य उत्तराखंड सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।





# प्रकृति का सूक्ष्म संगीत और चैत्र

चैत्र और वसंत के संधिकाल में जब प्रकृति अपने नवजीवन की आभा से भर उठती है, तब आम के वृक्षों पर आने वाले बौर एक अद्भुत सौंदर्य और सुगंध का संसार रच देते हैं। यह दृश्य केवल एक वृक्ष के फूलने का नहीं, बल्कि पूरे परिवेश के जाग्रत होने का संकेत है। आम के बौर, जो सूक्ष्म और कोमल पुष्पों के गुच्छों के रूप में शाखाओं पर झूलते दिखाई देते हैं, प्रकृति के उस सूक्ष्म सौंदर्य का प्रतीक हैं, जिसे देखने के लिए संवेदनशील दृष्टि और अनुभवशील मन की आवश्यकता होती है। डालियों पर फैले छोटे-छोटे पुष्पों का यह गुच्छा किसी कलाकार की सूक्ष्म रचना जैसा प्रतीत होता है। प्रत्येक कली और फूल जीवन की उस संभावना का प्रतीक है, जो आगे चलकर मीठे और रसपूर्ण फलों का रूप लेती है। यही कारण है कि भारतीय ग्रामीण जीवन में आम के बौर को केवल एक वनस्पतिक घटना नहीं माना जाता, बल्कि इसे समृद्धि और आशा के आगमन का संकेत भी समझा जाता है। आम के वृक्षों पर जब बौर आते हैं, तब वातावरण में एक विशिष्ट प्रकार की मादक सुगंध फैल जाती है। यह सुगंध इतनी सूक्ष्म होती है कि वह हवा के साथ बहते हुए धीरे-धीरे मन के भीतर तक उतर जाती है। ग्रामीण अंचलों में यह समय विशेष उल्लास का होता है, क्योंकि आम के बौर आने का अर्थ है कि प्रकृति अपने अगले मधुर फल की तैयारी कर रही है। किसान और ग्रामीण जन इसे आने वाले फलों की पहली आहट के रूप में अनुभव करते हैं। छोटे-छोटे फूलों से भरी यह शाखाएं यह भी बताती है कि प्रकृति की महानता उसकी विराटता में ही नहीं, बल्कि उसकी सूक्ष्मता में भी छिपी हुई है। भारतीय काव्य और लोकपरंपरा में आम के बौर का विशेष महत्व रहा है। कवियों ने इसे प्रेम, सौंदर्य और नवजीवन के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है। लोकगीतों में भी बौराए आम का उल्लेख अक्सर मिलता है, जहां यह ऋतु के परिवर्तन और मन के उल्लास का संकेत बन जाता है। जब वसंत की बयार इन बौरों को हल्के से स्पर्श करती है, तब वे झूमते हुए मानो प्रकृति के संगीत पर थिरकने लगते हैं। इस प्रकार यह छोटा-सा बौर केवल एक फूलों का गुच्छा नहीं, बल्कि प्रकृति की उस चिरंतन प्रक्रिया का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष जीवन नए रूप में जन्म लेता है। यह हमें यह भी स्मरण कराता है कि हर नई शुरुआत पहले एक सूक्ष्म कली के रूप में ही जन्म लेती है और समय के साथ वह फलित होकर जीवन को मधुरता से भर देती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,205.98 | 24,261.60 |
| बढ़त | 639.82 | 233.55 |
| प्रतिशत में | 0.82 | 0.97 |

सोना 1,64,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,79,275 प्रति किलो


अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 11 मार्च 2026

www.amritvichar.com


# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### पांच साल में 36 नये मॉडल उतारेगा रेनो ग्रुप

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता रेनो ग्रुप ने अगले पांच साल में 36 नये मॉडल उतारने की घोषणा की है। कंपनी ने मंगलवार को एक नयी रणनीतिक योजना 'फ्यूचरेडी' की घोषणा की जिसके तहत साल 2030 तक 36 नये मॉडल बाजार में पेश करने की योजाना है। इनमें 16 इलेक्ट्रिक वाहन और 14 अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए बनाये गये वाहन होंगे। रेनो ग्रुप की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फ्यूचरेडी के साथ कंपनी मानक यूरोपीय कार निर्माता बनना चाहती है। यह चार स्तंभों – विकास, प्रौद्योगिकी, उत्कृष्टता और विश्वास – पर आधारित होगा। यूरोप के अलावा कंपनी भारत, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर भी फोकस कर रही है जो उसके प्रमुख बाजार हैं। कंपनी ने बताया कि उसका लक्ष्य 2030 तक 55 प्रतिशत वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

### एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़ी मौजूदा भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण लिया गया है। कंपनी का 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाला यह आईपीओ 16 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। यह आईपीओ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के नियमों के तहत लाया जा रहा है।

### गुजरात में उद्योगों को गैस आपूर्ति में 50% कटौती

**अहमदाबाद।** पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुजरात सरकार ने घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों को होने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तक कटौती कर दी है। गुजरात के ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने मंगलवार को विधानसभा सत्र से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी घर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी न हो। उन्होंने कहा कि गैस की घरेलू खपत को प्राथमिकता देने के लिए कुछ औद्योगिक उपयोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तथा उर्वरक और दूध प्रसंस्करण क्षेत्रों के लिए गैस आपूर्ति में लगभग 40 प्रतिशत कटौती की गई है।

### 22% बढ़ा जनवरी-फरवरी में चीन का निर्यात

**हांगकांग।** अमेरिका के साथ व्यापार में कमी आने के बावजूद चीन का निर्यात वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में सालाना आधार पर लगभग 22 प्रतिशत बढ़ गया। चीन के सीमा शुल्क प्रशासन की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी–फरवरी 2026 की अवधि में चीन का आयात लगभग 20 प्रतिशत बढ़ा, जबकि दिसंबर में यह वृद्धि 5.7 प्रतिशत थी। अमेरिका से चीन के आयात में सालाना आधार पर लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि इस अवधि में निर्यात में 22 प्रतिशत की वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से अधिक रही। यह दिसंबर में दर्ज 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से काफी ज्यादा है। अमेरिका के साथ तनाव के बावजूद चीन का निर्यात बढ़ना उसकी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माना जा रहा है।

## दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किये आसान

### केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले-मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को फोर लेन बनाने का प्रस्ताव भी मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एफडीआई, दिवाला-कंपनी कानून संशोधन और दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे के बदनावर–टिमरवानी खंड को चार लेन का करने के प्रस्ताव को मंजूरी समेत कई बड़े फैसले किये। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवाला कानून और कंपनी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी के संबंध में अभी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और कंपनी अधिनियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों को मंजूरी दे दी गयी है। इन दोनों कानूनों को कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय लागू करता है। पिछले साल अगस्त में मंत्रालय ने लोकसभा में आईबीसी में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था। इस विधेयक में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनका उद्देश्य दिवाला मामलों की प्रक्रिया को तेज करना और आवेदन स्वीकार करने में लगने वाले समय को कम करना है। इस विधेयक को लोकसभा की एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने दिसंबर, 2025 में अपनी रिपोर्ट भी दे दी है। पिछले महीने वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार बजट सत्र के दूसरे भाग में आईबीसी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने चाहती है।

इसके अलावा एक अन्य फैसले में सरकार ने सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि




सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया गया है। हालांकि, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा की मंत्रिमंडल द्वारा आज ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इकाई है जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से संबंधित मामलों को देखता है।

इस प्रेस नोट के तहत जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेने की जरूरत है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं।

भारत में अप्रैल, 2000 से दिसंबर, 2025 तक आये कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.32 प्रतिशत (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) है और वह 23वें स्थान पर है। जून, 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी थी। इसके बाद भारत ने टिक टॉक, वीचैट और अलीबाबा के यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, फिर भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को चार लेन का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस परियोजना की कुल लागत 3,839.42 करोड़ रुपये होगी और इसे सरकार और निजी कंपनियों की साझेदारी में पूरा किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने एनएच-752डी के बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी खंड के 80.45 किलोमीटर लंबे चार-लेन गलियारे के विकास को मंजूरी दी है। परियोजना का निर्माण कार्य 24 महीने में पूरा होगा।

## अखबारी कागज की गुणवत्ता, मानकों पर आईएनएस चिंतित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को घरेलू अखबारी कागज की गुणवत्ता और मानकों को लेकर चिंता व्यक्त की है। सोसाइटी ने कहा कि जब तक देश में अखबारी कागज के उत्पादन की क्षमता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक भारत में अख़बारों के समय पर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए कागज के आयात की जरूरत बनी रहेगी। आईएनएस के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 123 अखबारी कागज मिलें हैं, जिनकी स्थापित क्षमता लगभग 22 लाख टन प्रति वर्ष है। लेकिन वास्तविक उत्पादन आंकड़े इस दावे से काफी कम हैं, जिससे घरेलू उपलब्धता पर्याप्त नहीं दिखाई देती।

## सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला

### निफ्टी भी 233.55 चढ़ा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध खत्म होने संबंधी बयान का असर

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौट आयी। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.82 अंक (0.82 फीसदी) चढ़कर 78,205.98 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत ऊपर 24,261.60 अंक पर बंद हुआ। बीती 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में दोनों प्रमुख सूचकांक 5.7 प्रतिशत टूट गये थे। इस दौरान सिर्फ एक दिन बाजार में तेजी रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने संबंधी बयान के बाद वैश्विक स्तर पर सभी शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी। घरेलू शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक



1.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी और तेल एवं गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, रियलिटी, फार्मा, धातु, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली ज्यादा रही। एनएसई में कुल 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,544 के शेयर हरे और 673 के लाल निशान में रहे। अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर 3.46 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.30 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 2.73, मारुति सुजुकी में 2.71, एशियन पेंट्स में 2.70, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.42, टाटा स्टील में 2.09 और एक्सिस बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.48 प्रतिशत, टाइटन का 1.47, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.41, बीईएल का 1.29, भारतीय स्टेट बैंक का 1.24, एचडीएफसी बैंक का 1.18 और पावरग्रिड का 1.08 प्रतिशत चढ़ गया।

आईटीसी, एलएंडटी, ट्रेंट और सनफार्मा के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 1.50 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.43 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.08 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.88 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 2.17 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 फीसदी की मजबूती में बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स फिलहाल 2.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.56 प्रतिशत ऊपर है।

### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड 4.89 प्रतिशत उतरकर 90.3 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। इससे पहले सोमवार को कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी देखी गयी थी और एक समय यह 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। अमेरिका और इजरायल द्वारा 28 फरवरी को एक संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान पर किये गये हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। ईरान पर हमले और उसकी जवाबी प्रतिक्रिया के कारण पश्चिमी एशिया में इन दोनों गंभीर भू राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं।

## अवसरवादी एवं अनुचित मूल्य निर्धारण से बचें जहाजरानी कंपनियां

**मुंबई, एजेंसी**

- नौवहन महानिदेशालय ने कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को दी सलाह

पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि जहाजरानी कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा।

यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की शिकायतें मिली थीं।

डीजीएस के अनुसार, जहाजरानी कंपनियों, मालवाहकों और उनके एजेंटों द्वारा लगाए जा रहे कई सहायक शुल्क अपारदर्शी और अवसरवादी प्रकृति के माने जा रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक श्रृंखला में लेनदेन की लागत बढ़ जा रही है। नियामक ने कहा कि ये शुल्क मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने के तरीके लग रहे हैं।

डीजीएस ने परामर्श में कहा कि कंपनियों को निष्पक्ष व्यापार व्यवहार का पालन करना चाहिए और ऐसे शुल्क लगाने से बचना चाहिए जिससे आयात-निर्यात व्यापार में विवाद की स्थिति पैदा हो सकती हो।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हो गया है। इस वजह से जहाजों के लिए माल लेकर आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है।

## बंदरगाह में फंसे एशिया जाने वाले कंटेनर को मिलेगी शुल्क में छूट

**मुंबई, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीए) के कंटेनर टर्मिनल संचालक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न बाधाओं के मद्देनजर बंदरगाह पर फंसे पश्चिम एशिया जाने वाले कंटेनर पर 15 दिन तक के लिए 'ग्राउंड रेंट' और 'ड्वेल टाइम' शुल्क में शत-प्रतिशत छूट देंगे। जेएनपीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह की सीमा के भीतर कंटेनर रखने के लिए वसूला जाने वाला किराया ''ग्राउंड रेंट'' कहलाता है, जबकि कंटेनर के बंदरगाह पर पहुंचने से लेकर वहां से रवाना होने तक के कुल समय को 'ड्वेल टाइम' कहा जाता है। यह बंदरगाह पर माल के ठहराव और भंडारण पर लगने वाला शुल्क है।

इसके अतिरिक्त, जेएनपीए ने हितधारकों को सूचित किया कि जल्दी खराब होने वाले सामान के लिए इस्तेमाल होने वाले 'रीफर' (प्रशीतित/ठंडे) कंटेनर को बिजली आपूर्ति के लिए लगने वाले 'रीफर प्लग-इन' शुल्क में भी 15 दिन तक 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह राहत उन कंटेनर पर लागू होगी जो 28 फरवरी से बंदरगाह के भीतर थे या आठ मार्च को सुबह सात बजे तक वहां पहुंच चुके थे।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निपटाये धोखाधड़ी के 645 करोड़ के दावे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि चंडीगढ़ की एक शाखा में सामने आए धोखाधड़ी मामले से जुड़े दावों का निपटान 645 करोड़ रुपये में कर दिया गया है। बैंक ने पिछले महीने बताया था कि चंडीगढ़ स्थित उसकी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ खातों से जुड़े मामलों में कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। बैंक ने शेयर बाजार को दी नवीनतम सूचना में कहा कि पहले इस राशि का आकार 590 करोड़ रुपये रहने का अनुमान था लेकिन बाद में मिले दावों के आधार पर 645 करोड़ रुपये की मूल राशि का भुगतान किया गया है।

## काम बंद करने को मजबूर हो सकते हैं होटल-रेस्तरां

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी समस्याएं सामने आ रही हैं।

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची में संशोधन किया है और एलपीजी उत्पादन को सीएनजी और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के साथ शीर्ष पर रखा है। इससे बाजार मूल्य पर वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल और रेस्तरां के लिए आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) के प्रवक्ता शेट्टी ने कहा कि बीते एक सप्ताह में वाणिज्यिक एलपीजी की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है और सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। कहा कि हमें मुंबई, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर जैसे शहरों से भी गंभीर किल्लत की खबरें मिल रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह की समस्याएं हैं।

अगर अगले दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरती है तो मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत होटल एवं रेस्तरां को अपने पास उपलब्ध गैस सिलेंडरों के मौजूदा भंडार के आधार पर अस्थायी रूप से संचालन बंद करने को मजबूर होना पड़ सकता है।

### पेट्रोलियम मंत्री से वाणिज्यिक सिलेंडर पर हस्तक्षेप की मांग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में कमी को लेकर ओडिशा होटल एवं रेस्तरां संघ (एचआरएओ) ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से हस्तक्षेप कर एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। एचआरएओ ने पुरी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में व्यवधान से आतिथ्य उद्योग के संचालन में गंभीर कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि होटल और रेस्तरां अपने रोजमर्रा के रसोई संचालन के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की निरंतर आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भर हैं।

अच्छी खबर | रोजगार परिदृश्य रिकॉर्ड स्तर पर

## अप्रैल-जून तिमाही में नियुक्तियां बढ़ने की उम्मीद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर भारतीय नियोक्ताओं ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों के इरादे में मजबूती दर्ज की है। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, साल 2026 की दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। यह पिछली तिमाही से 17 अंक और पिछले साल की समान तिमाही से 24 अंक अधिक है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि ये आंकड़ा दोहरी



वास्तविकता पेश करता है। एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है। लगभग 82 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जरूरत के अनुसार कौशल वाले लोग ढूंढने में कठिनाई की बात कही है।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में भारत में 'वित्त और बीमा' क्षेत्र 71 प्रतिशत के रोजगार परिदृश्य के साथ सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। इसके बाद संख्या के आधार पर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होने का अनुमान है।

देश के चारों क्षेत्रों के संगठनों ने आगामी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि का अनुमान जताया है। उत्तर भारत 70 के एनईओ के साथ सबसे आगे है, जबकि आतिथ्य क्षेत्र (31 प्रतिशत) ने इस तिमाही में नियुक्तियों के प्रति सबसे सतर्क रुख (यानी सबसे कम भर्तियां करने) के संकेत दिए हैं।

सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि लगभग 87 प्रतिशत संगठन नियुक्तियों और प्रशिक्षण के लिए पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, 40 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि एआई का सबसे अधिक लाभ प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में मिल रहा है।

## 25,978 करोड़ हुआ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में फरवरी के दौरान शुद्ध निवेश आठ प्रतिशत बढ़कर 25,978 करोड़ रुपये हो गया। उद्योग संगठन एम्फी ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

इस निवेश के साथ ही म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) फरवरी महीने में बढ़कर 82 लाख करोड़ रुपये हो गईं। जनवरी में इसका एयूएम 81 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेंकट एन चलसानी ने कहा कि इक्विटी योजनाओं में सकारात्मक प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनने के कारण बढ़े निवेशक भरोसे का नतीजा हो सकता है।

## सरकार ने उर्वरक संयंत्रों को कम से कम 70% प्राकृतिक गैस आपूर्ति की गारंटी दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए ''प्राथमिकता क्षेत्र-2'' में रखा गया है। इस कदम से उन्हें उनकी औसत प्राकृतिक गैस खपत का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा मिलने की गारंटी मिलती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मिट्टी के लिए ज़रूरी पोषक तत्वों का घरेलू उत्पादन, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति में आने वाली रुकावटों से प्रभावित न हो।

उर्वरक मंत्रालय ने नौ मार्च को प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश-2026 में इस फैसले को अधिसूचित करते हुए बताया कि यह



औसत, पिछले छह महीनों की खपत के आधार पर निकाला जाएगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस उपाय का मकसद उर्वरक उत्पादन को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली रुकावटों, खासकर पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों से बचाना है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यह चिंता जताई जा रही है कि पश्चिम एशिया में राजनीतिक अस्थिरता के कारण एलएनजी की खेप की आवाजाही बाधित हो सकती है और खरीफ की बुवाई के अहम मौसम से ठीक पहले उर्वरक उत्पादन पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।

मंगलवार को उर्वरक विभाग में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में सभी उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में उन्होंने अपनी तैयारियों की स्थिति से अवगत कराया और सामने आ रही चुनौतियों को भी रेखांकित किया। बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### केन्या : दो बाइक की टक्कर के बाद भीड़ पर चढ़ा ट्रक, 14 की मौत

**वेबुये।** केन्या के वेबुये-किटाले राजमार्ग पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस हादसे में दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जब आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए जमा हुए, तभी एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया। ट्रक की चपेट में आने से 10 लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में चार घायलों की मृत्यु हो गई। 16 घायलों का उपचार चल रहा है, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### हिंसा के बाद मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स में सेना तैनात की गई

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में सेना तैनात कर दी गई है, जहां दो गुटों के बीच झड़प होने के बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में दो लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के दौरान तनाव के बीच हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, 'नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर पश्चिम गारो हिल्स में सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं और वे फ्लैग मार्च कर रही हैं।' हालांकि, उन्होंने इस बारे में नहीं बताया कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए कितने सैन्यकर्मी तैनात किए गए हैं।

### पासपोर्ट कार्यालयों और डाकघरों को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद राजस्थान के कई शहरों में पासपोर्ट कार्यालयों, पासपोर्ट सेवा केंद्रों और डाकघरों की मंगलवार को गहन जांच की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पासपोर्ट कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत जयपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद प्रोटोकॉल के अनुसार जांच की गई। जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और पासपोर्ट सेवा केंद्र, डाकघर परिसर में संचालित पासपोर्ट कार्यालयों व सेवा केंद्रों को खाली कराया गया और जांच की गई। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने बताया, कार्यालयों में प्रवेश तुरंत रोककर लोगों को बाहर निकाल दिया गया।

# कनाडा के स्कूल में गोलीबारी मामले में ओपनएआई पर केस

- घायल छात्रा के परिवार ने चैटबॉट पर लगाया साजिश के बारे में पहले से पता होने का आरोप

**वैंकूवर।** कनाडा में स्कूल में हुई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल एक छात्रा के माता-पिता ने सोमवार को दायर दीवानी मुकदमे में आरोप लगाया कि चैटबॉट बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को पहले से पता था कि हमलावर सामूहिक हमले की योजना बना रहा था।

मुकदमे के अनुसार, कंपनी के एआई आधारित संवाद प्रोग्राम चैटजीपीटी का उपयोग हमलावर ने हमले की योजना बनाने के लिए किया था। ओपनएआई ने कहा है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। बाद में 10 फरवरी को ब्रिटिश कोलंबिया के टम्ब्लर रिज में हुई गोलीबारी के बाद उसने पुलिस से संपर्क किया। इस हमले में हमलावर जेस वान रूस्टसेलार ने आठ लोगों की हत्या करने के बाद स्वयं भी जान दे दी थी। कंपनी के अनुसार हमलावर का चैटजीपीटी खाता बंद कर दिया गया था, लेकिन उसने दूसरा खाता बनाकर प्रतिबंध से बचने की कोशिश की।

ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंपनी को इस बात की विशिष्ट जानकारी थी कि हमलावर टम्बलर रिज जैसी बड़ी जनहानि वाली घटना की योजना बनाने के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा था।

# तेल संकट की आहट

## ऊर्जा खपत कम करने में जुटे देश

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में भारी उथल-पुथल है। कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, हालांकि ताजा घटनाक्रम और अमेरिकी बयानों के बाद बाजार में कुछ स्थिरता के संकेत मिले हैं। 9 मार्च को ब्रेंट क्रूड की कीमतें 119 .50 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर तक पहुंच गई थीं जो 10 मार्च को 90 डॉलर के आसपास आ गईं। इसके बाद भी ईरान द्वारा महत्वपूर्ण जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनियों के कारण अनिश्चितता छायी हुई है और दुनिया की 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति और एलएनजी पर खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट बढ़ने की आशंकाओं से घिरे दुनिया भर के देशों ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू अपनी ऊर्जा खपत को कम करना है।



### उत्पादन-आपूर्ति पर असर

- युद्ध के बीच हॉर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी से कई खाड़ी देशों की तेल आपूर्ति और उत्पादन पर गंभीर असर पड़ा है।
- अपने तेल ढांचों पर हमलों की संभावना को देखते हुए प्रमुख तेल उत्पादक देश ईरान का निर्यात काफी हद तक बाधित है।
- कुवैत और इराक ने अपने उत्पादन में कटौती की है, क्योंकि उनके पास तेल को स्टोर करने की जगह भी खत्म हो रही है।
- दुनिया में एलएनजी के प्रमुख निर्यातक कतर की आपूर्ति पर हॉर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से लगभग रोक लग गई है।
- सऊदी अरब ने लाल सागर के रास्ते पाइपलाइनों से तेल आपूर्ति शुरू की है, मगर निर्यात क्षमता में बड़ी गिरावट आई है।

### ओपेक का रुख

- ओपेक देशों ने अनिश्चितता देखते हुए उत्पादन में वृद्धि नहीं की है, जिसके कारण आपूर्ति की कमी बनी हुई है।

### पूरी दुनिया में चिंता

- अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों के साथ दुनिया के प्रमुख देश ऊर्जा संरक्षण के लिए सख्त और रणनीतिक उपाय लागू कर रहे हैं।
- अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों ने अपने आपातकालीन तेल भंडार से लाखों बैरल तेल बाजार में जारी किया है।
- संकट ने सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए मजबूर किया है ताकि तेल निर्भरता को कम किया जा सके।

### इन देशों में कड़े कदम

- पाकिस्तान में चारदिवसीय कार्य सप्ताह, स्कूल दो सप्ताह के लिए बंद, सरकारी कर्मचारियों के ईंधन भत्ते में 50% कटौती।
- थाईलैंड में सिविल सेवकों को वर्क फ्रॉम होम, लिफ्ट बंद, कार्यालयों में एसी का तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस निर्धारित।
- वियतनाम में निजी कंपनियों को कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम कराने का निर्देश, ईंधन पर आयात शुल्क हटाने की योजना।
- बांग्लादेश सरकार की ओर से बिजली की खपत कम करने के लिए विश्वविद्यालयों में समय से पहले घोषित की गईं छुट्टियां।

### ये भी उपाय

- कई देशों ने निजी वाहनों का उपयोग कम कर सार्वजनिक परिवहन मुफ्त कर दिया है। संडे को कार फ्री घोषित कर रात में लाइटिंग को जल्दी बंद किया जा रहा है।

### भारत की पहल

- भारत सरकार ने सरकार ने नेचुरल गैस (सप्लाई रेगुलेशन) ऑर्डर, 2026 लागू किया है।
- इसके तहत सबसे पहले घरेलू पीएनजी, सीएनजी, उर्वरक उत्पादन को गैस दी जा रही है।
- बड़े रेस्टोरेंट जैसे गैरजरूरी उद्योगों और व्यवसायों के लिए आपूर्ति में कटौती की गई है।
- एलपीजी की जमाखोरी रोकने को रिफिल बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन।

# कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की मंजूरी बिना कोई कदम न उठाए आयोग

## सुप्रीम आदेश- निर्वाचन आयोग नहीं करेगा न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उसकी ओर से कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के बिना ऐसा कोई अनिवार्य कदम न उठाया जाए, जिससे पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया बाधित हो। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग के साथ राज्य सरकार को भी निर्देश दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में न्यायिक अधिकारियों को हर तरह की सहायता प्रदान की जाए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आयोग के पोर्टल में तकनीकी व्यवधानों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी कोई बाधा न उत्पन्न हो। पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए नई लॉगिन आईडी शीघ्र बनाई जाएं, ताकि मतदाता सूचियों में संशोधन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके। पीठ ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा निर्वाचन आयोग के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जैसे ही मुख्य न्यायाधीश पूरक सूचियों के प्रकाशन के संबंध में उचित सिफारिश करेंगे, चुनाव आयोग को उस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पीठ ने कहा, न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से नाम हटाने के 10.16 लाख दावों-आपत्तियों पर सुनवाई की है।



### अपीलीय निकाय बनाने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश

शीर्ष अदालत ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपीलों पर सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पीठ गठित कर सकते हैं तथा निर्वाचन आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों के फैसलों के खिलाफ अपीलों पर सुनवाई के लिए एक अपीलीय निकाय गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। पीठ राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

### आईटी नियमों को रद्द करने संबंधी बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र की याचिका पर विचार करने पर सहमति

**फैसले पर रोक लगाने से इन्कार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री को विनियमित करने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में सरकार द्वारा 2023 में किए गए संशोधनों को रद्द करने संबंधी मुंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर विचार करेगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि 2024 के मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें न केवल संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को रद्द कर दिया गया था बल्कि उन्हें 'असंवैधानिक' भी करार दिया गया था। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स सहित मूल याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए सीजेआई ने कहा कि बेहतर होगा कि इस पूरे मामले का अंतिम निर्णय आ जाए।

### सोशल मीडिया पोस्ट विवाद: नेहा सिंह को अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के कारण दर्ज मामले में मंगलवार को लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि राठौर संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश हो चुकी हैं और अपने बयान दर्ज करा चुकी हैं। इसके बाद पीठ ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत ने उन्हें जांच में सहयोग जारी रखने का निर्देश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले साल पांच दिसंबर को राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# अफगानिस्तान पर हवाई हमले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन

**नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



- भारत ने संयुक्त राष्ट्र में की पाकिस्तान के हमलों की निंदा

भारत ने अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए हवाई हमलों की संयुक्त राष्ट्र में कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार संघर्षों के बीच भारत ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का घोर उल्लंघन करार दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने महासचिव की रिपोर्ट में उजागर की गई उन चिंताओं का उल्लेख किया, जो सीमा पार हिंसा के कारण हताहत होने वाले नागरिकों से जुड़ी हैं। हरीश ने कहा, महासचिव की रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा के कारण नागरिकों के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। हम महासचिव के उस आह्वान का समर्थन करते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के क्षेत्र पर हुए हवाई हमलों की भारत कड़ी निंदा करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई। हरीश ने गंभीर चिंता जताते हुए व्यापार के लिए रास्ता रोकने और चारों तरफ जमीन से घिरे देश की पहुंच को जानबूझकर बंद कर व्यापार और पारगमन आतंकवाद के अभ्यास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयों के सामने भू-आबद्ध विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणाएं खोखली लगती हैं। इन देशों की व्यापारिक और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

# राजौरी में पाकिस्तानी आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया।

भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि खुफिया एजेंसियों से मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे लाइन ऑफ कंट्रोल पर नौशेरा सेक्टर में झंगर क्षेत्र में दो आतंकवादियों की गतिविधि देखी गई। इसके बाद सतर्क सैनिकों ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया।

मुठभेड़ के दौरान पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी को मार गिराया गया और नियंत्रण रेखा की सुरक्षा में किसी भी तरह की सेंध नहीं लगने दी गई। सेना के अनुसार दूसरे आतंकी की तलाश के लिए इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इसके लिए जमीनी और हवाई निगरानी को भी बढ़ाया गया है।

# विश्व व्यवस्था पुनर्निर्माण में रही है भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**



- प्रिटोरिया में उद्योग जगत और शिक्षाविदों की बैठक में बोले दक्षिण अफ्रीका के मंत्री

दक्षिण अफ्रीका के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के उप मंत्री जुको गोडलिम्पी ने प्रिटोरिया में उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों और नीतिनिर्माताओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था पुनर्निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जो अब पतन के कगार पर है।

गोडलिम्पी ने भारतीय उच्चायोग और 'सीआईआई-इंडिया बिजनेस फोरम' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दूसरे वार्षिक भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के दो वर्ष बाद स्वतंत्र भारत का जन्म उस वैश्विक व्यापार प्रणाली के ढांचे के बीच हुआ, जिसे पश्चिमी देशों ने तैयार किया था। उन्होंने कहा, प्रमुख शक्तियों की ओर से आकार दी जा रही दुनिया में भारत उभरता हुआ लोकतंत्र है। भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक एक प्रमुख वैश्विक शक्ति बनने की उसकी योजनाओं पर मंत्री ने कहा कि भारत अब एक अलग और खास स्थिति में है। उन्होंने कहा, भारत खुद को ऐसी स्थिति में पाएगा, जहां वह सिर्फ मौजूदा वैश्विक व्यवस्था पर चलने के बजाय एक नई वैश्विक व्यवस्था के सह-निर्माता की भूमिका निभाने का दायित्व भी संभालेगा। उन्होंने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की उस व्यवस्था में भारत एक सहायक भागीदार के रूप में उभरा था।

# चीन ने विकसित किया मॉलिक्यूलर ब्रिज ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता

- शरीर में कैंसर की छिपी हुई कोशिकाओं को भी नष्ट करने में होगा सक्षम

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा 'मॉलिक्यूलर ब्रिज' (आणविक सेतु) बनाया है, जो कैंसर कोशिकाओं के छिपने की स्थिति में भी उन्हें नष्ट करने में सक्षम है।

प्रतिष्ठित जर्नल 'सेल' के नवीनतम अंक में प्रकाशित यह शोध भविष्य में कैंसर उपचार की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। चीनी विज्ञान अकादमी के इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोसेस इंजीनियरिंग की शोध टीम ने पारंपरिक 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में सुधार करते हुए नया 'हेल्पर मॉलिक्यूल' विकसित किया है, जिसे 'फेस' नाम दिया गया है। सामान्यतः 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में मरीज की टी-कोशिकाओं (इम्यून सेल्स) को लैब में संशोधित कर कैंसर से लड़ने के लिए तैयार किया जाता है। हालांकि, कई मामलों में कैंसर कोशिकाएं अपनी सतह से उन निशानों (मार्करों) को हटा देती हैं जिन्हें टी-कोशिकाएं पहचानती हैं। इससे कैंसर कोशिकाएं अदृश्य हो जाती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया : बिजली की खपत कम करने के लिए प्रकाश की गति वाला एआई चिप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने एक अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट एआई चिप तैयार की है, जो प्रकाश की शक्ति का उपयोग कर प्रकाश की गति से गणना करने में सक्षम है। यह तकनीक एआई कंप्यूटिंग में होने वाली भारी बिजली की खपत को काफी हद तक कम कर सकती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के सिडनी नैनो हब में विकसित यह प्रोटोटाइप पारंपरिक कंप्यूटर चिप्स में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनों के बजाय फोटोन का उपयोग करता है। विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पारंपरिक चिप्स बिजली पर निर्भर होते हैं, जबकि यह नई तकनीक प्रकाश पर आधारित है।

# मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमोल पालेकर को



**नई दिल्ली।** जाने-माने वरिष्ठ अभिनेता अमोल पालेकर को यहां 'महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स' के 21वें संस्करण में 'मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार भारतीय रंगमंच और सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाएगा।

पुरस्कार के आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। मेटा (महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स) द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा गया है, कई दशकों के करियर में, पालेकर को उनकी खास कलात्मक आवाज, रंगमंच और स्क्रीन पर कहानी को अलग अंदाज में कहने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। एक अभिनेता, निदेशक और रचनात्मक दूरदृष्टा के तौर पर उनके काम ने आज के भारतीय मनोरंजन परिवेश पर गहरी छाप छोड़ी है। अपने 'साधारण युवक' वाले किरदार के लिए जाने जाने वाले पालेकर 1970 के दशक में 'छोटी सी बात', 'चितचोर', 'बातों बातों में' और 'गोलमाल' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आज नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में सीनियर आपको प्रोत्साहित करते रहेंगे। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास न करें। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**कर्क** — आज जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से सलाह लेंगे।

**सिंह** — आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए बहुत अच्छा है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**कन्या** — आज आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं।

**तुला** — आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है।

**धनु** — आज सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। पुराना कर्ज उतार सकते हैं। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**मकर** — आज घरेलू खर्च बढ़ने के योग बन रहे हैं। अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**कुंभ** — आज नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मीन** — आज का दिन नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। छात्रों को नया सीखने को मिलेगा।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 12 मार्च 04.19 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- ज्येष्ठा 22.00 तक तत्पश्चात मूल।

### सुडोकू - 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

### सुडोकू -85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

**नई सरकार की तैयारी** — आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना जारी, देर रात तक पूरी होने की उम्मीद

# आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा किया पार

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं। इसके अलावा सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना अभी जारी है और इसके मंगलवार देर रात तक समाप्त होने की उम्मीद है। पीआर प्रणाली के तहत अब तक आरएसपी को 49,74,957 वोट मिले हैं। नेपाली कांग्रेस को 16,85,722, सीपीएन-यूएमएल को 14,02,157, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 7,63,633, श्रम संस्कृति पार्टी को 3,50,809 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,23,744 वोट मिले हैं।

रुझानों के आधार पर आरएसपी को आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत 50 और सीट मिलने की संभावना है। ऐसे में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी सीटें 175 तक पहुंच सकती है और पार्टी संविधान के तहत बहुमत की सरकार बनाने के योग्य होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत अंतिम परिणाम घोषित करने और उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से सीट आवंटित करने में अभी कुछ और दिन लगेंगे।

### विकास केंद्रित कूटनीति से भारत से संबंधों की उम्मीद: लामिछाने

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें विकास केंद्रित कूटनीति के माध्यम से भारत-नेपाल संबंधों के मजबूत होने की आशा है। लामिछाने ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आरएसपी और हमारी सरकार आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी, जिसमें आरएसपी 'विकास केंद्रित कूटनीति' को प्राथमिकता देगी। कहा, हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी की आशा करते हैं जो संपर्क, सांस्कृतिक पर्यटन, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग के जरिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचे और दोनों देशों के लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करे।

# एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'समाज की खोजः भारत और उससे आगे' के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

